वर्ष- 11 अंक-328
लखनऊ, गुरुवार 18 जुलाई 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



जल्द दूर होंगी संविदा कर्मियों की समस्या : ब्रजेश पाठक 03

ओबीसी-मराठा विवाद के लिए सत्तापक्ष के नेता जिम्मेदार : शरद पवार 12

### मुख्यमंत्री योगी ने आगामी उप चुनावों को लेकर कैबिनेट मंत्रियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

# कार्यकर्ताओं के साथ जुड़ें सभी प्रभारी मंत्री

**▸ बैठक में दोनों उप मुख्यमंत्री नहीं हुए शामिल**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ में अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ बैठक बुलाई। जानकारी के मुताबिक, बैठक में सीएम ने सभी को आगामी उपचुनावों के लिए तैयारी करने का निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सभी मंत्रियों को अपने-अपने जिम्मेदारी वाले क्षेत्रों में सप्ताह में दो रातें बिताने का निर्देश दिया।

दावा किया जा रहा है कि कैबिनेट की इस बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक शामिल नहीं थे। बैठक के दौरान, सीएम योगी ने ईमानदार और जीतने योग्य उम्मीदवारों के चयन पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सिफारिशों के माध्यम से टिकट सुरक्षित करने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता नहीं दी जानी चाहिए। आगामी 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर योगी ने सभी प्रभारी मंत्रियों के साथ बैठक की और हर क्षेत्र की स्थितियों की अलग-अलग समीक्षा की। सीएम ने सभी को चुनाव खत्म होने तक सप्ताह में दो रातें अपने-अपने क्षेत्र में बिताने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने बूथों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए सभी प्रभारी मंत्रियों को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जुड़ने का निर्देश दिया। बैठक में आगामी उपचुनाव वाले निर्वाचन क्षेत्रों की जनसांख्यिकीय संरचना के संबंध में भी चर्चा की गई। जानकारी के मुताबिक, मंत्रियों ने विधानसभा में मुस्लिम बहुलता वाले निर्वाचन क्षेत्रों में मुस्लिम उम्मीदवारों के चुनाव लड़ने की संभावना और विपक्षी दलों के संभावित उम्मीदवारों पर चर्चा की। वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य और इन क्षेत्रों में विपक्षी गठबंधन के प्रभाव पर भी विचार-विमर्श किया गया। राज्य मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा, ÷बैठक 7में विकास परियोजनाओं, बाढ़ की स्थिति आदि पर चर्चा हुई। सभी 10 सीटों के लिए आगामी उपचुनावों पर भी विचार-विमर्श हुआ।



### मेडिकल कॉलेज के संविदा शिक्षकों का बढ़ेगा मानदेय

**लखनऊ।** मेडिकल कॉलेजों में संविदा पर कार्यरत चिकित्सा शिक्षकों का फ़ायदा होगा है। प्रदेश सरकार ने उनके मानदेय में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उनके मानदेय में बढ़ोतरी का यह प्रस्ताव मंगलवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के लिए भेजे गए प्रस्तावों में शामिल था, जिसे मंजूरी मिल गई। 2019 के बाद चिकित्सा शिक्षकों के मानदेय में बढ़ोतरी होगी। असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर तीनों श्रेणियों में मानदेय बढ़ाया गया है।योगी सरकार प्रदेश में एक जिला-एक मेडिकल कॉलेज की मुहिम चला रही है। इसी क्रम में प्रदेश में नये मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं। मेडिकल कॉलेजों में चिकित्सा शिक्षकों की खासी कमी है। इसका सीधा असर मरीजों के इलाज से लेकर मेडिकल छात्रों की शिक्षा पर पड़ रहा है। यही नहीं स्टाफके अधूरे मानकों के चलते एनएमसी ने प्रदेश के 13 नये सरकारी मेडिकल कॉलेजों को अभी मान्यता भी नहीं दी है। इस फैसले के खिलाफइन मेडिकल कॉलेजों द्वारा एनएमसी में अपील दाखिल की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से बात भी की थी। दूरस्थ मेडिकल कॉलेजों में कम मानदेय के कारण चिकित्सा शिक्षक नहीं मिल रहे। जो काम कर रहे हैं, वो भी लगातार मानदेय बढ़ाए जाने की मांग करते रहे हैं। प्रदेश सरकार ने उनकी इस मांग को पूरा कर दिया है। मेडिकल कॉलेज में संविदा पर काम कर रहे असिस्टेंट प्रोफेसर को 90 हजार, एसोसिएट प्रोफेसर को 1 लाख 20 हजार और प्रोफेसर के लिए 1 लाख 35 हजार रुपये मानदेय मिल रहा है। मानदेय बढ़ाए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिली है। अब असिस्टेंट प्रोफेसर को 90 हजार की जगह 1.20 लाख, एसोसिएट प्रोफेसर को 1.20 लाख की जगह अब 1.60 लाख और प्रोफेसर को 1.35 लाख की जगह अब 2.20 लाख रुपये प्रतिमाह मानदेय के रूप में मिलेंगे। जल्द इस संबंध में शासनादेश जारी हो जाएगा।

## वसूली करने में आबकारी इंस्पेक्टर सहित तीन सस्पेंड

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** प्रयागराज में तैनात आबकारी निरीक्षक लखनऊ में शीरा व्यवसायी से वसूली कर रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद प्रयागराज के निरीक्षक के साथ लखनऊ के उस आबकारी निरीक्षक को भी निलंबित कर दिया गया है, जिसके क्षेत्र में वसूली हो रही थी। एक आबकारी सिपाही को भी निलंबित किया गया है। 10 लाख रुपये रिश्वत मांगने के आरोप में तीनों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

प्रयागराज के सोरांव क्षेत्र में तैनात एक महिला आबकारी निरीक्षक का पिछले दिनों लखनऊ के सेक्टर-11 में तबादला हो गया था। यह निरीक्षक की प्रयागराज के करछना में तैनात एक आबकारी निरीक्षक दोस्ती थी। लखनऊ में तैनाती के बाद महिला आबकारी निरीक्षक का अपने कार्यक्षेत्र के एक शीरा व्यवसायी से कुछ विवाद हो गया। दो दिन पहले प्रयागराज में तैनात उनका दोस्त आबकारी निरीक्षक लखनऊ पहुंचा। वहां शीरा व्यवसायी से उसकी बहस हो गई। व्यवसायी को धमकाने का वीडियो वायरल हो गया। इसकी शिकायत आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल से हुई। मंत्री ने आबकारी आयुक्त को कार्रवाई के निर्देश दिए। आयुक्त ने तत्काल प्रभाव से लखनऊ में तैनात महिला आबकारी निरीक्षक और प्रयागराज में तैनात आबकारी निरीक्षक और एक सिपाही को निलंबित कर दिया। प्रयागराज स्थित आबकारी मुख्यालय के प्रवर्तन दल में तैनात आबकारी निरीक्षक प्रशांत कुमार को करछना का प्रभार सौंप दिया गया है। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने विभाग के अफसरों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मीटिंग ली थी। इस दौरान मंत्री ने नाराजगी जताई। निलंबित आबकारी निरीक्षक पर आरोप है कि वो पहले भी 15-15 दिन लखनऊ जाकर महिला आबकारी निरीक्षक के कार्यक्षेत्र में दुकानों का व्यवस्थापन कराता था। पिछले दिनों प्रयागराज में तैनात आबकारी निरीक्षक का निलंबन वसूली करने के आरोप में हुआ था। शिकायत के 10 दिन बाद तक जिला आबकारी अधिकारी को इसकी सूचना नहीं थी।

### संक्षिप्त समाचार

**फैसला : दिल्ली के केदारनाथ मंदिर का बदलेगा नाम**

**देहरादून।** दिल्ली में केदारनाथ मंदिर के निर्माण को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर अब केदारनाथ धाम दि दिल्ली के केदारनाथ मंदिर का बदलेगा नाम, विरोध के बाद मंदिर समिति का फैसला ल्ली ट्रस्ट बैकफुट पर आ गया है। ट्रस्ट ने मंदिर का नाम बदलने का निर्णय लिया है। ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र रौतेला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि हम दिल्ली में केदारनाथ मंदिर बना रहे हैं। केदारनाथ धाम की स्थापना नहीं की जा रही है। इसलिए हम इस बात पर विचार कर रहे हैं कि ट्रस्ट का नाम बदला जाए। साथ ही धाम शब्द को भी हटाया जाए, जिस पर लोगों को आपत्ति है।

**तीन आईपीएस अफसरों का हुआ तबादला**

**लखनऊ।** योगी सरकार ने बुधवार को तीन आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर कर दिया है। आईपीएस अभिषेक वर्मा को हापुड़ के एसपी पद से हटा वेटिंग में रखा गया है। आईपीएस अधिकारी ज्ञानंजय सिंह को हापुड़ का नया एसपी बनाया गया है। इसके अलावा आईपीएस राजेश कुमार को गाजियाबाद कमिश्नरेट का पुलिस उपायुक्त बनाया गया है।

**नीट परीक्षा मामले से जुड़ी याचिकाओं पर आज सुनवाई**

**नयी दिल्ली ।** उच्चतम न्यायालय विवादों से घिरी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 से जुड़ी याचिकाओं पर बृहस्पतिवार को सुनवाई करेगा। यह परीक्षा पांच मई को आयोजित हुई थी। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर 18 जुलाई के लिए अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ 40 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। इनमें राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की याचिका भी शामिल है।

### इंडस्ट्रियल एरिया का कायाकल्प करेगी दिल्ली सरकार

**नयी दिल्ली।** औद्योगिक क्षेत्रों के विकास और रखरखाव को लेकर दिल्ली सरकार के उद्योग मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सचिवालय में 27 अलग-अलग औद्योगिक क्षेत्रों के फैक्ट्री मालिकों की एसोसिएशन के साथ मुलाकात की। मीटिंग में मंत्री सौरभ भारद्वाज और व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ डीएस डीसी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली सरकार 27 अनप्लान्ड इंडस्ट्रियल एरिया के विकास और रखरखाव को लेकर बेहद गंभीर है। पिछले लंबे समय से व्यापारिक संगठनों के साथ मिलकर इन क्षेत्रों के विकास के लिए काम कर रही है और इन क्षेत्रों के कायाकल्प को लेकर एक स्कीम लेकर आई है।

## भाजपा ने कमजोर पड़ने के कारण ध्वस्तीकरण का फैसला टाला

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भाजपा में कुर्सी की लड़ाई से जनता परेशान है। सरकार ने जनता को अपने हाल पर छोड़ दिया है। लखनऊ में ध्वस्तीकरण के फैसला टालना कमजोर पड़ने के कारण हुआ है। यह बातें समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए लगाए।

अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार में यह कमजोर पड़े हैं इसलिए इन्होंने अपना ध्वस्तीकरण (पंतनगर, इंद्रप्रस्थनगर) का फैसला टाला है। यह सिर्फ टाला है हमेशा-हमेशा के लिए खत्म नहीं हुआ है। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए सपा अध्यक्ष ने कहा कि यह सरकार मजबूत होती तो इनका घर भी उजाड़ देती। गोमती रिवर फ्रंट इस देश का सबसे अच्छा रिवर फ्रंट है। यह नाले पर रिवर फ्रंट बना रहे हैं। रिवर फ्रंट रिवर पर बनता है, नाले पर नहीं। यह बात अखिलेश ने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कही। शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि शिक्षकों की जो ऑनलाइन अटेंडेंस थी वह स्थगित नहीं, निरस्त हो।

### गुजरात में चांदीपुरम वायरस का प्रकोप, नौ दिन में 11 बच्चों की मौत

**गोधरा।** गुजरात में चांदीपुरम वायरस का प्रकोप जारी है। पिछले नौ दिन में 12 बच्चे इस जानलेवा वायरस से संक्रमित हो चुके हैं, इसमें 11 बच्चों की मौत हो चुकी है। बुधवार को गोधरा, गांधीनगर और मेहसाणा में एक-एक बच्चे की मौत हुई है। कुल 14 संदिग्ध केस प्रशासन को मिले हैं। इसमें राजस्थान का दो केस हैं, जिसमें एक बालक की मौत हो चुकी है। मध्यप्रदेश के एक केस में बच्चे की स्थिति स्थिर बनी हुई है। राज्य के पंचमहाल जिले, वडोदरा और मेहसाणा के बाद अब गांधीनगर में भी यह वायरस मिलने से प्रशासन हरकत में आ गया है। गांधीनगर महानगर पालिका क्षेत्र में वायरस का एक संदिग्ध केस मिला है।

## अग्निवीरों को पुलिस, माइनिंग व फोरेस्ट गार्ड की नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण देगा हरियाणा

**▸ ग्रुप-सी के पदों में भी पांच और ग्रुप-डी में एक प्रतिशत मिलेगा आरक्षण**

एजेंसी



**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने अग्निवीरों के हितो को देखते हुए एक बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने अग्निवीरों को राज्य के चार विभागों में दस प्रतिशत आरक्षण देने और प्राथमिकता के आधार पर शस्त्र लाइसेंस जारी करने का ऐलान किया है। साथ ही सैनी सरकार ने सेवानिवृत्ति के बाद अग्निवीरों को नौकरी देने वाले उद्योगपतियों को सब्सिडी देने और अपना उद्योग लगाने वाले अग्निवीरों को पांच लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त कर्ज देने की घोषणा की है। बुधवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी ने यह ऐलान किया। उन्होंने बताया कि सेना से चार वर्ष की सेवा के बाद लौटने वाले अग्निवीरों को

हरियाणा पुलिस में कांस्टेबल, फोरेस्ट व माइनिंग गार्ड, जेल वार्डन और एसपीओ (स्पेशल पुलिस ऑफिसर) की सीधी भर्ती में दस प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। इतना ही नहीं सरकारी नौकरियों में तय उम्र सीमा में भी अग्निवीरों को छूट मिलेगी।

सैनी ने बताया कि अग्निवीरों के पहले बैच को उम्र में पांच वर्ष की छूट दी जाएगी। इसके बाद के बैच के लिए यह छूट तीन वर्ष के लिए होगी। इतना ही नहीं, सरकार ने ग्रुप-सी और ग्रुप-डी यानी तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के पदों में भी अग्निवीरों के लिए आरक्षण लागू करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना को लेकर कांग्रेस बड़ा दुष्प्रचार कर रही है। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकहित की योजना है।

## यूपी के 16 जिलों में बाढ़, तीन नदियां उफान पर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नेपाल से सटे उत्तर प्रदेश के 16 जिलों में बाढ़ के हालात लगातार बने हुए हैं। यहां तीन नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। राप्ती नदी, बूढ़ी राप्ती और क्यूनो नदी के उफान पर होने के कारण गोरखपुर, सिद्धार्थ नगर और गोंडा में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। वाराणसी का रत्नेश्वर महादेव मंदिर गंगा में डूब गया है। यह दुनिया का पहला झुका हुआ मंदिर है। पिछले 24 घंटे में बारिश से संबंधित घटनाओं के कारण 6 लोगों की मौत हुई है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने बताया कि सभी की मौत डूबने से हुई है। इसके अलावा कर्नाटक में मंगलवार को तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड के कारण 4 लोगों की मौत हो गई। उधर, बिहार में भी बेतिया, बगहा, सीतामढ़ी, मधेपुरा, अररिया समेत कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं।

24 से ज्यादा निचले इलाकों के गांव में बाढ़ का पानी घुस चुका है। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश समेत 9 राज्यों में बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।



**नौ राज्यों में भारी बारिश का अनुमान**

मौसम विभाग ने बुधवार 17 जुलाई को मध्य प्रदेश, राजस्थान, गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और उत्तराखंड यानी 9 राज्यों में बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है। वहीं, 10 राज्यों तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, मणिपुर, नगालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा, पंजाब और हरियाणा में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

### वर्दी में जाम छलकाना पड़ा भारी, इंस्पेक्टर समेत तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**मेरठ।** शामली जनपद में डायल 112 के कार्यालय में वर्दी में पुलिसकर्मियों द्वारा शराब पीने का मामला सामने आया है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इंस्पेक्टर समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इंटरनेट मीडिया पर शामली जनपद के तीन पुलिसकर्मियों द्वारा शराब पीने का वीडियो वायरल हो रहा है। यह वीडियो डायल 112 के कार्यालय का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में दो पुलिसकर्मी वर्दी में और एक सादे कपड़े में बैठकर शराब का सेवन करते दिख रहे हैं। शामली के पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम ने इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह को जांच सौंपी है।

## मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हाई कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सीबीआई की ओर से गिरफ्तार करने और ट्रायल कोर्ट के सीबीआई हिरासत के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने सीबीआई के मामले में केजरीवाल की जमानत याचिका पर 29 जुलाई को सुनवाई करने का आदेश दिया।

सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने केजरीवाल की हुई गिरफ्तारी की तुलना पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से की। सिंघवी ने कहा कि तीन दिन पहले हमने देखा कि पाकिस्तान में इमरान खान रिहा हुए और उन्हें दोबारा दूसरे केस में गिरफ्तार कर लिया गया लेकिन हम गर्व से कह सकते हैं हम वैसा देश नहीं है, ऐसा हमारे देश में नहीं हो सकता है। सिंघवी ने कहा कि स्पष्ट रूप से सीबीआई केजरीवाल की गिरफ्तारी नहीं करना चाहती थी, न ही उसका इरादा था या उसके पास गिरफ्तार करने के लिए कोई सामग्री नहीं थी।

### बीएसएफ ने बरामद किया 5.82 करोड़ का सोना भारतीय तस्कर गिरफ्तार

**कोलकाता।** बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत के अंतर्गत 32वीं वाहिनी की सीमा चौकी हलदरपारा के जवानों ने खुफिया विभाग की सूचना पर नौ सोने की ईंटों और 21 सोने के बिस्कुट बरामद करके एक भारतीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्करों ने सोने की खेप को तारबंदी के ऊपर फेंक कर तस्करी करने का प्रयास किया था। जब्त किए गए सोने का वजन लगभग 7.87 किलोग्राम है और इसकी कीमत 5.82 करोड़ रुपये है। बीएसएफ की ओर से बुधवार शाम को बताया गया कि खुफिया जानकारी के आधार पर बीएसएफ ने संदिग्ध क्षेत्र में एक विशेष घात लगाई थी। मंगलवार रात लगभग 08:35 बजे जब तारबंदी के पास बांग्लादेश से कई संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए, तो जवानों ने कार्रवाई के लिए तैयारी की।

## देश की सुरक्षा से खिलवाड़ का आरोप, आईडी पासवर्ड हथियाकर जारी कर दिए प्रमाणपत्र

**▸ वीडीओ ने कोतवाली में दी तहरीर, केस दर्ज करने की मांग**

समृद्धि न्यूज

**रायबरेली।** ग्राम विकास अधिकारी की सरकारी लॉग इन आईडी को फर्जी तरीके से हथियाकर बड़े पैमाने पर जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का सनसनीखेज मामला बुधवार को सामने आया है। इनमें अधिकतर दूसरे राज्य के लोगों को प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। इस मामले में ग्राम विकास अधिकारी ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपित के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करने की मांग की है।

सलोन विकास खंड में विजय सिंह ग्राम विकास अधिकारी के पद पर तैनात है। जिनकों ग्राम पंचायत नुरुद्दीनपुर, लहूरेपुर, गोपालपुर, सिरसिरा, गढ़ी इस्लाम नगर, काजू जलालपुर, सांडा सैदन, औनानीस, माधवपुर निनैया, पृथ्वीपुर सहित पाल्हीपुर गांव की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। ग्राम विकास अधिकारी ब्लॉक स्थित रियाज खान के मकान में किराए का कमरा लेकर रहते थे। वे अपने मकान की आलमारी में सरकारी अभिलेख व महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेजों को रखते थे।

ग्राम विकास अधिकारी विजय सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि मकान मालिक के लड़के मोहम्मद जिशान खान की कस्बे में ही जन सेवा केंद्र व फोटो कॉपी की दुकान है। जहां से वह अपनी सरकारी आईडी से जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र के आवेदनों का सत्यापन और सरकारी कार्यों को निस्तारित किया करते थे। जिशान ने उनकी सरकारी आईडी व पासवर्ड की धोखे से प्रतिलिपि बना ली थी। सरकारी आईडी का गलत तरीके से प्रयोग कर लगभग 25 से 30 हजार संदिग्ध लोगों का फर्जी जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिए हैं। जारी हुए प्रमाण पत्रों में अन्य जनपद व प्रान्त के बताए जा रहे हैं, जिनको फर्जी तरीके से जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया है। फर्जी प्रमाण पत्र जारी होने से देश की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता का खतरा बना हुआ है। आरोप है कि कई बांग्लादेशियों को भी प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं। विहिप के जिलाध्यक्ष विवेक सिंह ने प्रशासन से मांग की है कि इसकी विस्तृत जांच की जाय,क्योंकि देश की संप्रभुता से खिलवाड़ किया गया है। पुलिस के अनुसार जांच की जा रही है।

**अभियान**

### पिछले सात वर्षों में रेलवे सुरक्षा बल नन्हे फरिश्ते ऑपरेशन में रहा अग्रणी

## ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत बचाए गए 84,119 बच्चे

समृद्धि न्यूज




**प्रयागराज।** भारतीय रेलवे ने 'ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते' मिशन के अंतर्गत पिछले सात वर्षों (2018 से 2024) के दौरान स्टेशनों और ट्रेनों में खतरे में पड़े या खतरे में पड़ने से 84,119 बच्चों को बचाया है। वर्ष 2018 में 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' की महत्वपूर्ण शुरुआत हुई।

इस वर्ष आरपीएफ ने कुल 17,112 पीड़ित बच्चों को बचाया। बचाए गए बच्चों में से 13,187 बच्चों की पहचान भागे हुए बच्चों के रूप में की गई। 2105 लापता पाए गए। 1091 बच्चे बिछड़े हुए, 400 बच्चे निराश्रित, 87 अपहृत, 78 मानसिक रूप से विक्षिप्त और 131 बेघर थे। वर्ष 2018 में इस तरह की पहल की तत्काल आवश्यकता को उजागर करते हुए ऑपरेशन के लिए एक मजबूत नींव रखी गई थी। वर्ष 2019 के दौरान, आरपीएफ ने लड़कों और लड़कियों सहित कुल 15,932 बच्चों को बचाया। बचाए गए बच्चों में से 12,708 भागे हुए, 1454 लापता, 1036 बिछड़े हुए, 350 निराश्रित, 56 अपहृत, 123 मानसिक रूप से विक्षिप्त और 171 बेघर बच्चों के रूप में पहचाने गए। वर्ष 2020 कोविड महामारी के कारण चुनौतीपूर्ण था, जिसने सामान्य जीवन को बाधित किया और परिचालन पर काफी प्रभाव डाला। इनके बावजूद आरपीएफ 5,011 बच्चों को बचाने में कामयाब रही। वर्ष 2021 के दौरान आरपीएफ ने 11,907 बच्चों को बचाया। इस वर्ष पाए गए और संरक्षित बच्चों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। जिसमें 9601 बच्चों की पहचान भागे हुए, 961 की लापता , 648 की बिछड़े हुए के रूप में हुई जबकि 370 निराश्रित, 78 अपहृत, 82 मानसिक रूप से विकलांग और 123 बेघर बच्चों के रूप में पहचाने गए। वर्ष 2023 के दौरान, आरपीएफ 11,794 बच्चों को बचाने में सफल रही। इनमें से 8916 बच्चे घर से भागे हुए थे, 986 लापता थे, 1055 बिछड़े हुए थे, 236 निराश्रित थे, 156 अपहृत थे, 112 मानसिक रूप से विकलांग थे, और 237 बेघर बच्चे थे। के पहले पांच महीनों में, आरपीएफ ने 4,607 बच्चों को बचाया है, जिसमे 3430 घर से भागे हुए बच्चों को बचाया गया है। ये संख्या बच्चों के पलायन की लगातार जारी समस्या तथा उन्हें अपने माता-पिता के पास सुरक्षित पहुंचने के लिए आरपीएफ के किए गए प्रयासों दोनों को दर्शाती है। आरपीएफ ने न केवल बच्चों को बचाया है, बल्कि घर से भागे और लापता बच्चों की दुर्दशा के बारे में जागरूका भी किया है। आरपीएफ के ऑपरेशन का दायरा लगातार बढ़ रहा है, रोज नई चुनौतियों का सामना कर रेलवे नेटवर्क में बच्चों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाने का प्रयास हो रहा है। ट्रैक चाइल्ड पोर्टल पर बच्चों की पूरी जानकारी उपलब्ध रहती है।

# अध्यक्ष ने की भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों की शिकायत

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड-बिजुआ स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लि0, बिजुआ के अध्यक्ष अश्वनी कुमार बाजपेई ने अधिकारियों की काली करतूतों के चलते दिनांक 5/7/24 को सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता को शिकायती पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है।

श्री बाजपेई ने शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए लिखा है कि वर्तमान में तैनात सचिव से पूर्व में रहे सचिव अतेन्द्र कुमार का स्थान्तरण हुआ लेकिन उनके द्वारा पूर्णरूप से समिति का चार्ज वर्तमान में तैनात सचिव को नहीं दिया गया था जिसके चलते दस्तावेजो में क्या है और क्या नहीं उसकी कोई जानकारी नहीं हो पा रही है। अतः दस्तावेजो के साथ हेराफेरी की आशंका बनी हुई है। पूर्व में रहे सचिव अतेन्द्र के बाद सचिव रावेन्द्र कुमार रहे, जो इस समय कैमहरा समिति में सचिव के पद पर तैनात हैं उनके द्वारा भी दस्तावेजो को स्पष्ट नही किया गया तथा दोनों सचिवों के द्वारा किसानों से कर्जा वसूल कर के बैंक में जमा नहीं किया गया।इस भ्रष्टाचार में समिति के सभी कर्मचारी संलिप्त रहे है। इन सभी लोगो के द्वारा किसानो को अशुद्ध ऋण दिया गया जिसकी वसूली हो पाना भी सम्भव नहीं है। पूरे भ्रष्टाचार में संलिप्त सचिव व अन्य कर्मचारी ने मिलकर बिजुआ समिति का काफी नुकसान किया जिसकी भरपाई अभी तक नहीं हो सकी है।

इतना ही नहीं बिजुआ निवासी रामकृष्ण पुत्र ब्रम्हादीन से पैसे ले लिए गए उसे जमा नहीं किया गया ।पूर्व कैश- कैरी रजिस्टर व स्टाक रजिस्टर भी पूर्ण नही है समिति में तैनात सचिव रविंद्र कुमार ने डबल डी मार्क करके ऋण आवंटन किया और सचिवों द्वारा अंश ÷ख÷ का फर्जी ऋण वितरण किया जिससे समिति का काफी नुकसान हुआ। स्थानीय जाँच कमेटी द्वारा कुछ माह पूर्व जाँच के दौरान 2 लाख 66 हजार का घोटाला पाया गया जिसकी भरपाई भी अभी तक नहीं हुई है।




- भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही के लिए लिखा पत्र
- लगातार सुर्खियों में बनी रहती है बिजुआ किसान सेवा सहकारी समिति

### आये दिन अपने काले कारनामों के चलते सुर्खियों में रहती है बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लि., बिजुआ

बिजुआ के ही एक लघु कृषक महिला ने पूर्व में समिति से 1,02,000/- एक लाख दो हजार रुपये का ऋण लिया था जिसके साथ समिति के अधिकारियों व बैंक मैनेजर अमित मिश्रा जिला सहकारी बैंक बिजुआ ने मिलकर धोखाधड़ी करके किसान के नाम पर एक दिन के अंतर से दो किस्तों मे दो लाख बत्तीस हजार का ऋण स्वीकृत कर दिया किसान से सादे चेकों व अन्य कई सादे कागजों पर हस्ताक्षर करवाकर बैठने को कहा किसान दिन भर बैंक में बैठा रहा, शाम हो जाने पर किसान से भ्रष्ट अधिकारियों ने कहा अब आज नही कल भुगतान हो पायेगा अगले दिन किसान को बुलाकर किसान को एक लाख दो हजार का भुगतान कर दिया, और एक लाख तीस हजार रुपये की रकम डकार गए। किसान को कोई भी दस्तावेज वापस नहीं दिये, जिसकी शिकायत किसान ने जिलाधिकारी खीरी व ए आर खीरी से की तब अधिकारियों ने किसान को चेक बुक व पासबुक वापस की, पास बुक पर ऋण भुगतान 2,32,000/- देखकर किसान घबरा गया बैंक व समिति के चक्कर लगाता रहा परेशान होकर लगातार शिकायतों के उपरांत भी अधिकारियों के संरक्षण मे पल रहे भ्रष्ट अधिकारियों पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है,जांच के नाम पर सिर्फ कागजों में घुमाया जा रहा है फर्जी आख्या लगाकर उच्चाधिकारीओ को गुमराह किया जा रहा है और किसान को प्रताड़ित किया जा रहा है।

### अधिकारियों की दबी जुबान खुद ही करती है पर्दाफाश

समिति के ही एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अरुणा देवी पुत्री लालजी पत्नी विद्यासागर के मामले मे जिले से नियुक्त अधिकारी जब आए थे तब विभाग के ही एक अधिकारी ने संदेशा भेजा था दस हजार रुपये दिये होते तो जाँच सही होती और जो रकम सचिव, बैंक मैनेजर और आंकिक ने मिलकर डकार ली है वो विद्यासागर को वापस मिल जाती अब ब्याज भी देना होगा असल भी ज्यादा शिकायत बाजी करने से नुकसान ही होगा, किसी दिन सरकारी काम मे बाधा उत्पन्न करने का मुकदमा भी लिख जायेगा। इस प्रकार अधिकारियों द्वारा दी जा रही धमकियों से किसान बहुत परेशान हैं उक्त किसान ने मीडिया के माध्यम से न्याय की गुहार लगाई है।

# नगर में न रहे अंधेरा, नपा अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू पालिका कर्मचारियों के साथ नगर की प्रकाश व्यवस्था देखने के लिए निकल पड़े। उन्होंने सदर चौराहे, लखीमपुर रोड,अलीगंज रोड,भूतनाथ रोड,स्टेशन रोड ,मिल रोड, मोहम्मदी रोड का निरीक्षण कर कमियों को दुरुस्त करने को कहा। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने इस अवसर पर कहा कि ताजियादारों को कोई समस्या न हो इसके लिए पालिका प्रशासन पूर्णतः तैयार है।तथा शीघ्र ही पवित्र सावन माह शुरू होने वाला है पालिका प्रशासन कावंड़ियों के स्वागत के लिए भी हमारी तैयारी है।

इस अवसर पर वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, मोहित अवस्थी, इलेक्ट्रीशियन मनोज राठौर, रविन्द्र कटियार, शत्रोहन मिश्रा, विजय मिश्रा,मनोज बाथम, सुनील मिश्रा, सोनू त्रिवेदी ,विमलेश वर्मा,अविनाश गुप्ता, काके सहगल, लवकुश अवस्थी आदि उपस्थिति रहे।

## खबरें एक नजर में

### गुरु दक्षिणा कार्यक्रम सम्पन्न



**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** कस्ता कस्बे मे राधे रमण सोना देवी इंटर कॉलेज मे विश्व हिन्दू परिषद के तत्वा वधान मे विपिन भट्ट की अध्यक्षता मे गुरु दक्षिणा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर शरद अवस्थी ने डा हेडगेवार पर अपने विचार व्यक्त किये कार्य क्रम मे विपिन भट्ट ने भी संघ के प्रति अपने विचार व्यक्त किये गुरु दक्षिणा कार्य क्रम मे कस्ता कस्बे के काफ़ी संख्या मे नागरिक उपस्थित रहे।

### ग्राम प्रधान खैरीगढ़ सुखदेव सिंह द्वारा तजियादारों को पिलाया गया सर्बत



**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।** निघासन ब्लाक की ग्राम पंचायत खैरी गढ़ के प्रधान ने मानवता की मिसाल को कायम करते हुए ताजिया दारो को तपती धूप में चलने के बाद शरबत पिलाने का नेक काम किया है। तपती धूप में जहां पर 10 मिनट पैदल चलने पर इंसान का बुरा हाल ऐसे में 10 दिन जब लोग अपने घरों से ताजिया लेकर कर्बला को पैदल जाते है ऐसे में गला सूखना लाजमी है। विकास खंड निघासन के ग्राम पंचायत खैरीगढ़ के प्रधान सुखदेव सिंह ने हर ताजियादारों को शरबत पिलाने की व्यवस्था की है। मानवता की मिसाल और खुद राहगीरों को शरबत पिलाते हुए देख ग्रामीण ने उनकी जम कर सराहना की। उनकी इस पहल को देख लोगो ने कहा कि हिंदू मुस्लिम तहजीब अभी जिंदा है।



### संत बाबा गुरनाम सिंह की कार सेवा से पलिया भीरा रोड बनकर तैयार

**पलिया कलां खीरी, समृद्धि न्यूज।** पलिया तहसील क्षेत्र में बाढ़ की विनाश लीला की वजह से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई भीरा एवं पलिया रोड पर आवागमन बंद हो जाने के कारण आम जनमानस तथा पलिया क्षेत्र वासियों की गंभीर समस्या को देखते हुए महंगापुर गुरुद्वारे वाले (पलिया रत्न) बाबा संत गुरनाम सिंह के द्वारा कार सेवा कर क्षतिग्रस्त मार्ग को उनके हजारों कार सेवकों द्वारा की गई। सेवा से रोड बनाकर तैयार कर दिया गया है जिसको प्रशासन के आदेश के बाद आम जनमानस के लिए खोल दिया जाएगा। इस संकट की घड़ी में बाबा जी क्षेत्र वासियों के लिए देवदूत बनकर उभरे। पलिया क्षेत्र का बच्चा-बच्चा बाबा जी की जय जयकार कर रहा है। इस अवसर पर समाजसेवी भाजपा नेता पलिया जिला बनाओ मंच के संयोजक रवि गुप्ता महंगापुर गुरुद्वारा पहुंचे जहां पर रवि गुप्ता ने सभी सम्मानित पलिया क्षेत्र वासियों की ओर से बाबा जी को अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित कर बाबा जी का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया।

# भीरा पलिया रोड पर इमरजेंसी छोटे वाहनों को छोड़कर पाबंदी बरकरार

**भीरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शारदा नदी की बाढ़ से बुरी तरह क्षतिग्रस्त पलिया भीरा राष्ट्रीय राजमार्ग और कटी पुलिया की मरम्मत का कार्य तीसरे दिन पूर्ण हुआ । मरम्मत हुई अभी इस रोड पर छोटे इमरजेंसी वाहनों को आने जाने की छूट दी गई है। एनएचआई विभाग द्वारा एनओसी दिए जाने के बाद ही इस रोड पर पूर्व की भांति वाहनों का संचालन शुरू हो सकेगा। वही पलिया से निघासन रोड पर अब छोटे बड़े सभी प्रकार के वाहनों का संचालन चालू कर दिया गया है।

बाढ़ आने के बाद बुधवार को दसवें दिन भी पलिया भीरा रोड पर यातायात का संचालन नहीं हो सका। फिलहाल प्रशासन ने इमरजेंसी छोटे वाहनों के आने जाने पर छूट दी है। इस रोड पर पूर्व भी भांति वाहनों का संचालन एनएचआई विभाग द्वारा एनओसी दिए जाने के बाद ही शुरू किया जाएगा। बता दें कि डीएम ने रविवार राष्ट्रीय राजमार्ग अधिकारियों से वार्ता करते हुए तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए थे। डीएम के निर्देश के बाद रविवार को कर्मचारी उपकरणों के साथ पहुंच गए थे और निरीक्षण के बाद सोमवार से रोड के मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया था। पहले दिन शारदा नदी की बाढ़ से कटी पुलिया में जेसीबी की मदद से प्लास्टिक की बोरियों में रा मटेरियल भरकर बाढ़ से कटी पुलिया में डालने का कार्य किया गया था। निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचे महंगापुर गुरुद्वारे के संत बाबा गुरनाम सिंह ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया था। प्रशासन के अनुरोध पर महंगापुर गुरुद्वारे के कार सेवकों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर मरम्मत के कार्य को और रफ्तार दी थी। मंगलवार देर शाम बाढ़ से कटी पुलिया के मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया गया। मरम्मत हुई अभी इस रोड पर छोटे इमरजेंसी वाहनों को आने जाने की छूट दी गई है। एनएचआई विभाग द्वारा एनओसी दिए जाने के बाद ही इस रोड पर पूर्व की भांति वाहनों का संचालन शुरू हो सकेगा।



- एनएचआई की हरी झंडी के बाद रोड से गुजर सकेंगे वाहन
- महंगापुर गुरूद्वारा के संत बाबा गुरनाम सिंह की अगुवाई में रोड मरम्मत कार्य में कार सेवकों की रही अहम भूमिका

# बाढ़ पीड़ितों को बांटी गयी राहत सामग्री

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड निघासन की ग्राम पंचायत मुड़ा बुजुर्ग के 9 मंजरे शंकरी गौढ़ी, कामता नगर, सोतिया, श्रीरामपुरवा, महाराज नगर, निषाद नगर, प्रतापगढ़, बबुरी, आदि जो बाढ़ से अत्यधिक प्रभावित थे जिनका निकलना भी बाधित था। उसी को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रीय विधायक की अगवाई में बाढ़ राहत सामग्री बाटी गई। इस दौरान 700 परिवारों को राहत सामग्री दी गयी। ये सामग्री ग्रामीण को खण्ड विकास अधिकारी जयेश कुमार तहसीलदार भीमचन्द की उपस्थिति में दी गयी। राहत सामग्री मिलते ही बाढ़ पीड़ितों के चेहरे खिल उठे। क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा ने कहा कि प्रशासन की तरफ से हर सम्भव मदद करेंगे आप लोगों की फसलों का मुआवजा भी जल्द से जल्द दिलाने का प्रयास किया जाएगा साथ ही स्वास्थ्य विभाग को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि गांव में जाकर छिड़काव दवा सभी की जांच पूर्ण रूप से कराई जाए जिससे कोई भी बीमारी फैलने ना पाए। अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को बाढ़ के पानी में ज्यादा नहाने न दे, उनका ध्यान रखें और जब भी गांव से बाहर जाएं तो नाव पर पांच लोगों से ज्यादा बैठकर सफर न करें। इस दौरान नायब तहसीलदार, ग्राम पंचायत अधिकारी उपदेश वर्मा, कानूनगो, लेखपाल ,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार, सौरभ शुक्ला, सर्वेश कुमार, रामाशीष आदि ग्रामीण मौजूद रहे।



### गमगीन माहौल में सुपुर्दे खाक किए गए ताजिया

**सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद रही खमरिया थाना पुलिस**



**ईसानगर -खीरी, समृद्धि न्यूज।** थाना खमरिया क्षेत्र के लाखुन, लोधौनी, समर्दा, ऐरा में ताजिया जुलूस के साथ सुरक्षा को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक खमरिया मनबोध तिवारी अपने स्टाफ के साथ मौजूद रहे। थाना क्षेत्र मे शांत तरीके से संपन्न हुआ कार्यक्रम।

# शिक्षक संकुलों ने किया मीटिंग का बहिष्कार

## दोबारा शिक्षक संकुल के पद से दिया इस्तीफा




**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक संकुलों ने दोबारा अपना इस्तीफा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से भेजा है। इसके लिए बांकेगंज ब्लॉक व कुम्भी ब्लॉक के शिक्षक संकुलों ने बीआरसी पर उपस्थित होकर प्रत्येक माह न्याय पंचायत स्तर पर होने वाली मीटिंग का बहिष्कार किया और अपना इस्तीफा खण्ड शिक्षा अधिकारी को सौंपा।

शिक्षक संकुलों ने बताया कि उनका चयन केवल दो वर्ष के लिए शिक्षक संकुल के पद पर किया गया था जबकि चार वर्ष हो चुके हैं। बहुत अधिक विभागीय व विभाग के अतिरिक्त कार्यों का बोझ होने के कारण शिक्षक संकुलों द्वारा पूर्व में इस्तीफा दिया जा चुका है। इसके बावजूद उनसे यह अतिरिक्त कार्य करवाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। इसके लिए कोई अतिरिक्त मानदेय या सुविधा नहीं दी जाती है। शिक्षक संकुलों ने यह भी जानकारी दी की उ प्र प्राथमिक शिक्षक संघ एवं अन्य संगठनों द्वारा जो भी मांगे की जा रही है उन मांगों में हम लोग उनके साथ हैं क्योंकि शासन द्वारा प्रत्येक दिन आदेशों का पुलिंदा बनाकर व्हाट्सएप पर भेज दिया जाता है जिससे अध्यापक को बच्चों को पढ़ाने का समय नहीं मिलता है।

इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ महामंत्री विपिन वर्मा व समस्त शिक्षक संकुल उपस्थित रहे।

### खण्ड शिक्षा का अधिकारी कार्यालय बांकेगंज पर कर्मचारी नहीं रिसीव करते कोई भी प्रपत्र

**बांकेगंज खीरी।** शिक्षक संकुलों ने बताया कि जब वह बीआरसी पर ज्ञापन वाला प्रपत्र लेकर पहुंचे तो वहां पर उपस्थित कर्मचारियों ने उस प्रपत्र को रिसीव करने से इनकार कर दिया। जबकि कर्मचारियों का यह कार्य होता है कि उसके कार्यालय के नाम यदि किसी भी प्रकार का कोई भी पत्र आता है तो वह उसे रिसीव करके रिसीविंग प्रदान करें और उसे अपनी डाक में चढाए। तीखी नोंकझोंक के बाद ही ज्ञापन को रिसीव किया गया।

# छोटी काशी में टीले पर लक्ष्मण जी ने की थी तपस्या

## स्थापित की थी सूर्य देव की प्रतिमा और सीता तीर्थ

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सरस्वती तट पर बसी मंदिरों की नगरी कही जाने वाली शिवजी की प्रिय नगरी छोटी काशी में अयोध्या के महाराजा दशरथ जी के पुत्र लक्ष्मण जी ने एक विशाल टीले पर तप किया था और टीले पर ही भगवान सूर्य देव की विशाल प्रतिमा और सीता जी के नाम पर सीता तीर्थ की स्थापना की थी इसलिए यह स्थान उन्हीं के नाम पर लक्ष्मणयती के नाम से विख्यात है।

गोला गोकर्णनाथ छोटी काशी पर शोध प्रबंध लिखने वाले साहित्यकार पत्रकार लोकेश कुमार गुप्त ने बताया कि अयोध्या नरेश भगवान श्री राम के आदेश पर वीरवर लक्ष्मण जी सीता जी को वन छोड़ने के लिए गए थे, मां सीता को वन में छोड़ने के बाद लक्ष्मण जी को विशाद उत्पन्न हुआ और वह अयोध्या जाने के बजाय यहां चले आए और निर्जन सुंदर स्थान पर स्थित इस विशाल टीले पर तपस्या करने लगे यहीं पर उन्होंने अपने पूर्वज भगवान सूर्य देव की सुंदर आदमकद पत्थर की प्रतिमा स्थापित की और एक तीर्थ का भी निर्माण किया जिसका नामकरण उन्होंने माता सीता के नाम पर सीता तीर्थ रखा। काफी समय तपस्या करने के उपरांत जब उनका हृदय शांत हुआ तो उन्होंने अयोध्या प्रस्थान किया, कालांतर में इस टीले का नाम श्री लक्ष्मण जी के नाम पर लक्ष्मणयती हो गया।



लक्ष्मण जी द्वारा स्थापित भगवान सूर्य देव की प्रतिमा

भगवान सूर्य देव की प्रतिमा टीले पर एक मंदिर में स्थापित है जिसका कला शिल्प अद्भुत और मनोहारी है प्रतिमा में सूर्य देव की पत्नी संज्ञा और छाया,उषा, प्रत्यूषा, दंड और पिंगल की आकृतियां भी उत्कीर्ण हैं । भगवान सूर्य देव को नारंगी वस्त्र प्रिय हैं इसलिए श्रद्धालु प्रतिमा पर बंदन का नारंगी चोला चढ़ाते हैं।

छोटी काशी के प्राचीन देवालय से लगभग तीन फर्लांग दूर पूर्व बरेली लखनऊ रेल मार्ग के समीप स्थित लक्ष्मणयती पर पहले मोर और अनेकों प्रकार की सुंदर चिड़ियों का कलरव सुनने को मिलता था मोर तो अब लुप्त हो गए हैं किंतु सुंदर चिड़िया अब भी देखने को मिलती हैं। सीता तीर्थ जो पक्का बना हुआ है पहले श्रद्धालु इस तीर्थ में स्नान करने के उपरांत भगवान सूर्य देव के दर्शन करते थे तीर्थ अब गंदे पानी के प्रवाह से गंदा हो गया है और जल स्नान करने लायक नहीं है। पहले इस स्थान की देखरेख धर्मादा समिति करती थी बाद में इसकी देखरेख का जिम्मा बाबा रामदास ने ले लिया था किंतु उनके जाने के बाद सब कुछ अव्यवस्थित हो गया है।

### होली के तीसरे दिन लगता था मेला

लक्ष्मणयती स्थान पर होली पर्व के तीसरे दिन विशाल मेला लगता था मेले में दूर-दूर गांवों से धमहर लाकर ग्रामीण होली गीत गाकर ढोल मजीरे पर चिमटा बजा पर मोर पंखों पर लोक नृत्य करते थे। इस लोक नृत्य प्रतियोगिता में पुरस्कार भी दिए जाते थे इसी प्रकार टीले पर कुश्ती और बालकों की पतंग बाजी होती थी इनमें भी विजई प्रतियोगों को पुरस्कार दिया जाता था दोपहर से शुरू होने वाले मेले में मंदिर और मूर्ति का फूलों से श्रृंगार का पूजा की जाती थी किंतु काफी समय पूर्व लक्ष्मणयती पर निवास करने वाले सरवराहकार बाबा रामदास के पलायन करने के बाद मेला अव्यवस्थित हो गया और अब मेला लगना ही बंद हो चुका है।

### भगवान सूर्य की और भी प्रतिमाएं थी यहां

श्री लक्ष्मणयती पर भगवान सूर्य देव की विशाल प्रतिमा स्थापित है और मंदिर भी बना हुआ है किंतु गोकर्णेश्वर शिव मंदिर के निकट बूढ़े बाबा शिवालय और भगवान विष्णु लक्ष्मी के मंदिर में भगवान सूर्य की खंडित प्रतिमाएं स्थापित हैं जो देखने में अत्यंत सुंदर है। यह दोनों प्रतिमाएं पहले मंदिरों में स्थापित थीं किंतु औरंगजेब ने इन मंदिरों का विध्वंस कर सूर्य देव की प्रतिमाएं खंडित कर दी थीं तब से श्रद्धालु इन खंडित देव प्रतिमाओं का ही पूजन अर्चन कर रहे हैं।

# गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक हुए ताजिए

**मितौली-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

हजरत इमाम हुसैन की याद में मोहर्रम पर बुधवार को करबला में ताजिये गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक किए गए। इस दौरान ताजियों के जुलूस निकाले गए। बड़े ही अकीदत एहतराम के साथ इस्लामनगर मोहल्ले की कर्बला ताजिए सुपुर्द ए खाक किए गए।

मितौली कस्बे में मंगलवार शाम ताजिए चौक पर रखे गये। पूरी रात ताजियों की जियारत के लिए काफी संख्या में हिन्दू- मुस्लिम समाज के लोग पहुंचे। लोगों ने ताजियों को रंगीन झालो और आसपास रंगोली बनाकर सजाया गया। और हजरत इमाम हुसैन की याद में घरों में मिलाद शरीफ, मासिया, नोहा फातिहा, कुरानख्वानी आदि पढ़ी गयी। और प्रसाद के रूप में लोगों को जलेबी, रेवड़ी, मिठाई, शरबत, खीचड़ा, बिरयानी आदि का वितरण किया गया। बुधवार को दोपहर नमाज के बाद विभिन्न स्थानों से ताजियों का उठना शुरू हुए और सभी ताजियेदार ताजिये को लेकर अस्पताल रोड पर एकत्रित हुए। जिसके बाद जुलूस लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग होते हुए इस्लामलनगर मोहल्ले की कर्बला पहुँचा। वही दूसरा जुलूस जामा मस्जिद के पास से शुरू हुआ। वह पुरानी कर्बला पर पहुँचा। बबौना एवं कस्ता कस्बे के ताजिया दारों ने ताजिया मूसादेई मजरा अछरौला में मंगही, टेंम्हरा ,ताजपुर ,काना खेड़ा सहित क्षेत्र के काफी गांवों के

ताजिए के जुलूस में नौजवानों ने हैरत अंगेज करतब दिखाए और मातम किया। शाम को ताजियों का काफिला करबला पहुंचा। जहां पर ताजिए को सुपुर्दे ए खाक किए गया। मितौली के लक्ष्मी बंजारा का 85 फिट का ताजिया व बहादुर उर्फ मुंशी का 60 फीट का ताजिया आकर्षण का केंद्र रहा। सुरक्षा की दृष्टि से एसडीएम मितौली विनीत कुमार उपाध्याय, सीओ शमशेर बहादुर सिंह, थाना प्रभारी राजू राव लेखपाल शिवकुमार सिंह सहित काफी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रहा है। इस मौके पर पूर्व प्रधान दिनेश मास्टर ,पूर्व प्रधान अछरौला कासी राम एवं वर्तमान प्रधान सन्तोष कुमार आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# शांति पूर्वक ढंग से निपटा क्षेत्र में मोहर्रम का पर्व

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के सिंगाही भेडोरा झाला मनमद पुर आदि स्थानों पर मेले का आयोजन कर ताजिए सुपुर्दे खाक किए गए। इस क्रम में ताजिये का जुलूश गुडमंडी से उठे जुलूस में शामिल स्थानीय अंजुमनों ने नवासा- ए- रसूल की दर्दनाक शहादत को याद कर मातम किया। गुडमंडी बाजार से उठा जुलूस परंपरागत रास्तों से होता हुआ कब्रिस्तान पहुंच कर ताजिए सुपुर्दे खाक किए गए। इस दौरान लोगों ने बारी-बारी से नौहे पढ़े और मातम करते हुए फातिमा के लाल को शहादत पर पुरसा पेश किया। गुडमंडी बाजार पर अशरा-ए-मजालिस के पहले दिन करबला की जंग का मार्मिक बयान सुनकर अजादारों की आंखें नम हो गईं। थानाध्यक्ष अमित कुमार भदौरिया ने पर्वपर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रत्येक स्थान पर सिपाही व स्वयं मुस्तैद रहे। कस्बे में जुलूस के दौरान भीड न लग जाए इसलिए पहले सिंगाही के बडे चौक की ताजियों को उसके बाद बाकी के ताजियों को निकालने की व्यवस्था थानाध्यक्ष ने कराई। सिंगाही में लाखों रूपए की लागत से बनाई गई ताजियों को देखने वालों की भीड लगी थी। नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद क़य्यूम ने सफाई व्यवस्था करवाई। इस दौरान हाफिज फारूक, बीवीएफ मो0 कैयूम, मो0 सिददीक, मो0 आफताब, सहित सैकडों लोगों ताजिये के जुलूस मे शामिल हुऐ।



# भू माफियाओं द्वारा जंगल झाड़ी की जमीन को बेचकर की जा रही अवैध प्लाटिंग

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

एक ओर देश प्रदेश की सरकार व सर्वोच्च न्यायालय लम्वित करोड़ों विवादों के निपटारों को लेकर चिंतित हैं वहीं कुछ स्वार्थी और मौकापरस्त तथाकथित भू-माफिया अवैध रूप से प्लाटिंग करके भोले-भाले ग्राहकों को गुमराह करके लूटने और उन्हें विवादों में उलझा निकल लेने के दुष्कृत्य में लगे हुए दिखाई पड़ रहे हैं।

यही नहीं इन शातिरों पर लगाम कसने में शासन, प्रशासन स्व संज्ञान लेकर कार्यवाही करने में बौनी दिखाई पड़ रही है या फिर उनकी इनसे कोई सांठ-गांठ है? जबकि अभी यहीं नहीं पता इस भूमि का असली मालिक कौन और नकली कौन? ताजा मामला उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर ग्रांट के मोहनपुर का है। ग्रामीणों का आरोप है कि राजस्व अभिलेखों में गाटा संख्या 252 में एक हेक्टेयर रकवा जंगल झाड़ी के नाम पर दर्ज था। जिसको राजस्व कर्मियों और उच्च अधिकारियों की मदद से भूमाफियाओं ने अपने नाम दर्ज करा लिया। और उसको हरियाणा के रामकिशुन पुत्र फूलाराम निवासी अल्लपुर पानीपत हरियाणा के नाम बेच दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त जमीन को रामकिशन ने जनपद शाहजहांपुर के एक व्यक्ति को बेच दिया जिस पर वह लगभग 2 साल से अवैध प्लाटिंग कर रहा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद नहीं हुई कोई भी कार्यवाही। जंगल झाड़ी की जमीन को हेरा फेरी करके अभिलेखों में अपने नाम दर्ज कराने वाले व्यक्ति की ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायत तत्कालीन एसडीएम मोहम्मदी स्वाति शुक्ला से की गई थी लेकिन उनके द्वारा आश्वासन देने के बाद भी कोई भी कार्रवाई नहीं की गई।

> इस संबंध में एसडीएम मोहम्मदी अवनीश कुमार से जानकारी लेने पर उन्होंने प्रकरण में जांच करने की बात कही।

# धूप ही तो है, रुको पिघल थोड़ी जाएंगे

**डीएम दिव्या मित्तल ने बाढ़ से प्रभावित इलाकों का किया दौरा**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/देवरिया।** यूपी के देवरिया जिले की नई डीएम दिव्या मित्तल ने बाढ़ से प्रभावित इलाकों का दौरा किया और लापरवाह अफसरों को आगाह किया कि कोताही बर्दाश्त नहीं। लापरवाही पर उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को फटकार लगाई।

एडीएम ने बार-बार तेज धूप का हवाला देकर उनसे बैठकर बात करने का आग्रह किया तो डीएम ने कहा कि अरे यार धूप ही तो है, रुको पिघल थोड़ी जाएंगे। सुनते मौके पर मौजूद अन्य अधिकारी भी सकपका गए।डीएम का ये अंदाज वायरल हो रहा है, जिसकी आमजन में तारीफ हुई। देवरिया जिले का चार्ज मिलने के बाद डीएम दिव्या मित्तल एक्शन में आ गई हैं। उन्होंने रुद्रपुर के पिडरा पुल के अप्रोच धंसने से लोगों की समस्या जाना। रुद्रपुर में गोर्रा नदी में आई उफान के चलते पिडरा पुल का अप्रोच धंसने की वजह से 162 गांव के लोग दहशत में हैं। मार्ग अवरुद्ध होने का संकट मंडरा रहा है। डीएम देवरिया ने मौके का निरीक्षण किया तो लोग इकट्ठा हो गए। सांसद प्रतिनिधि भी पहुंच गए।सबने लोक निर्माण विभाग को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। डीएम ने सख्त लहजे में पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन से कह दिया कि आप सब अधिकारी मिलकर बताओ कि यह रास्ता बंद नहीं होना चाहिए। अपर जिलाधिकारी बार-बार तेज धूप का हवाला देकर बैठकर बात करने के लिए आग्रह करते रहे, डीएम ने कहा कि अरे यार धूप ही तो है रुको पिघल थोड़ी जाएंगे। ये रास्ता बंद तो नहीं होगा यह बताओ।

# धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उच्च शिक्षा मंत्री रेल मंत्री वैष्णव से मिले

समृद्धि न्यूज



**दिल्ली से आने वाली अत्याधुनिक शताब्दी, वन्देभारत, गतिमान ट्रेनों का एक हॉल्ट पीताम्बरा देवी की सिद्धपीठ के स्टेशन दतिया पर भी 2 मिनट के लिए रखने की मांग**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित रेल भवन में रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की।

इस मुलाकात में उन्होंने आगरा जनपद की जनता की मांगों और धार्मिक पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया और आवश्यक कार्यवाही के लिए आग्रह किया। योगेन्द्र उपाध्याय ने आग्रह किया कि दिल्ली से आने वाली अत्याधुनिक शताब्दी, वन्देभारत, गतिमान ट्रेनों का एक हॉल्ट पीताम्बरा देवी की सिद्धपीठ के स्टेशन दतिया पर भी 2 मिनट के लिए रखा जाए। यह स्टेशन हिन्दू धार्मिक आस्था का एक प्रमुख केन्द्र है और इससे श्रद्धालुओं को सुविधा होगी। उच्च शिक्षा मंत्री ने बटेश्वर, आगरा में भगवान शिवजी के 101 शिवलिंगों का तीर्थस्थल और शौरीपुर में जैन धर्म का एक तीर्थस्थल, जो भगवान श्री नेमिनाथ की जन्मस्थली है, का उल्लेख किया।

उन्होंने बताया कि यह स्थान भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मस्थली भी है। उपाध्याय ने प्रस्ताव रखा कि आगरा से बटेश्वर हेतु एक टूरिस्ट लक्जरी शटल ट्रेन चलाई जाए। यह ट्रेन आगरा से प्रातः 10:30 बजे प्रस्थान कर बटेश्वर 11:30 बजे पहुंचे और बटेश्वर से सायं 5 बजे प्रस्थान कर आगरा 6 बजे पहुंचे। इससे इन धार्मिक और दर्शनीय स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में समृद्ध किया जा सकेगा। इसके अलावा, उच्च शिक्षा मंत्री ने दिल्ली से आगरा हेतु एक सुपरफास्ट ट्रेन चलाने का प्रस्ताव रखा जो दिल्ली से सायं 5 बजे चलकर आगरा 8:30 बजे पहुंचे और अगले दिन प्रातः 8 बजे चलकर दिल्ली 10:30 बजे पहुंचे। साथ ही, उन्होंने आगरा से लखनऊ के लिए एक वन्दे भारत ट्रेन चलाने का भी सुझाव दिया।

इस ट्रेन के सिर्फ दो हॉल्ट शिकोहाबाद/फिरोजाबाद और कानपुर हों। यह ट्रेन आगरा से प्रातः 5 बजे प्रस्थान कर लखनऊ 8:30 बजे पहुंचे और लखनऊ से सायं 6 बजे प्रस्थान कर आगरा 9:30 बजे पहुंचे। मंत्री ने आगरा के ईदगाह रेलवे स्टेशन पर एक रोड ओवर ब्रिज के निर्माण का भी मुद्दा उठाया। यह पुल ईदगाह से तहसील आगरा को जोड़ेगा।

उन्होंने आग्रह किया कि इसे पूर्व की भाँति ही निर्मित किया जाए क्योंकि प्रस्तावित परिवर्तन से जनता के कई मकान ध्वस्त हो जाएंगे, जिससे जनाक्रोश पैदा हो रहा है। इस मुलाकात के दौरान मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने आगरा की जनता की विभिन्न समस्याओं और आवश्यकताओं को लेकर गंभीरता से चर्चा की और इन मुद्दों पर त्वरित कार्यवाही का अनुरोध किया।

## खबरें एक नजर में

### बुद्धेश्वर महादेव में हुआ 20 फीट शिवशंकर प्रतिमा का अनावरण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बुद्धेश्वर महादेव के सीता सरोवर के ऊपर 20 फीट लंबी से शिव शंकर प्रतिमा का अनावरण के अवसर पर लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने जलाभिषेक कर पूजन कार्य संपन्न कराया। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि बुद्धेश्वर महादेव मंदिर बड़ी संख्या में लखनऊ वासियों का आस्था का केंद्र बना हुआ है आगामी सावन माह के पूर्व मंदिर में विकास के लिए प्रदेश सरकार निरंतर कार्यरत है जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर महानगर उपाध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल, विजय भुर्जी, अनुराग साहू, सतीश मिश्रा, पार्षद धर्मेंद्र कुमार सिंह, पार्षद प्रतिनिधि आदर्श मिश्रा, योगेंद्र, राम शंकर राजपूत, ज्योति सिंह, सतेंद्र सिंह, काका, यशु सिंह,उपस्थित रहे।

### मड़ियांव में युवक ने गोली मारकर की आत्महत्या

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के मड़ियांव में एक युवक ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना बुधवार सुबह 6 बजे की है। युवक शिशिर मिश्र की उम्र 38 साल बताई जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस को अवैध असलहा और कारतूस मिले हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों का कहना है कि गोली की आवाज सुनकर हम लोग पहुंचे। खून से लथपथ देखकर हैरान रह गए। घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी। वह न्यूरो की प्रॉब्लम से 15 साल से परेशान था। इस वजह से सुसाइड कर लिया है। शिशिर मूल रूप से रामपुर कला सीतापुर के रहने वाले हैं। लखनऊ में अपने बड़े भाई संजीव कुमार के साथ साइन सिटी में किराए के कमरे पर रहते थे। 15 साल से न्यूरो का इलाज चल रहा था। इसको लेकर काफी परेशान रहते थे। प्रारंभिक जांच में गोली मारने की वजह इलाज से तंग आने के सामने आ रही है। अभी शिशिर की शादी नहीं हुई थी। घरों के मेंटेनेंस की ठेकेदारी का काम करते थे। पुलिस टीम 315 बोर का तमंचा और खोखा कमरे से जप्त किया है। कहां से खरीद के लाए इसकी भी जांच की जा रही है।

### नागरिक सहायता कैम्प का किया गया आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहर्रम जुलूस में शांति व्यवस्था बनाएं रखने एवं जिला प्रशासन सहयोग हेतु सिविल डिफेंस, राजाजीपुरम डिवीजन ने मिल एरिया पुलिस चौकी के सामने नागरिक सहायता कैम्प का आयोजन लखनऊ नागरिक सुरक्षा के चीफवार्डेन श्री अमरनाथ मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें स्टॉफ अफसर टू चीफ वार्डेन ऋतुराज रस्तोगी, उपनियंत्रक अनिता प्रताप मौजूद रही और बड़ी संख्या में मौजूद सेक्टर वार्डेनों ने जुलूस के दौरान जिला प्रशासन का सहयोग प्रदान किया। कैम्प में सीनियर सहायक उप नियंत्रक सुमित मौर्या, डा. दिनेश माथुर, रामगोपाल सिंह, संतोष सिंह, दीप नारायण त्रिपाठी, गंगा प्रसाद यादव, सियाराम रस्तोगी, शशिकांत चौबे, वीरेन्द्र शर्मा, रतन कुमार सक्सेना, सुनील कुमार शर्मा, विनेश कुमार, संजय सिंह, अनिल कुमार मौर्य, संजय श्रीवास्तव, मनीष तिवारी सुनील कुमार श्रीवास्तव सहित आलमबाग और हिन्द नगर डिवीजन के वार्डेन मौजूद रहे।

### विजय बहादुर बीजेपी फिर से साइकिल पर सवार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ जिला पंचायत की राजनीति में अगले कुछ दिनों तक सरगर्मी रहने वाली है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष और गोसाईंगंज के वार्ड 24 के सदस्य विजय बहादुर यादव फिर से समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। उनके साथ कई ग्राम प्रधानों ने सपा की सदस्यता ली। आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश कार्यालय में विजय बहादुर यादव को पार्टी की सदस्यता दिलाई। विजय बहादुर यादव पिछले जिला पंचायत चुनाव के पहले भाजपा में शामिल हो गए थे। पहली बार लखनऊ में भाजपा का जिला पंचायत अध्यक्ष बनाने में विजय बहादुर यादव की अहम भूमिका थी। विजय बहादुर यादव के सपा में शामिल होने को भाजपा के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। भाजपा की मौजूदा जिला पंचायत अध्यक्ष की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। 2021 में हुए जिला पंचायत के चुनाव में 25 में से सबसे अधिक 11 सीटें समाजवादी पार्टी ने जीती थीं। भाजपा ने तीन, बसपा ने पांच, चंद्रशेखर आजाद की पार्टी ने एक और पांच सीटें निर्दलीयों ने जीतीं थीं। जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए 13 जिला पंचायत सदस्यों का बहुमत जरूरी था। सपा ने पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय लक्ष्मी को जिला पंचायत अध्यक्ष का उम्मीदवार घोषित किया था।

### नाबालिग की संदिग्ध मौत, रेप के बाद हत्या का आरोप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के पीजीआई इलाके में एक नाबालिग लड़की (14) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। नाबालिग 6 महीने पहले सरकारी स्कूल के टीचर के घर काम करने आई थी। 15 जुलाई को अचानक तबीयत बिगड़ने से उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि बेटी के साथ रेप के बाद हत्या की गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्नाव की रहने वाली नाबालिग पांचवी तक पढ़ी है। गरीबी के चलते लखनऊ के उपहार उद्यान इंडिगो कॉलोनी पीजीआई के रहने वाले सरकारी शिक्षक सौरभ सिंह के घर 6 महीने से केयर टेकर की नौकरी कर रही थी। सौरभ सिंह ने बताया कि नाबालिग की तबीयत पहले से खराब थी। उसे दौरे पड़ते थे। लोकबंधु अस्पताल में इलाज चल रहा था। 15 जुलाई को अचानक उसे दौरे पड़ने लगे। लोकबंधु अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद नाबालिग के घर वालों को मामले की सूचना दी। नाबालिग के परिजनों ने कहा कि जब हम लखनऊ पहुंचे तो पुलिस ने शव का पंचनामा कर दिया था। मां का आरोप है कि बेटी के शव पर काफी चोट के निशान थे। रेप के बाद बेटी को मारा गया है। वहीं पीजीआई पुलिस का कहना है कि मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। मां के आरोप की जांच कर रहे हैं। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जल्द दूर होंगी संविदा कर्मियों की समस्या

## उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**वेतन नीति के अभाव के कारण वेतन विसंगति व्याप्त**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुलाकात कर संविदाकर्मियों की मांग को रखा है। जिस पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने जल्द समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है।

दरअसल, नेशनल हेल्थ मिशन के कर्मचारियों की मांगें अभी तक पूरी नहीं हुई हैं। जिसके कारण 1 लाख से अधिक कर्मचारियों की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। लंबे समय से संविदा कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर संघर्ष करते आ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ की तरफ से इन्ही मांगों को लेकर 30 जुलाई को नेशनल हेल्थ मिशन के लखनऊ स्थित कार्यालय पर एकत्रित होने और प्रदर्शन करने की अपील जारी की गई है। इससे पहले संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को डिप्टी सीएम से मुलाकात करने उनके आवास पहुंचा। डिप्टी सीएम से मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में लगभग 1.35 लाख संविदा कर्मचारी कार्यरत हैं। इन कर्मचारियों ने कोविड महामारी के दौरान महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसके लिए सरकार की तरफ से इन कर्मचारियों को प्रोत्साहित भी किया गया था। लेकिन, उत्तर प्रदेश में इन कर्मचारियों को नीति के अभाव के कारण कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसका कारण वेतन नीति और स्थानांतरण नीति का न होना है। संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय ने बताया है कि वेतन नीति के अभाव के कारण वेतन विसंगति व्याप्त है और स्थानांतरण नीति न होने के कारण अल्प वेतन भोगी संविदा कार्मिकों को तैनाती अत्यंत दूर स्थानों पर मिलती है, जिससे उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन्ही दो प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग संविदा कर्मचारी कर रहे हैं। इसके अलावा जिन पदों पर स्वास्थ्य विभाग ने नियुक्ति निकाली है, उन पदों पर छभ्ड कार्मिकों का समायोजन, सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्यरत कार्मिकों का जिला स्वास्थ्य समिति में समायोजन करने की मांग की गई है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर से भी मुलाकात कर छभ्ड कार्मिकों की सामाजिक सुरक्षा के विषय पर चर्चा हुई है। किसी को भी निकाला नहीं जाएगा। नियमित नियुक्तियों में वरीयता पर डिप्टी सीएम ने कहा है कि यह नियमावली संशोधन का विषय है।



**एक नीति निर्धारित करते हुए ग्रेड पे किया जाएगा निर्धारित**

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सभी मांगों को सुनने के बाद कहा कि पिछली बैठक में उपलब्ध कराई गई पत्रावली के आधार पर मुख्यमंत्री से स्थानांतरण के लिए अनुमोदन ले लिया गया है। स्थानांतरण की सहमति बनी है और रिक्त पदों पर स्थानांतरण के लिए प्रयास जारी हैं। वेतन विसंगति को लेकर उन्होंने कहा कि जानकारी दी गई है कि 2016 से बजट आ रहा है, लेकिन उसका उपयोग नहीं हो पाया है। मध्य प्रदेश की भांति सभी कर्मचारियों के लिए एक नीति निर्धारित करते हुए ग्रेड पे निर्धारित किया जाएगा। इस पर सहमति बनी है और जल्द ही एक समिति का गठन होगा, जिसमें संगठन का प्रतिनिधि भी शामिल होगा। समिति वेतन विसंगति पर कार्य करेगी और मुख्यमंत्री का अनुमोदन मिलने पर समस्याओं का समाधान किया जाएगा। कोविड कर्मचारियों के समायोजन पर उन्होंने कहा कि अधिकांश कर्मचारियों की व्यवस्था कर दी गई है। लगभग 2200 कर्मचारी बचे हैं जिन्हें समायोजित करने की तैयारी की जा रही है।

# अकबरनगर निवासियों को दोबारा स्थापित करें सरकार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ बचाओ संघर्ष समिति ने सरकार से मांगा जवाब**

**लखनऊ।** पंतनगर, अबरारनगर, खुर्रमनगर, रहीमनगर, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी और स्कॉर्पियो क्लब की बेदखली के आदेश को सरकार से वापस कराने के बाद लखनऊ बचाओ संघर्ष समिति ने राजनीतिक प्रस्ताव में सरकार से पूछा है कि उसे प्रदेश की जनता और लखनऊ के नागरिकों को बताना चाहिए कि उसने अकबरनगर को क्यों बुलडोज किया?

समिति ने कहा है कि जब सरकार और प्रशासन के लोग लिखित रूप से स्वीकार रहे हैं कि सिर्फ 35 मीटर रिवर बेड में कुकरैल रिवर फ्रंट का निर्माण किया जाना है और फ्लड प्लेन एरिया जो 50 मीटर है उसका न तो कोई प्रस्ताव है और न आवश्यकता। तब प्रशासन ने अकबरनगर में नदी से 500 मीटर दूर तक के क्षेत्र को बुलडोजर लगाकर तहस-नहस करने का काम क्यों किया है? सरकार के बुलडोजर राज के कारण हालात यह है कि अकबरनगर के लोग अपने घर, मकान, रोजगार से वंचित हो गए, सैकड़ो लोग आवास पाने के लिए दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं और बसंत कुंज में जो आवास उन्हें आवंटित किया गया है उसका पैसा मांगा जा रहा है। वहां सरकारी शिक्षा-स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। सरकार से मांग की गई कि उसे तत्काल प्रभाव से अकबरनगर को बुलडोजर करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, उजाड़े गए परिवारों को मुआवजे के साथ अकबरनगर में पुनरू स्थापित करना चाहिए और लोगों के सम्मानजनक जीवन के लिए रोजगार व बुनियादी नागरिक सुविधाओं का इंतजाम करना चाहिए। साथ ही बसंत कुंज आवासीय योजना में जो आवास दिए गए हैं उन्हें फ्री करना चाहिए। प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त करने वालों में लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति रूप रेखा वर्मा, सपा की मेयर पूर्व प्रत्याशी वंदना मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता डाक्टर रमेश दीक्षित, सीपीएम राज्य सचिव मंडल सदस्य मधु गर्ग आदि शामिल थे।

# मेरठ के विभिन्न मार्गों पर 10 बस स्टॉप्स का होगा मेकओवर

समृद्धि न्यूज

**विकास कार्य को पूर्ण करने के लिए 1.70 करोड़ का होगा व्यय**

**लखनऊ/मेरठ।** राज्य सरकार के मंशा अनुसार मेरठ शहर के विभिन्न मार्गों पर स्थित 10 बस स्टॉप्स व यात्री शेल्टर्स का मेकओवर कर उन्हें आधुनिक बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इससे न केवल यात्री सुविधाओं में विकास की प्रक्रिया को गति मिलेगी बल्कि शहर के सौंदर्यीकरण का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

एमडीए ने अवस्थापना निधि के जरिए इन सभी कार्यों को पूर्ण करने की तैयारी शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए एमडीए द्वारा सिंगल बिड प्रक्रिया के अंतर्गत आवेदन मांगे गए हैं जिससे एजेंसी निर्धारण की प्रक्रिया को पूरा कर उसे कार्य आवंटित किया जाएगा। इस विकास कार्य को पूर्ण करने के लिए 1.70 करोड़ रुपये का व्यय होगा। एमडीए की कार्ययोजना के अनुसार, जिन 10 बस स्टॉप्स व यात्री शेल्टर्स के कायाकल्प की प्रक्रिया को पूरा किया जाना है, उसमें यूनिवर्सिटी के दो बस स्टॉप्स, तेजगढ़ी बस स्टॉप, हापुड़ बस अड्डा बस स्टॉप, मेरठ मेडिकल कॉलेज में दो बस स्टॉप, बच्चा पार्क बस स्टॉप तथा जीआईसी बस स्टॉप शामिल हैं। इन सभी बस स्टॉप में यात्री शेल्टर्स में विभिन्न प्रकार के विकास कार्य किए जाएंगे। इन्हें सोलर सेटअप से युक्त किया जाएगा तथा मुख्यतः छह प्रकार के विकास कार्यों को यहां पूर्ण किया जाएगा। बस शेल्टर्स छह मीटर लंबे व 2.5 मीटर चौड़े होंगे। इन्हें टफेन बैक सपोर्ट ग्लास युक्त किया जाएगा तथा कर्व ट्यूब स्ट्रक्चर के तौर पर बनाया जाएगा। सभी 10 यात्री शेल्टर्स को एफआरपी सिटिंग सपोर्ट सिस्टम युक्त बेंचों की स्थापना की जाएगी। यह हेवी ड्यूरिबिलिटी और लॉन्ग ऑपरेशन पीरियड युक्त होंगी और 1750 मिलीमीटर लंबी एसएस 304 ग्रेड बेंचें होंगी। शेल्टर्स की छत आठ मिलिमीटर मल्टी वॉल पॉली कार्बोनेट शीट युक्त होगी। इतना ही नहीं, छत को फॉल्स सीलिंग युक्त भी किया जाएगा जो कि एक मिलिमीटर एसीपी शीट युक्त होगी। बस स्टॉप्स व यात्री शेल्टर्स पर आईपी 67 मानक की एलईडी लाइट्स भी लगाई जाएंगी तथा वन किलोवॉट क्षमता का ऑन ग्रिड सोलर इन्वर्टर सिस्टम को भी इंस्टॉल किया जाएगा।

# डिजिटाइजेशन के समर्थन पर शिक्षक पर गिरी गाज

**लखनऊ।** योगी सरकार द्वारा बेसिक विद्यालयों में छात्रों के हित में लिए गए डिजिटाइजेशन के निर्णय का समर्थन करना एक शिक्षक को भारी पड़ गया। राष्ट्रीय शिक्षक महासंघ, उत्तर प्रदेश (माध्यमिक संवर्ग) ने शिक्षक को उनके जनपदीय दायित्व से निलंबित कर दिया गया। कानपुर के हर सहाय जगदम्बा इंटर स्कूल में प्रवक्ता पद पर कार्यरत सर्वेश तिवारी ने एक अखबार को दिए अपने वक्तव्य में डिजिटाइजेशन का समर्थन किया था। उन्होंने कहा था कि निजी स्कूलों से मुकाबले के लिए सरकारी स्कूलों का डिजिटाइजेशन अति आवश्यक है। सर्वेश तिवारी ने बताया कि उन्होंने डिजिटल अटेंडेंस को लेकर कोई वक्तव्य नहीं दिया। न ही उन्होंने इसका समर्थन किया है। उन्होंने सिर्फसरकार द्वारा विद्यालयों में डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया का समर्थन किया है। बेसिक शिक्षा में डिजिटाइजेशन का लाभ आज छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों को भी मिल रहा है। अब छुट्टियां लेना हो या फिर सीसीएल लेनी हो, शिक्षकों को बीआरसी के चक्कर नहीं काटने पड़ते। मोबाइल पर ऑनलाइन वो छुट्टियों के लिए आवेदन कर देते हैं। यह भी डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया का ही हिस्सा है।

# ठगी करने वाले चार सदस्यों को एसटीएफ ने पकड़ा

**फर्जी डीमैट अकाउंट करते थे बनाकर वारदात**

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने शेयर बाजार में लाभ दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरोह की महिला सरगना को भी गिरफ्तारी की गई है। आरोपी विदेश भागने की तैयारी में थे। पुलिस ने बताया कि चारों आरोपियों ने देश-विदेश के अलग-अलग जगहों से 2500 निवेशकों करीब 150 करोड़ रूपए की ठगी की है। ये लोग फर्जी डीमैट खाता खोलकर ट्रेडिंग के जरिए ठगी की वारदात को अंजाम देते थे।

आरोपियों ने फर्जी डीमैट अकाउंट और सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) जैसी संस्थाओं के फर्जी लाइसेंस दिखाकर निवेशकों से ठगी की थी। जिसमें यूपीएसटीएफ ने कार्रवाई करते हुए 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को इन्वेस्ट के नाम पर 150 करोड़ की ठगी की सूचना मिली। 506 कानपुर रोड आजाद नगर लखनऊ के रहने वाले नासिर अली पुत्र साकिर अली अपनी पत्नी, भाई व अन्य लोगों के साथ मिलकर शेयर मार्केट में इन्वेस्ट कराकर इन्वेस्टरों का पैसा हड़पने का काम करते हैं। नासिर अली साल 2018 से ये काम कर रहा है। ठगी का काम करने के लिए कई फर्म रजिस्टर करा रखी है। नासिर अली व उनकी टीम लोगों को लोक लुभावन ऑफर देना कि यह एक सेफ इन्वेस्टमेंट है। जिसमें मूल पूँजी हमेशा सुरक्षित रहेगी और अगर निवेशक अपना पैसा वापस लेना चाहे तो 3 दिन पहले बताने पर पूरा पैसा वापस हो जाएगा। इन्वेस्टमेंट करने वाले के एकाउंट में 10 प्रतिशत उसके खाते में हर महीने जाता रहेगा। निवेशकों को किसी प्रकार का शक न हो इसके लिए गूगल प्ले स्टोर पर एक एप फैन कैपिटल सर्विसेस के नाम से बनाया गया। जिसका एडमिन राईट नासिर अली के पास था। इस एप के जरिए निवेशकों की डिटेल लेकर उनका खाता खोला जाता था। जिस पर निवेशकों की इन्वेस्ट अमाउंट का ब्योरा अपने अनुसार दिखाया जाता था। एप का एडमिन राईट होने से उसे नियंत्रित करते हुए जिन खातों की देनदारी ज्यादा हो जाती है उसे डीएक्टिवेट करके निवेशकों को झूठी सूचना देते रहना। पैसा मांगने पर सर्वर अपडेट, सॉफ्टवेर अपडेट, आदि बहाने बताकर भुगतान को रोके रखना। धीरे धीरे निवेशकों को कानूनी दांवपेंच में फँसाने की धौंस दिखाने के लिए फर्जी मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देकर डराता था। निवेशकों की शिकायत पर सरोजिनी नगर पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने अपार्टमेंन्ट, ब्लाक- बी फ्लैट 205 थाना सरोजनी नगर के रहने वाले नासिर अली पुत्र शाकिर अली और उनकी पत्नी सलमा बानो, न्यू गडोरा के रहने वाले जाकिर अली पुत्र शाकिर अली, गोपाल नगर थाना कृष्णा नगर के रहने वाले सौरभ बाबू पुत्र अशोक कुमार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि लोगों को शेयर बाजार में एक निश्चित लाभ देने का झांसा देकर पैसे इन्वेस्ट कराना। डीमैट अकाउंट खोलकर ट्रेडिंग करने के लिए फंड जुटाना और फर्जी डीमैट अकाउंट खोलकर सेबी जैसी संस्थाओं के फर्जी लाइसेंस दिखाकर देश की अलग-अलग जगहों से निवशकों से करोड़ों रुपए की ठगी धोखाधड़ी करने की बात कबूल की।




**गोमतीनगर पर्वतीय महापरिषद भवन में हरेला पर्व में भाग लेती महापौर सुषमा खर्कवाल**

समीक्षा — ऊर्जा मंत्री ने की आजमगढ़ और मऊ के पौधरोपण कार्यक्रम की समीक्षा

# ग्रामीण सड़कों के किनारे फूल व फलदार पौधों को करें रोपित

**नगरीय क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारी साफ किये गये कूड़ा स्थलों पर कराएं पौधरोपण**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन व निर्देशन में 20 जुलाई को पूरे प्रदेश में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाने जा रही है। इस बार प्रधानमंत्री की प्रेरणा से एक पेड़ मां के नाम पर निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक पौधरोपण कराने का प्रयास किया जायेगा।

पौधरोपण से पहले स्थानों का चिन्हांकन, गड्डों की खुदाई, लक्ष्य के अनुरूप नर्सरी से पौध उठान कर सभी विभागों के लिए निर्धारित स्थानों पर समय से पहुंच जाए। विभागों के अधिकारी पूरी तन्मयता से समन्वय बनाकर कार्य करेंगे। आजमगढ़ और मऊ के जिलाधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि पौधरोपण कार्यक्रम में कहीं से भी शिकायत नहीं आनी चाहिए। पौधरोपण कार्यक्रम में लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित हो। इसके भी प्रयास किये जाए। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री शर्मा आगामी 20 जुलाई को मऊ और आजमगढ़ पहुंचकर वृक्षारोपण अभियान में प्रतिभाग कर पौधरोपण करेंगे। उन्होंने बुधवार को जल निगम के फील्ड हास्टल में आजमगढ़ और मऊ में 20 जुलाई को होने वाले पौधरोपण कार्यक्रम और इसकी तैयारियों को लेकर वर्चुअल समीक्षा की। दोनों जनपदों के जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि पौधरोपण कार्यक्रम की नियमित मॉनीटरिंग करें।

पौधरोपण के लिए संबंधित विभागों के कार्मिकों और जनपदवासियों को अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करायें। इस बार का पौधरोपण कार्यक्रम बहुत ही पवित्र संस्कारों के साथ एक पेड़ मॉ के नाम पर संचालित किया जा रहा है। जिसमें हर एक प्रदेशवासी की भागीदारी होनी चाहिए। नगर विकास मंत्री ने कहा कि नगरीय क्षेत्र हो या ग्रामीण सभी जगह पौधे ऐसे स्थानों पर रोपित किये जाए, जहां पर पौधों की देखभाल अच्छे से की जा सके। नगरीय क्षेत्रों में सरकारी कार्यालयों, धार्मिक, ऐतिहासिक व सार्वजनिक स्थलों, सड़कों के किनारे, तालाबों और झीलों के किनारे, डिवाइडरों पर पौधरोपण करायें। नगरीय निकाय क्षेत्रों के सभी अधिशासी अधिकारी साफ किये गये कूड़ा स्थलों पर पौधरोपण करायें, जिससे वह स्थान दुबारा गंदा न होने पाए। नगरीय एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में अधिक से अधिक थीमवेस्ड पौधरोपण करायें, जिसमें मियावाकी पार्क, औषधिवन, नक्षत्रवन, उपवन आदि बनाये जा सकते हैं। जहां पर लोगों के जाने से उन्हें दो पल का सुकून मिले। ग्रामीण क्षेत्रों में भी ग्रामीण सड़कों और तालाबों के किनारे फूलदार व फलदार पौधों का रोपण करायें।

किसानों के खेतों की मेड़ों पर उनके लिए आर्थिक रूप से लाभदायक पौधों का रोपण कराया जाए। उन्होंने कहा कि पौधों की सुरक्षा के लिए ट्रीगार्ड लगायें, फेंसिंग कराये तथा पूरी जिम्मेदारी के साथ लगाये गये पौधों की देखभाल भी करें। पौधों के संरक्षण के लिए लोगों को भी जागरूक करें।


**Information**

I, Sheetal Rathore spouse of Late Upendra Singh resident of Mohalla/Street New Indra Colony, Vill- Loco Road Bholepur, Post- Fatehgarh, Tehsil- Sadar, Distt- Farrukhabad, Uttar Pradesh, PIN-209601 have changed my Name from SHEETAL RATHOURE to SHEETAL RATHORE, vide Affidavit dated 17 July 2024 before Fatehgarh Court. (Name and place of the Court).

## हाईटेंशन तार की संपर्क में आया मुहर्रम का ताजिया, एक की मौत

# करंट से झुलसे कई लोग

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

जिले के अलग अलग थाना क्षेत्र में मोहर्रम ताजिया जुलूस के दौरान हाई टेशन तार से ताजिया टकरा गई। जिस में आग लगने और करंट उतरने से एक बालक और एक युवक की मौत हो गई। करीब एक दर्जन लोगों झुलस गए। दो लोगो की हालत गम्भीर होने पर उन्हें लखनऊ मेडिकल कालेज के लिए रेफर किया गया। उमरी बेगम गंज थाना क्षेत्र के निरंजन तिवारी पुरवा गांव में मोहर्रम पर रखी गई ताजिया का जुलूस बुधवार के दिन निकाला गया। ताजिया का जुलूस निरंजन तिवारी पुरवा ग्राम से कर्बला के लिए ले जा रहे थे। पकवान गांव के पास लगे 11 हजार हाई बोल्टेज तार को उठाने लगे तभी ताजिया की ऊँचाई अधिक होने की वजह टकरा गई जिस में आग लग गई। 12 वर्षिय असरफ अली पुत्र झुररे उर्फ मो अली, 12वर्षिय रियासत अली पुत्र मो अली, 17 वर्षीय नूर आलम पुत्र चैतू आ गये। इलाज के लिए मेडिकल कालेज लाया गया। चिकित्सक ने असरफ अली को देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। रियासत अली और नूर आलम का इलाज चल रहा है। दूसरी घटना इटिया थोक थाना क्षेत्र के तेलियानी



कानून गो ग्राम की ताजिया का जुलूस नौशहरा में स्थित कर्बला ले जा रहे थे। ताजिया की ऊँचाई करीब 45 फुट की थी। एक लाख 33 हजार एच टी लाइन के चपेट में आने से आग लग गई। जिस के चपेट में 30 वर्षिय अकरम अली पुत्र मो शमशाद 14 वर्षिय साहिल पुत्र बच्छ राज 31 वर्षिय गया प्रसाद पुत्र राधेश्याम, 30 वर्षिय बब्बू पुत्र नगीना 30 वर्षिय मुन्नी पत्नी इसराइल झुलस गये। इलाज के लिए मेडिकल कालेज में लाकर भर्ती कराया गया। बब्बू और अकरम की हालत गम्भीर होने पर लखनऊ मेडिकल कालेज के लिए रेफर किया गया। तीसरी घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के बड़गाँव घोसियाना निवासी 45 वर्षिय नूर आलम पुत्र मो हनीफ ताजिया का जुलूस आवास विकास स्थित कर्बला ला रहे थे। ताजिया को निकालने के दौरान हाई टेशन तार से टकरा गई। जिस से घायल हो गया।

## सांप काटने से युवक की मौत, तीन बच्चों के सर से उठा पिता का साया

**मनकापुर/ गोंडा, समृद्धि न्यूज।** मनकापुर थाना क्षेत्र के बक्सरा आज्ञाराम मजरा धोबहा गांव में एक युवक को विषैले सांप ने काट लिया। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। गांव निवासी हरी प्रसाद 30 वर्षीय पुत्र दीनानाथ 12 जुलाई की सुबह अपने घर पर सोया हुआ था तभी एक विषैले सांप ने काट लिया घटना की जानकारी होने पर परिजनों द्वारा मनकापुर सीएचसी लाया गया मनकापुर सीएचसी में इलाज के बाद मरीज को रिफर कर दिया उसकी हालत गंभीर होने पर उसे इलाज के लिए अयोध्या जिला अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान तीन दिन बाद 16 तारीख उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया मृतक की शादी लगभग 18 साल पहले हुई थी उनकी दो बेटी लक्ष्मी उम्र 13 वर्ष सुभी 8 वर्ष व एक बेटा सनोज कुमार उम्र 5 वर्ष के बच्चे हैं युवक दिहाड़ी मजदूरी व खेती करके घर परिवार चलता था युवक की मौत के बाद पूरे गांव में मातम छा गया।

## ताजिया रखकर इमाम हुसैन की शहादत को किया याद

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

मुहर्रम मुस्लिम समुदाय का एक महत्वपूर्ण पर्व है और इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना है. इस महीने का दसवां दिन जिसे आशूरा के रूप में मनाया जाता है, जो मुस्लिम समुदाय के लोग इस दिन को मातम और शोक के रूप में मनाते हैं। इसी दिन कर्बला की जंग में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के छोटे नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत हुई थी। इस महीने को इमाम हुसैन की मौत के मातम के रूप में याद किया जाता है 9 वी मोहर्रम को जनपद गोण्डा में कई सालों से खानदानी परम्पराओ की तरह मुहर्रम को मानते चले आ रहे है गोण्डा के राजेंद्र नगर मोहल्ले के रहने वाले अज़हरुद्दीन आज़म कई सालों से तजिया रखते चले आ रहे है और इमाम हुसैन की सहादत को याद



करके शोक व्यक्त करते चले आ रहे है मुहर्रम के दिन लोग गमजदा होकर ताजिए निकालते हैं और दुख प्रकट करते हैं। इस्लामी कैलेंडर के अनुसार 17 जुलाई को दुनिया भर में आशूरा मनाया जाएगा। आशूरा के दिन ही ताजिए निकाले जाते है और ताजियादारी की जाएगी। आशूरा यानी मुहर्रम के माह के दसवें दिन इस्लाम की रक्षा करने वाली कर्बला की जंग में इमाम हुसैन सबसे छोटे लड़के थे, जो लड़ते हुए शहीद हो गए थे।

जिनकी सहादत को तजियादार लोग याद करते है इसी प्रकार से आज़म ने भी गोण्डा देहात कोतवाली के पास तजिया रखकर इमाम हुसैन की सहादत को याद किया और आज़म 9 व 10 मुहर्रम को रोज़े भी रखते है जब इस संबंध में आज़म से जानकारी ली गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि हमारे पुरखो से यह कार्यक्रम चला आ रहा है जिसे हमने अभी तक बरकरार रखा है ये त्योहार को हम शांति पूर्वक तरीके से मनाते है और लोगो को भी जागरूक करते है।

## खोरहंसा चौकी इंचार्ज पर पीड़ित को धमकाने का आरोप

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

एक दलित सामाजिक कार्यकर्ता ने कुछ लोगों पर जातिसूचक गालियां देने तथा धमकाने का आरोप लगाते हुए अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग को शिकायती पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। इसके साथ ही पीड़ित द्वारा चौकी प्रभारी पर भी धमकी देने का आरोप लगाया गया है।

कोतवाली देहात की खोरहंसा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत जमुनियाबाग (चिश्तीपुर) निवासी दलित राम जियावन गौतम पुत्र स्वर्गीय चुन्नीलाल गौतम ने एससी-एसटी आयोग को भेजे गए शिकायती पत्र में कहा है कि 8 जुलाई को रात करीब 9 बजे ई-रिक्शा चालक अर्जुन मौर्या पुत्र रामसुंदर मौर्य निवासी चिश्तीपुर ने उसके मोबाइल पर फोन किया और बताया कि रात अधिक हो जाने के कारण वह सवारी लेकर नहीं जाना चाहता है मुअज्जम के ईंठ भट्ठे के पास कुछ लोगों ने रोक लिया है और अपने साथ जबरदस्ती ले जाना चाहते हैं। इस पर राम जियावन ने उनसे फोन पर बात की। आरोप है कि दबंगों ने उसे भद्दी-भद्दी जातिसूचक गालियां देते हुए धमकी दी। कहा कि बहुत नेता बनते हो। सरकार हमारी है। तुम्हारे घर आकर बताता हूं। पीड़ित का आरोप है कि रात करीब 09.30 बजे कोतवाली देहात के विशुनागा गांव के दो लोग अपने 8-10 अन्य साथियों के साथ उसके घर पर पहुंचे और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए मां-बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। आरोप है कि जब उसने विरोध किया तो धमकी दी गई। इस बाबत 9 जुलाई को पीड़ित ने कोतवाली देहात में तहरीर दी। 12 जुलाई को उक्त प्रकरण में खोरहंसा चौकी प्रभारी द्वारा शाम 6 बजे दोनों पक्षों को चौकी पर बुलाया गया।



पीड़ित राम जियावन गौतम का आरोप है कि चौकी प्रभारी भी आपे से बाहर हो गए और धमकी देते हुए कहा कि बहुत नेता बनते हो। चार लाठी मारूंगा दिमाग ठीक हो जाएगा। तुम्हारी नेतागिरी दो मिनट में ठीक कर दूंगा। आरोप है कि चौकी प्रभारी ने धमकाते हुए पीड़ित को चौकी से भगा दिया। इस पर निराश होकर दलित सामाजिक कार्यकर्ता राम जियावन गौतम ने एससी-एसटी आयोग को प्रार्थना पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में खोरहंसा चौकी प्रभारी ने बताया कि जो शिकायत आयोग से की गई है, उसकी रिपोर्ट चली जाएगी। ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है।

## प्रधान पति ने पत्रकार को धमकाया

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

**अतिरिक्त कक्ष की खबर प्रकाशित करने पर बौखलाए प्रधानपति**

जनपद के विकासखंड पंडरी कृपाल के ग्राम पंचायत बकठेरवा में पंचायत भवन में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण होना था।लेकिन वह अभी तक नहीं हुआ आधा अधूरा पड़ा हुआ था। विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार विगत दिनों ग्रामसभा बकठेरवा में पत्रकारों के द्वारा पंचायत भवन में बन रहे अतिरिक्त कक्ष की आधा अधूरा होने की जानकारी प्राप्त हुई तो मौके पर देखा गया कि पंचायत भवन में बन रहा अतिरिक्त कक्ष आधा अधूरा ही पड़ा था। आंगनबाड़ी के सामने लगा इंडियामार्का नल खराब पड़ा था।इस सब की जानकारी प्रधान और एडीओ पंचायत से दूरभाष पर ली गई इसी को लेकर भ्रष्टाचार उजागर के मामले को लेकर बौखलाए ग्राम प्रधानपति ने पत्रकार के मोबाइल पर फोन करके उलूल -जलूल बातें किया और कहां की जो मैं कहूं उसको छपिये आपने ऐसा क्यों छापा मै आप से मिलना चाहता हूं। और आप हमारे ग्राम पंचायत बकठेरवा में आए। नहीं तो मैं कल आपके खिलाफ खबर प्रकाशित करवाऊंगा। मालूम हो कि बकठेरवा प्रधानपति संचित लाल यादव पंचायत भवन में एक अतिरिक्त कक्ष का निर्माण करवाया था। जो कि आधा अधूरा छोड़ दिया गया था। जिस खबर को पत्रकारों द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। प्रधानपति अपना भ्रष्टाचार छुपाने को लेकर ग्राम प्रधानपति बकठेरवा का गुस्सा सातवें आसमान पर जा पहुंचा और अपना आपा खोते हुए देश के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले मीडिया बंधुओं के खिलाफ खबर छपवाने तक की बात कह डाली।

## जनसमस्याओं के निराकरण के लिए पंकज कुमार ने मंडल रेल प्रबंधक को कराया अवगत

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय परामर्शदात्री समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने मण्डल रेल प्रबन्धक से मिलकर जनसमस्याओं के निराकरण हेतु अवगत कराया। जेडआरयूसीसी सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार से लखनऊ कार्यालय में मिलकर गोरखपुर से नई दिल्ली वाया गोण्डा तक आवागमन हेतु वंदेभारत एवं राजधानी सुपरफास्ट ट्रेन का संचालन, कोरोना काल से बन्द गोण्डा से लखनऊ तक पैसेन्जर सवारी गाड़ी की शुरूआत किये जाने, मनकापुर से अयोध्या धाम तक आने-जाने वाली पैसेन्जर सवारी गाड़ी का संचालन गोण्डा तक किये जाने, प्रायः बंद एक्सलेटर (स्वचलित सीढ़ी) एवं लिफ्ट चलाये जाने, गोण्डा में



निर्माणाधीन मेमो/पैसेन्जर सवारी गाड़ी हेतु प्लेटफार्म एवं वाशिंग पिट लाइन के निर्माण को पूर्ण कराने सहित गोण्डा जंक्शन लोको शेड में अनियमितता एवं भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाते हुए असामाजिक तत्वों एवं बाहरी ठेकेदारों के आवागमन पर रोक लगाये जाने, रेलवे लोको शेड में विगत कई वर्षों से कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्थानान्तरित किये जाने, पुराने पिट को तोड़कर इलेक्ट्रिक शेड के हिसाब से नई पिट बनाये जाने, रेलवे लोको शेड में सीनियर सेक्शन इंजीनियर, अवर अभियन्ता एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किये जाने एवं उनके द्वारा कर्मचारियों पर दबाव एवं शोषण रोके जाने, विगत दिनों गोण्डा लोको शेड में जल भराव से उतरे करेन्ट के चपेट में आने से रेल कर्मी की जान चली गयी सम्पूर्ण प्रकरण की मण्डलीय स्तरीय जांच कराये जाने, गोण्डा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर बुजुर्गों, दिव्यांगों की सुविधा हेतु बैट्री चलित रिक्शा संचालित किये जाने समेत कई बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव के साथ उमेश श्रीवास्तव, महेन्द्र कुमार, राजेश श्रीवास्तव, दानिश, देवेन्द्र गुप्ता, संजय कुमार, सुनील, अजय, रमन, जुगनू जायसवाल समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे। मण्डल रेल प्रबन्धक द्वारा उपरोक्त समस्याओं के निराकरण के सम्बन्ध में आश्वस्त किया गया।

## खबरें एक नजर में

### शहरी क्षेत्र में हुई 43 करोड़ की बिजली चोरी, हड़कंप

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी के आंकड़े सामने आने के बाद महक में में हड़कंप मचा हुआ है। उत्तर प्रदेश स्तर पर पावर कॉरपोरेशन की ओर से की गई विभागीय समीक्षा के दौरान सामने आया है। जिले के शहरी क्षेत्र में एक वर्ष में 45 करोड़ की बिजली चोरी हुई है। वहीं अगर इसमें ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ दिया जाए तो यह आंकड़ा 100 करोड़ के करीब है। बड़े पैमाने पर विद्युत चोरी व राजस्व के नुकसान को रोकने के लिए विद्युत विभाग की ओर से कई कदम उठाए जा रहे हैं। आंकड़े सामने आने के बाद जिले के विद्युत महकमें में हड़कंप मचा हुआ है। अधीक्षण अभियंता ने शीघ्र ही घाटे को पूरा कर विद्युत चोरी रोकने के लिए स्मार्ट के साथ अन्य कारगर कदम उठाने की बात कही है। अधीक्षण अभियंता सत्य प्रकाश ने बताया कि जिले की शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर 100 करोड़ के राजस्व का नुकसान हो रहा है। इसको रोकने के लिए स्मार्ट मीटर लगाने की कवायत शुरू करने के साथ अभियान चलाकर कमर्शियल व घरेलू कनेक्शन की जांच कर उनका वाट बढ़ाने के साथ अन्य उपाय किए जा रहे हैं जिसे शीघ्र ही इस घाटे को पूरा किया जा सके।

### बाइक सवारों पर गांव में घुसकर तेंदुए ने मारा झपटा-मुश्किल से बची जान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नानपारा रेंज में लगातार तेंदुए के हमलों से लोग दहशत में हैं। ताजा घटना रेंज के मदारगढ़ी गांव के निकट हुई है, जहां बाइक सवार तीन लोगों पर तेंदुए ने हमला कर दिया। इस हमले में तीनों लोग बुरी तरह घायल हुए हैं। हमला करने के बाद तेंदुआ तेजी से जंगल में भाग गया। घायलों का इलाज जारी है। बहराइच वन प्रभाग के नानपारा रेंज के शंकरपुर मदारगढ़ी गांव में तेंदुआ घुस गया। इसी दौरान उसने सामने से जा रहे बाइक सवार मटेरा निवासी अन्नू सिंह (50), निहालपुरवा मोनू सिंह (25) और रिंकू सिंह पर हमला कर दिया। तेंदुए के हमले में तीनों घायल हो गए। हमले में घायल अन्नू सिंह ने बताया कि चलती बाइक पर तेंदुआ हम पर झपटा, इससे पहले कि हम कुछ समझ पाते उसने काटना और पंजे मारना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि बड़ी मुश्किल से हमारी जान बची है। इस घटना के बाद वनकर्मी मौके पर पहुंचे और लोगों से तेंदुए को लेकर जानकारी जुटाई।



### बाइक की ठोकर से साइकिल सवार बालक की मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नानपारा नवाबगंज मार्ग पर तेजाफाटा गांव के पास साइकिल सवार बालक को बाइक सवार ने ठोकर मार दी। गंभीर रूप से घायल बालक की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महालिया निवासी दुन्ना खां का आठ वर्षीय पुत्र मंगलवार शाम को साइकिल चला रहा था। सड़क किनारे साइकिल चलाते समय बाइक सवार ने ठोकर मार दी। जिससे साइकिल सवार बालक जमीन पर गिर गया। उसके सिर में गंभीर चोट आ गई। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान देर रात को बालक की मौत हो गई। इस पर परिवार में कोहराम मच गया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों के मुताबिक हादसा करने वाला बाइक सवार मिर्जापुर तिलक गांव का निवासी है।

## बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए समय-समय पर मार्गदर्शन करना जरूरी : अभिषेक

- सत्या कोचिंग संस्थान का हुआ भव्य शुभारंभ

जरवलरोड, बहराइच समृद्धि न्यूज़।





वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत जरवलरोड किसान इंटर कालेज, भरत पब्लिक मांटेसरी विद्यालय में वृक्षारोपण के साथ सत्या कोचिंग सेंटर उदघाटन कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पुरा छात्र वर्तमान में वन क्षेत्राधिकारी कैसरगंज अभिषेक सिंह ने कहा जिस प्रकार हरे भरे व स्वस्थ्य पर्यावरण के लिए एक पौधे को रोपित किया जा रहा है इसी प्रकार से विद्यालय व कोचिंग संस्थान में बच्चों के अंदर भविष्य निर्माण के लिए शिक्षा व संस्कार के बीज रोपे जाते हैं। सुनहरे भविष्य के लिए समय-समय पर उनका मार्गदर्शन जरूरी है जिसमें कोचिंग संस्थान महत्पूर्ण भूमिका निभाते है। अंत में उन्होने कहा कि कोचिंग सेंटर में बेहतर शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को मानवता का पाठ भी पढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य सुनिधि देव मिश्रा ने मंत्रोचार व पूजन अर्जन के बाद अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जरवल ब्लॉक प्रमुख इंजीनियर विपेंद्र प्रताप सिंह ने कोचिंग के डायरेक्टर महेश चंद्र व संचालक मनीष कश्यप को बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सत्या कोचिंग सेंटर मील का पत्थर साबित होगा। खंड विकास अधिकारी अमन वर्मा ने कहा कि शिक्षा से ही परिवार, समाज व देश की उन्नति हो सकती है। यह कोचिंग संस्थान छात्र छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ जीवन के सभी परीक्षाओं व चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करेगा। भरत पब्लिक मांटेसरी स्कूल परिसर में आयोजित में इस कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी ओम प्रकाश अवस्थी ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक अजय सिंह बृजेश पाल,लोको पायलट योगेश मिश्रा ने भी अपने-अपने विचार रखे।

इस दौरान वन दरोगा शीतला प्रसाद, पंकज मिश्रा, विनोद शुक्ला रमन शुक्ला, शशिकांत सिंह, धर्मेन्द्र दीक्षित, विवेक मिश्रा, मेडी लाल श्रीवास्तव, अविनाश चंद्र वर्मा, मुलुक राज सिंह, आकांक्षा सिंह, सुनीता सोनी, आंचल सिंह, बीडीसी मोनू सिंह गंगा, चंदन गुप्ता ,सुनीत गुप्ता, पंकज सिंह, मोहित मिश्रा, मोनू मिश्रा, मृत्युंजय सिंह, विजय कश्यप, राहुल सिंह, अमन विश्वकर्मा, सुधीर यादव, दीपक कश्यप, कमलेश राव, बालक राम, मुंशी लाल, प्रवीन समेत काफी संख्या में छात्र छात्राएं व अभिभावक मौजूद रहे।

## चार सहेलियां नदी में डूबी, एक की मौत

- तीन को ग्रामीणों ने बचाया
- खेत से वापस आते समय नदी में स्नान करने के दौरान हुआ हादसा



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के बेलामकन गांव में मंगलवार को 4 किशोरियां खेत में चल रही धानरोपई को देखने के लिए गईं हुईं थी।

खेत से वापस आते समय चारों सरयू नदी में पानी पीने के बाद स्नान करने लगीं। तभी एक किशोरी आचानक गहरे में पानी में जाने से डूबने लगीं। जिसे बचाने के लिए दौड़ी अन्य किशोरियां भी नदी में डूबने लगीं। तभी किशोरियों की शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने तीन को बचा लिया लेकिन एक की डूबने से मौत हो गई। जिसका शव बुधवार सुबह नदी से बरमद हुआ। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलामकन गांव निवासी अर्चना यादव (14) पुत्री महेश्वर यादव अपने पड़ोसी निवासी पूजा, लक्ष्मी और प्रीति के साथ खेत में धान रोपाई देखने के लिए गई। इसके बाद मंगलवार देर शाम को सभी सहेलियां एकसाथ वापस आने लगी। रास्ते में पड़ने वाली सरयू नदी में पानी के बाद सभी एक साथ स्नान करने लगीं। तभी अर्चना पानी में डूबने लगीं। बचाने के लिए दौड़ी अन्य सहेलियां भी नदी में डूबने लगीं। सभी ने शोर मचाया। आसपास के लोगों ने पूजा, लक्ष्मी और प्रीति को नदी से बाहर निकाल लिया। जबकि अर्चना बीच धारा में बह गई। सूचना पाकर थानाध्यक्ष एसके सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने गोताखोरों की मदद से किशोरी की तलाश शुरू की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। बुधवार सुबह पांच बजे अर्चना का शव नदी में उतराता मिला। थानाध्यक्ष ने बताया कि किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## जिलाधिकारी ने किया महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल व झील का निरीक्षण

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल व झील का पर्यटन विकास एवं जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव को कराये गये गार्डनिग कार्य को दुरुस्त कराने तथा स्मारक स्थल के रख रखाव व संचालन के लिए पर्यटन विभाग से कंसर्टेन्ट तैनात कराकर नियम व शर्ते निर्धारित कराने का निर्देश दिया। इसके आलावा विद्युतीकरण कार्य को विद्युत विभाग से सत्यापन कराने एवं अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त



- पर्यटन विभाग से कंसर्टेन्ट तैनात कराकर नियम व शर्ते निर्धारित कराने का दिया निर्देश

करने का भी निर्देश दिया। साथ ही भवन में जहाँ-जहाँ शीलन कि समस्या है उसे भी ठीक करा दिया जाय। इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण अमर सिंह, ग्रामीण अभियंत्रण सुजीत कुमार सिन्हा, कार्यदाई संस्था सीडीएस के स्थानिक अभियंता भानु प्रताप, राजकीय निर्माण निगम के परियोजना प्रबंधक सहित राजा पयागपुर यशुवेन्द्र विक्रम सिंह तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

### मकान में सेंध लगाकर नकदी समेत हजारों की चोरी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जनपद के पकरा देवरिया गांव निवासी ग्रामीण के मकान में मंगलवार रात को चोरों ने सेंध लगाकर मकान से नकदी समेत 80 हजार से अधिक के सामान पार कर दिया। कोतवाली नानपारा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पकरा देवरिया गांव निवासी बुधराम पुत्र राम आधार के घर में मंगलवार रात को जब सब सो रहे थे चोरों ने मकान के पिछले हिस्से में सेंध लगा दी, और 30500 रुपये नकदी समेत 50 हजार मूल्य के सोने और चांदी के जेवरात, कपड़ा व बर्तन पर कर दिया।बुधवार सुबह मकान में सेंध लगा देख परिवार के लोगों में हड़कंप मच गया। बुधराम ने आसपास खोजबीन करने के बाद पुलिस को सूचना दी। ग्रामीण के मुताबिक 80 हजार से अधिक की चोरी हुई है। कोतवाल आरके सिंह ने बताया कि चोरी की जानकारी हुई है। पुलिस ने मौके पर जांच की है। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जायेगा।

# फाइलेरिया रोग से बचाव के लिए चलेगा एमडीए अभियान

- एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण हुआ संपन्न
- 10 अगस्त से दो सितम्बर तक घर-घर खिलाई जाएगी फाइलेरिया से बचाव की दवा
- जनपद में 370 हाथीपांव के व 524 हाईड्रोसिल के हैं मरीज

राहुल सोनी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जनपद में फाइलेरिया से बचाव के लिए 10 अगस्त से 2 सितम्बर तक सर्वजन दवा सेवन अभियान (एमडीए) चलाया जाएगा। इस अभियान में स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर सभी को फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन कराएंगे। यह दवाएं किसी भी रूप में बाद में खाने या घर ले जाने के लिए नहीं दी जाएंगी। अभियान के सफल संचालन के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है, जो बाद में ब्लाक स्तरीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करेंगे।

यह बातें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शर्मा ने मंगलवार को सीएमओ कार्यालय सभागार में आयोजित ब्लॉक और शहरी स्तरीय अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने बताया कि जनपद में 370 हाथीपांव के व 524 हाईड्रोसिल के मरीज हैं। आगे यह बीमारी किसी और को न हो इसके लिए सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र का माइक्रोप्लान जल्द ही तैयार कर लें ताकि कोई भी पात्र दवा सेवन से वंचित न रह जाय। इस मौके पर डब्ल्यूएचओ और पीसीआई के प्रतिनिधि, सीएचसी अधीक्षक, सहायक मलेरिया अधिकारी, फाइलेरिया इंस्पेक्टर और बीसीपीएम, बीपीएम मौजूद रहे।



### बूथ पर भी दी जाएगी दवा

प्रशिक्षक व डीसीपीएम मो राशिद ने बताया कि अभियान के दौरान सभी सीएचसी, पीएचसी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर और अस्पताल में आने वाले मरीजों को भी फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया जाएगा।

### लक्षण होने से पहले करें बचाव

पाथ संस्था के आरएनटीडी नोडल डॉ. आशुतोष अभिषेक ने बताया कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है जो व्यक्ति को कमजोर और अपाहिज कर देती है। इसमें शरीर के अंगों में सूजन आ जाती है। इस बीमारी का कोई इलाज नहीं है, लेकिन फाइलेरिया से बचाव की दवा डीईसी और एल्बेण्डाजोल का सेवन वर्ष में एक खुराक और लगातार 5 वर्ष तक सेवन करने से इस बीमारी से बचा जा सकता है।

### ऐसे काम करती है फाइलेरिया रोधी दवा

डॉ. आशुतोष अभिषेक ने बताया कि फाइलेरिया रोधी दवाएं, जैसे डीईसी और एल्बेण्डाजोल, शरीर में फाइलेरिया के कृमियों को नष्ट करती हैं। डीईसी माइक्रोफिलारिया को मारता है, जबकि एल्बेण्डाजोल वयस्क कृमियों को नष्ट करता है। यह संयोजन शरीर में मौजूद कृमियों की संख्या को कम करता है और नए संक्रमणों को रोकता है।

### घर-घर खिलाई जाएगी फाइलेरिया से बचाव की दवा

नोडल अधिकारी डॉ. संजय सोलंकी ने कहा कि 10 अगस्त से एमडीए अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर सभी व्यक्तियों को अपने सामने फाइलेरिया रोधी दवा खिलाएंगी। दवा का सेवन खाली पेट नहीं कराया जाएगा। गर्भवती महिलाओं, एक साल से कम उम्र के बच्चों और गंभीर रूप से बीमार रोगियों को छोड़कर सभी को दवा का सेवन कराया जायेगा ।

### सुरक्षित हैं दवाएं

जिला फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी दीपमाला ने कहा कि डीईसी और एल्बेण्डाजोल दवाओं का कोई साइड इफेक्ट नहीं है। लेकिन जिन व्यक्तियों में सूक्ष्म फाइलेरिया के लक्षण हैं, उन्हें दवा सेवन के बाद मतली, उल्टी, बुखार, खुजली और सिरदर्द जैसे दुष्प्रभावों का अनुभव हो सकता है। यह शरीर में मौजूद सूक्ष्म फाइलेरिया कृमि के नष्ट होने के कारण होता है, जो कुछ घंटों में स्वतः ठीक हो जाता है। हालाँकि इस स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सकों की रैपिड रिस्पांस टीम भी सहयोग करेगी। साथ ही ऐसे व्यक्तियों को स्वस्थ होने के बाद स्वयं और घर के सभी सदस्यों को दवा का सेवन अवश्य कराना चाहिए।

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** रमनगरा गांव निवासी एक महिला की बुधवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके के लोगों ने गला दबाकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेसिया के रमनगरा गांव निवासी शांति देवी (30) पत्नी सुनील कुमार की बुधवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला की मौत पर परिवार के लोग रोने लगे। इसकी जानकारी श्रावस्ती जिले के इकौना थाना क्षेत्र के पूरे दिन नामगढ़ गांव में दी गई। ससुराल के लवलेश श्रीवास्तव ने गांव पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। साथ ही हत्या किए जाने का आरोप लगाया। जिस पर थाने की पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ जांच की। इसके बाद महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ससुराल पक्ष से पति सुनील कुमार का कहना है कि हार्ट अटैक से मौत हुई है। थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाई की जायेगी। मालूम हो कि महिला के सात वर्ष का बेटा है।

# नेग मांगने पर किन्नरों पर हमला, सात घायल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




**क्या है मामला** यह घटना कोतवाली क्षेत्र के नाजेपुर मजरे सराय भान गांव में हुई है। जहां सोमवार को मनहर सिंह के लड़के की शादी थी । मंगलवार की सुबह इस शादी में क्षेत्र के गांव पट्टी रहस कैथवल निवासी मुस्कान किन्नर अपनी टोली के साथ नेग मांगने गए थे । यहां पर नेग को लेकर विवाद हो गया और मारपीट हो गई । किन्नरों ने आरोप लगाया है कि मारपीट में उनका वाहन चालक घायल हो गया । उसके रुपए और सोने की चेन भी छीन ली गई है । साथ ही किन्नरों में मुस्कान , लक्ष्मी , गुंजा, रजनी , पलक , काजल भी घायल हुए हैं। किन्नरों ने कोतवाली में मामले की नामजद तहरीर दी लेकिन कोतवाल अपने वही पुराने ढर्रे पर चल रहे हैं। उन्होंने इतनी बड़ी और गम्भीर घटना में जांच और मुकदमा के बजाए हीला हवाली ओर तहरीर बदलवाने के चक्कर में किन्नरों को सुबह से टालते रहे।

- शादी समारोह में नेग मांगने गये थे किन्नर
- नाराज किन्नरों ने आक्रोशित होकर कोतवाल के खिलाफ खोल मोर्चा

कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार सिंह मामलों में मुकदमा न दर्ज करने के अपने पुराने ढर्रे पर चल रहे हैं। कई मामलों में किरकिरी होने के बाद या पुलिस कप्तान के आदेश और फटकार के बाद मुकदमा दर्ज किया बावजूद इसके सबक नहीं सीख रहे हैं। इनका यही रवैया रहा तो किसी दिन अप्रिय घटना घट सकती है। समारोह में नेग मांगने गए किन्नरों से विवाद के बाद दबंगों ने उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया है। मारपीट में किन्नरों के वाहन चालक समेत कुल सात लोग घायल हुए है। इसमें रुपए और सोने की चैन छीनने की बात सामने आई है।

मामले की नमजद तहरीर कोतवाली में दी गई है। इस मामले में भी कोतवाल सुबह से हीला हवली करते रहे। किन्नरों ने कोतवाली के बाहर मार्ग जाम कर विरोध जताया तो काबिल कोतवाल हरकत में आ गए और धरपकड़ के लिए फोर्स भेजा।

सुबह से शाम हो चली तो नाराज किन्नरों ने आक्रोशित होकर कोतवाल के खिलाफ़ मोर्चा खोल दिया और कोतवाली गेट के बाहर ऊंचाहार सलोन मार्ग जाम कर दिया। पुलिस की किरकिरी होता देख कोतवाल हरकत में आ गए और दबंगों की धरपकड़ के लिए फोर्स मौके पर भेज दिया। मुकदमा फिर भी नहीं दर्ज किया गया। इसके कुछ ही दिन पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी ने कोतवाल के खिलाफ़ नाराजगी जताते हुए कोतवाली में धरना दिया था। जिसमें काफी मान मनौव्वल और कार्यशैली में सुधार लाने के आश्वासन पर वह मानी थी। लेकिन कोतवाल अपनी कार्यशैली सुधारने के बजाए इससे इतर कार्य कर रहे हैं।क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार नौहवार ने पुलिस का बचाव करते हुए बताया कि किन्नरों के मामले में मुक़दमा दर्ज किया गया है। अन्य मामलों में जांच के बाद मुक़दमा दर्ज किया जाता है। अब सोचने वाली बात है की एक महीने तक भी कोई जांच होती है। किन्नरों के साथ इतनी बड़ी घटना हुई और सुबह शाम तक कोतवाल जांच का हवाला देते रहे। किरकीरी के बाद आखिरकार मुक़दमा दर्ज किया गया।

# लोन का झांसा देकर 800 लोगों से 22 लाख की ठगी

**लालगंज (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।**




लालगंज तहसील क्षेत्र के रहने वाले 800 लोगों को लोन का झांसा देकर 22 लाख 40 हजार रुपये की ठगी की गई। ठगी करने के बाद फर्जी बैंक अधिकारी व कर्मचारी मौके से फरार हो गए। मंगलवार सुबह ठगी के शिकार लोग लोन लेने दफ्तर पहुंचे तो वहां ताला बंद था। इससे गुस्साए लोगों ने एक घंटे तक जमकर हंगामा किया।लालगंज कोतवाली क्षेत्र के सोहलिया मोड़ पर एक माह पहले शुभ लक्ष्मी बेनिफिट फाइनेंशियल बैंक खोली गई थी। बैंक के अधिकारियों व कर्मियों ने तहसील क्षेत्र के गांवों में जाकर 60 हजार के लोन के लिए, लोगों को 2800 रुपये का बीमा कराने का झांसा दिया। झांसे में 800 लोग आ भी गए। लोन के लिए 2800 रुपये जमा भी कर दिए। ठगों ने 15 जुलाई की शाम तक उनके खाते में 60 हजार रुपये का लोन आने का आश्वासन दिया था।सोमवार की शाम लोगों के खाते में पैसा नहीं पहुंचा तो वह मंगलवार की सुबह शुभ लक्ष्मी बेनिफिट के ऑफिस पहुंच गए। वहां दफ्तर में ताला लटकता था। यह देख सभी ने हंगामा किया। सोहवल गांव निवासी योगेश कुमार, लालू का पुरवा निवासी सोनू, चांदा की रहने वाली माया, सरेनी थाना क्षेत्र के दुर्गाखेड़ा निवासी रामकला, पूरे बौरी गांव निवासी राम प्रकाश ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। बताया कि लोन दिलाने के नाम पर ठगी की गई है। पीड़ित रामलखन का कहना है कि किसी तरह पैसा जुटाकर उन्होंने जमा किया था। प्रकरण में कार्रवाई की जाए।

लालगंज कोतवाली प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि शिकायत मिलने पर प्रकरण की जांच कराई जा रही है। पता लगाया जा रहा है कि ठगी का शिकार लोगों से पैसा वसूलने वाले लोग कहां के रहने वाले हैं। केस दर्ज कराया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### विद्युत कर्मी झुलसा, इलाज जारी

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** टावर की लाइन सही करने गया विद्युत कर्मी झुलसा। हालात गंभीर चल रहा इलाज ।सर्वेश मौर्य पुत्र रामदेव उम्र 28 वर्ष निवासी कंसमीरा ओई विद्युत विभाग में संविदा कर्मचारी है ।शिकायत पर महराजगंज कस्बे मे स्थित मे टाटा के टावर में विद्युत लाइन सही करने गए सर्वेश मौर्य बुरी तरह झुलस गए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर अनिल भारद्वाज ने विद्युत कर्मी को जिला रेफर कर दिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार किशोर घायल

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर टोल प्लाजा के निकट अज्ञात वाहन ने बाइक सवार किशोर को टक्कर मार दी, जिससे वह हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल भेजा गया है। घटना दिनांक 16 जुलाई मंगलवार रात 10 :00 बजे के आसपास की है। घायल युवक विभव प्रताप सिंह पुत्र राजबहादुर उम्र लगभग 17 वर्ष निगोहा अपने किसी कार्य से गया हुआ था, वापस आते समय टोल प्लाजा के निकट अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। बाइक सवार किशोर टक्कर लगने के बाद डिवाइडर से जाकर टकरा गया हादसे में किशोर को गंभीर चोटे आ गई। घायल अवस्था में किशोर को एनएचएआई की एंबुलेंस के द्वारा बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया, जहां किशोर का प्राथमिक उपचार किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद किशोर की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ ने लगाई फांसी, मौत

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों अधेड़ ने लगाई फांसी हुई मौत। कोतवाली क्षेत्र के खेरवा गांव में बीती रात गांव के ही शिवकुमार सिंह पुत्र शिव बालक उम्र 50 वर्ष ने रात्रि में 12 :00 के आसपास जब घर के लोग सभी खाना पीना खाकर छत पर सोने चले गए तो अधेड़ ने कमरे में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मिली जानकारी के मुताबिक शिवकुमार सिंह मुंबई में रहकर इलेक्ट्रिशियन की नौकरी कर रहे थे और वर्तमान समय में उनके आवास में काम लगा हुआ था घर बनकर कंप्लीट हो गया था कुछ कार्य बाकी था। वही अधेड़ की मौत से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर ऐसी कौन सी मजबूरी थी जिससे शिवकुमार सिंह को अपने जीवन लीला समाप्त करनी पड़ गई शिवकुमार सिंह ने अपने पीछे एक पुत्री और एक पुत्र को छोड़कर गए हैं वहीं पुत्री की शादी हो चुकी है पुत्र अभी अविवाहित है तीन भाइयों में मंझले थे वही अधेड़ की मौत से परिवार पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा अब आखिर इनका लालन पालन कैसे होगा इसकी चिंता परिजनों सहित ग्रामीणों को खाए जा रही है सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### ऑटो चालक ने की एसएसपी से निष्पक्ष जांच की मांग

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** सैफई में आटों में बैठी महिला द्वारा पीड़ित आटों चालक पर फर्जी पैसे चोरी करने मुकदमा पंजीकृत कराने में लगी है कथित महिला पीडित आटो चालक ने एसएसपी इटावा को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर उक्त मामले की निष्पक्ष जांच करवाये जाने की मांग की है। मैनपुरी जनपद के थाना करहल निवासी ग्राम अण्डनी ने निवासी अमित कुमार पुत्र राजकुमार ने एस?एसपी इटावा संजय कुमार वर्मा को दिऐ प्रार्थना पत्र में बताया कि पीड़ित आटो चालक है। लगभग छः बजे सैफ?ई गोल चक्कर से एक महिला सबारी अन्य सबारियों के साथ बैठ गयी उक्त महिला के साथ आये एक अज्ञात व्यक्ति ने पीड़ित के आटो का फोटो अपने मोबाइल में खींचा था। पीड़ित आटो चालक के पास थाना सिविल लाइन की आईटीआई चौकी प्रभारी का फोन आया कि विमला मिश्रा नामक महिला आटो में पैसा चोरी हो जाने की शिकायती की है। पीड़ित आटो चालक तत्काल थाना सिविल लाइन थाना पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज निकलवायी गयी और उक्त घटना असत्य पायी गयी। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र में आगे बताया कि उक्त महिला द्वारा एस?एसपी इटावा व फ्रेण्डस कालौनी थाने में व्यापार मण्डल के नेताओं के साथ मिलकर प्रार्थना पत्र दिया है कि पीड़ित उक्त चोरी की घटना में संलिप्त है। पीडित से लगातार पूछताछ हो रही है और पीड़ित पुलिस जांच में पूर्ण सहयोग भी कर रहा है पीड़ित ने एस?एसपी इटावा से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### असिस्टेंट प्रोविडेंट फंड कमिश्नर बने अवनीश यादव

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** आल इंडिया यूपीएससी परीक्षा में 46वीं रैंक आने पर अवनीश यादव का असिस्टेंट प्रोविडेंट फंड कमिश्नर के पद पर चयन हुआ। कस्बा भरथना के मुहल्ला सती मंदिर बिधूना रोड निवासी सेवानिवृत राजस्व निरीक्षक ब्रजमोहन लाल के छोटे बेटे अवनीश यादव का यूपीएससी परीक्षा उतीर्ण कर 46वीं रैंक आने पर असिस्टेंट प्रोविडेंट फंड कमिश्नर के पद पर चयन हुआ। अवनीश की इस सफलता पर उनके परिवारीजनों में खुशी की लहर दौड़ गयी। अवनीश यादव ने फोन पर बताया कि यूपीएससी के परीक्षा परिणाम में उन्होने आल इंडिया रैंक 46वीं रैंक पायी है। जिसको उनका असिस्टेंट प्रोविडेंट फंड कमिश्नर के पद पर चयन हुआ। अवनीश यादव का चयन होने पर दिबियापुर विधायक प्रदीप यादव, नगर पालिका अध्यक्ष अजय यादव गुल्लू, पूर्व राज्य मंत्री अशोक यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिओम यादव, एमएसके विद्यालय के डायरेक्टर महेश सिंह कुशवाह, वीरेंद्र सिंह चौहान, अमित यादव, दिनेश यादव, अजय यादव, मनोज यादव बंटी, श्रीनिवेश यादव, पप्पू दीक्षित सहित नगर के गणमान्य व समाजसेवियों ने बधाई दी। फोटो– यूपीएससी में असिस्टेंट प्रोविडेंट फंड कमिश्नर के पद पर चयनित अवनीश यादव।

# हत्या कांड : महिला को न्याय दिलाने के लिए निकाला कैंडल मार्च




**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के चुरुवा गांव में महिला के साथ हैवानियत के बाद उसकी नृशंस हत्या के बाद आज महिला को न्याय दिलाने के लिए व्यापार मंडल बछरावां के द्वारा बछरावां कस्बे में कैंडल मार्च निकाला गयाद्य पुलिस की कार्यशाली से लोगों में काफी आक्रोश दिखा। कैडल मार्च में प्रमुख रूप से चंद्र प्रकाश गुप्ता, ओमिक सोनी, भाजपा नेता हरिओम चतुर्वेदी, पुनीत सिंह, अखिलेश चौधरी, संदीप शुक्ला, मनीष गुप्ता सहित काफी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# न्यू स्टैंडर्ड के बच्चों ने इंटरनेशनल-जोनल रैंक में बनाया स्थान

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




सलेथू महराजगंज रायबरेली में साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के अंतर्गतविज्ञान,अंग्रेजी,गणित,सामाजिक विज्ञान(2023-24) में काफी संख्या में बच्चो ने अच्छा प्रदर्शन कर इंटरनेशनल व जोनल रैंक में अपना स्थान बनाया। आज विद्यालय की प्रार्थना सभा में इन बच्चो के साथ उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। विषय विज्ञान में कुल 13 बच्चो का चयन हुआ जिनमे यशी गुप्ता, श्रुति मिश्रा, सृष्टि, अथर्व, कृतज्ञ, संध्या, कार्तिके, समर, आकिब अली,वंदनाकुमारी, श्रेया, मधु, कुलदीप है साथ ही श्रुति मिश्रा ने सेकंड लेवल के लिए क्वालिफाइड किया है।

विषय अंग्रेजी में कुल 3 बच्चो का चयन हुआ जिनमे नागेंद्र ,खुशी, आराध्या है। विषय गणित में कुल 19 बच्चो का चयन हुआ जिनमे अंकिता, हरिओम, अहम, शिवा, संस्कार, कृष मौर्य,आर्यन, मयंक,अंश, आदर्श, जैद, शुभांश, सत्यवीर, आयुषी, आयुष, कर्णिका, राजवीर, दिशा, मारूफ है। विषय सामाजिक विज्ञान में कुल 9 बच्चो का चयन हुआ जिनमे श्रुति, कनक, युग पटेल पटेल ,पवन कुमार, राम वर्मा, जयवंश, राम, प्रिंस,आकर्षित, गौरव है जिनकी इंटरनेशनल और जोनल रैंक दोनों बहुत अच्छी रही। प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने बच्चो के साथ उनके अभिभावकों का मुंह मीठा करा के सम्मानित किया तथा सभी चयनित बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्या रजिनी श्रीवास्तव व समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान की धज्जियां उड़ा रहे हैं सीएचसी अधीक्षक

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



जहां एक ओर सरकार एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत धरती को हरा भरा एवं वातावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए प्रतिवर्ष प्रदेश के सभी सरकारी संस्थाओं कार्योलयो एवं निजी संस्थाओं के माध्यम से करोड़ो की संख्या में वृक्षारोपण कर रही है, ताकि धरती को हरा भरा रखने के साथ-साथ वातावरण को भी शुद्ध रखा जा सके।

परंतु बछरावां सीएचसी के अधीक्षक अनिल कुमार जैसल सरकार के इस अभियान पर पूर्ण रूप से कालिख पोतने का काम कर रहे हैं, क्योंकि वन विभाग बछरावां द्वारा वृक्षारोपण के लिए सीएचसी में जो वृक्ष भिजवाए गए वह वृक्ष सीएचसी परिसर के पिछले हिस्से में कई दिनों से पड़े हुए हैं और मुरझा गए हैं जो सरकार के इस अभियान पर पूर्ण रूप से पलीता लगा रहे हैं।

इस संबंध में जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां के अधीक्षक अनिल कुमार जैसल से बातचीत करने की कोशिश की गई तो उनका फोन नेटवर्क कवरेज क्षेत्र से बाहर बता रहा था। परंतु विचारणीय बिंदु यह है कि सरकार के ऐसे जिम्मेदार नुमाइदे कब तक ऐसे ही सरकार के महत्वपूर्ण अभियानों की धज्जियां उड़ाते रहेंगे।

# बीजेपी पदाधिकारियों की मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक आयोजित



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी की मंडल महराजगंज की बैठक आहूत की गई जिसमें बीजेपी ने जहां संगठन में कुछ बदलाव किया। मंडल अध्यक्ष विवेक पांडे की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी महराजगंज मंडल की बैठक की गई जिसमें मंडल अध्यक्ष विवेक पांडे ने बताया कि जो साथी कार्य नहीं कर रहे थे उनको छुट्टी दे दी गई साथ ही जो कार्य कर रहे हैं उनको आगे बढ़ाया जा रहा है हम सभी को भारतीय जनता पार्टी का संगठन मजबूत हो और अधिक से अधिक लोग जुड़े इसी पर काम करना है ।इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष मनीष शुक्ला शिव शंकर शुक्ला पंकज श्रीवास्तव महामंत्री शिवम मिश्रा सोमेंद्र पटेल शक्ति संयोजक सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गंगा नदी में डूबने से किशोर की मौत



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** पिता की ननिहाल आया किशोर गंगा में नहाते समय गहरे पानी में जाने से नदी में डूब गया, पुलिस व गोताखोरों की मदद से कई घण्टे रेस्क्यू करने के बाद किशोर का शव बरामद हुआ है, जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है, मामला ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कोटरा बहादुर गंज गांव का है जहां लखनऊ जिले के जेल रोड बंगला बाजार ताड़ी खाना निवासी अनुराग 16 वर्ष पुत्र विनोद कुमार अपने पिता की ननिहाल आया हुआ था, और पिता के मामा के परिजनों के साथ वो गाँव के पास स्थित घाट पर गंगा स्नान करने गया हुआ था ।तभी नहाते वक्त वो गहरे पानी में चला गया, जिसके कारण वो डूब गया ।किशोर के डूबने से वहां अफरा तफरी का माहौल हो गया ।सूचना पर पहुंची पुलिस व गोताखोरों ने लगभग 5 घण्टे कड़ी मशक्कत करने के बाद किशोर के शव को बरामद किया है।

## कृषि इंजीनियरिंग महाविद्यालय में है तकनीकी शिक्षा का इंतजाम

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जनपद के छात्र छात्राओं को तकनीकी शिक्षा लेने के लिए अब बाहर जाने की आवश्यकता ही नहीं है। कम फीस में प्रवेश लेकर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने की सुविधा जनपद का एक मात्र कृषि इंजीनियरिंग महाविद्यालय अपने छात्र छात्राओं को स्कॉलर शिप के साथ प्रदान कर रहा है। कालेज के अधिष्ठाता डॉ शर्मा ने बताया कि यूपी कैटेट के माध्यम से परीक्षा पास करने वाले छात्र छात्राएं अब बीटेक, एमटेक कोर्स में चंद्र शेखर आजाद कृषि विश्विद्यालय ,कानपुर द्वारा संबद्ध डॉ भीम राव अंबेडकर कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय इटावा में ऑनलाइन काउंसलिंग में (सीएसए कानपुर) का चयन कर इस कालेज में चल रहे कोर्स में प्रवेश ले सकते है। उन्होंने बताया कि, यूपी कैटेट का रिजल्ट आ चुका है। ध्यान रहे कि प्रवेश के लिए प्रथम काउंसलिंग का रजिस्ट्रेशन आगामी 21 से 23 जुलाई तक ही होगा।

# दो गांजा तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना सिविल लाइन पुलिस टीम ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर कब्जे से 12 किलो 600 ग्राम गांजा अनुमानित कीमत डेढ़ लाख रुपये, 4 फर्जी नम्बर प्लेट, 1 सूमो गोल्ड एम्बुलेन्स बिना नम्बर प्लेट परिवहन में प्रयुक्त को बरामद किया।

थाना सिविल लाइन पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत राजा का बाग पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान बिना नम्बर प्लेट की एम्बुलेन्स आती दिखायी दी जिसे पुलिस टीम द्वारा रूकने का इशारा किया गया तो चालक द्वारा एम्बुलेन्स को मोड़कर भागने का प्रयास किया गया। पुलिस द्वारा द्वारा आवश्यक बल प्रयोग करके एम्बुलेन्स चालक सहित कुल 2 लोगों विजय चौहान पुत्र तेजवीर सिंह निवासी ग्राम विक्रमपुर थाना सिविल लाइन इटावा, प्रदीप कुमार पुत्र राम औतार निवासी ग्राम लुहन्ना थाना सिविल लाइन इटावा को राजा का बाग चौकी के पास से गिरफ्तार किया। बरामद गांजे के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि यह गांजा हम लोग उड़ीसा से खरीदकर आगरा एवं अन्य जनपदों में बेचकर धन लाभ अर्जित करते हैं। इस सफलता में जयप्रकाश सिंह प्रभारी एसओजी, नागेन्द्र चौधरी प्रभारी सर्विलान्स मय टीम व यशवंत सिंह प्रभारी थाना सिविल लाइन, उ.नि. ध्यानेन्द्र प्रताप सिंह, उ.नि. राजेश कुमार मौर्य, उ.नि. कपिल भारती, का. आर्य चिकारा, का. सुशील कुमार, का. अमित खोखर का सराहनीय योगदान रहा।

# शिया समाज ने मोहर्रम के अलविदाई ताजिये गमगीन माहौल में किये सुपुर्द ए खाक

- छुरियों का मातम कर इमाम हुसैन की मुसीबत को किया याद

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



कर्बला में 10 मोहर्रम को रसूल के नवासे इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों को इस कारण शहीद कर दिया गया था की वह रसूल के दीन को बचाने गए थे। इसी को लेकर शिया समाज के मोहर्रम के अलविदाई ताजिओ का जुलूस आलमपुरा से परम्परागत तरीके से मौलाना अनवारुल हसन जैदी के नेतृत्व व मुशीर हैदर, अल्हाज कमर अब्बास नक़वी करबलाई, राहत अक़ील की देखरेख में अदबो एहतराम के साथ निकला ताजियों को बाइस ख्वाजा कब्रिस्तान में गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक किया गया।

मोहर्रम के अलविदाई ताजिओ का जुलूस शनिवार की सुबह मोहल्ला आलमपुरा से उठा और कोतवाली चौराहा, जिला परिषद कार्यालय, तिकोनिया, पुल कहारान, नोरंगबाद चौराहा, शाही मस्जिद नोरंगबाद, पक्का तालाब होते हुए बाइस ख्वाजा स्थित कब्रिस्तान पहुंचा जहां गमगीन माहौल में सुपुर्द खाक किया गया। जुलूस में एक बड़ा ताजिया सहित दर्जनों छोटे ताजिये, अलम, इस्लामी परचम शामिल थे। शिया युवक व बच्चे हाथों में अलम, इस्लामी परचम और छोटे छोटे ताजिये लेकर आगे चल रहे थे। ताजियों के भ्रमण के दौरान शिया युवकों व बच्चों ने शाही मस्जिद व नोरंगबाद पुलिस चौकी के पास पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी छुरियों और कमा का मातम कर अपने आप को लहूलुहान कर कर्बला में इमाम हुसैन की मुसीबतों को याद किया। नोरंगबाद चौराहे, शाही मस्जिद के पास मौलाना अनवारुल हसन जैदी व आरिफ हैदर लखनऊ ने तकरीर में इमाम हुसैन व शहीदाने कर्बला का दर्दनाक मंजर पेश किया। जुलूस में राहिल सगीर, जीशान हैदर, सैफ़ू, अहमद जाफर, अली हैदर, शारिक सगीर शानू ने मातमी नोहा ख़्वानी की, सलमान रिज़वी, राहत हुसैन रिज़वी ने सदायें पढ़ीं, राहत अक़ील, शावेज़ नक़वी, सोनू नक़वी, जहूर नक़वी, एजाज हुसैन, अदनान जाफरी, ताबिश रिज़वी, शारू आदि अलम पकड़े यह वहीं बच्चों के हाथो में हुसैनी परचम लहरा रहे थे। ताजियों के जुलूस व छुरियों का मातम देखने वालों से सड़कों पर जाम लग गया। जुलूस में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते ताजिये शांतिपूर्ण माहौल में सुपुर्द ए खाक हुए। पक्का तालाब स्थित फाइव स्टार इंजीनियरिंग वर्क्स पर तनवीरुल हसन, शाद अली हसन, शम्स अली हसन की ओर से शहीदाने कर्बला की याद में लगाई गई दस दिवसीय सबील में प्यासों को शर्बत पिलाया गया। जुलूस में इसके उपरांत इमामबाड़ा घटिया अज़मत अली और इमामबाड़ा आलमपुरा में शाम ए गरीबां की मजलिसों का आयोजन किया गया।

# पीतल के ताजिये को देखने उमड़ी भीड़

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

ताजिए तो आपने बहुत देखे होंगे, लेकिन नगर के सराय खाम में शुद्ध पीतल का अनोखा ताजिया लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। करीब 150 किलोग्राम पीतल से तैयार इस ताजिए को पीतल नगरी मुरादाबाद से लाया गया था। मुरादाबादी कारीगरों को इसे निर्माण करने में एक वर्ष का समय लगा था।

इस प्रकार का ताजिया आसपास जनपदों में देखने को नहीं मिलेगा यह जसवंतनगर में इकलौता ताजिया है। बैसे तो अधिकतर जगहों पर बांस और चमकीले कागज से तैयार ताजिए ही रखे गए हैं, सोने जैसा चमकदार पीतल का ताजिये को देखने को सराय खाम मोहल्ला के फारूकी इमामबाड़े पर आज नौवीं एवं दसवीं मोहर्रम पर यहां लोगों का मजमा लगा रहता है। मुहर्रम बीतने के बाद और ताजियों को कर्बला में लेजाकर दफना दिए जाते हैं, लेकिन यह पीतल से निर्मित ताजिया को सुरक्षित रख दिया जाता है। शुद्ध पीतल के ताजिए के आसपास रोशनी की जाती है। इस चमकीली रोशनी की वजह से यह देखने में सोने जैसा चमकदार दिखता है। फारुखी कमेटी के बरिष्ठ सदस्य मुजीबुद्दीन फारूकी उर्फ बच्चू आदि के अनुसार पीतल के इस ताजिए को सराय खाम में फारूकी कमेटी द्वारा सराय खां मोहल्ला के फारूकी इमामबाड़े में पिछले 11 वर्षो से बाकायदा अकीदतमंदों के जियारत के लिए रखा जाता है। यह पहला आसपास जनपदों में इकलौता पीतल निर्मित ताजिया है, जो फारूकी कमेटी द्वारा शुद्ध पीतल का ताजिया मोहर्रम में स्थापित किया गया था। ताजिए की ऊंचाई साढ़े 7 फीट है। इसका वजन 150 किलोग्राम है। विशेष नक्काशी ताजिए का आकर्षण है। ताजिए को यौम ए शहादत के दिन कर्बला ले जाया जाएगा। बाद में इसे बंद कर वापस इमामबाड़ा सराय खाम लाया जाएगा।

# एक पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा व संरक्षा का लें संकल्प

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



जीवन में ऊर्जा के लिए वृक्ष अति उपयोगी है, पर्यावरण के लिए भी पेड़ पौधे बहुत जरूरी है। सभी को एक पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा व संरक्षा का संकल्प लेना चाहिए।

यह बात पूर्व जिला पंचायत सदस्य व सपा युवा नेता मनोज यादव बंटी ने कही। भर्थना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मोढी में स्थित जन सहयोगी इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में बतौर अथिति पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज यादव बंटी ने विद्यालय प्रधानाचार्य मंजू भदौरिया की मौजूदगी में आगे कहा कि मानवीय जीवन व पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पेड़ पौधे बहुत जरूरी है,पौधरोपण के साथ ही उनकी देखभाल भी करनी चाहिए जिससे पौधे फलफूल सके।

कार्यक्रम के तहत पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीयादव ने शिक्षकों समेत छात्रों के सहयोग से विद्यालय परिसर में कई फल-छायादार पौधे रोपित किए। इस दौरान अशोक भदौरिया, आहूतीश यादव, राम औतार, साधना शाक्य व इन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## संविधान विरोधी छवि को बदलने की कवायद

इससे मुखर विडंबना दूसरी नहीं होगी। जिस दिन अखबारों की सुर्खियों में मोदी सरकार के इसके फैसले की खबर छपी कि, अब हर साल 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाया जाएगा, उसी दिन के अखबारों में एक और बड़ी सुर्खी दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट द्वारा कथित शराब घोटाले से जुड़े ईडी द्वारा बनाए गए धनशोधन मामले में, अंतरिम जमानत दिए जाने की थी। इसके साथ, उसी दिन के अखबारों में छपी एक और खबर को भी जोड़ लें जो बताती थी कि कथित शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में, जिसकी जांच सीबीआई कर रही है, अरविंद केजरीवाल की ही न्यायिक हिरासत 25 जुलाई तक के लिए बढ़ा दी गई थी। सरल शब्दों में कहें तो बाद वाली दो खबरों का संयुक्त रूप से अर्थ यह था कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा तथाकथित शराब घोटाले के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री के खिलाफ साक्ष्यों को प्रथम दृष्टया नाकाफी करार देकर, उन्हें जमानत दे दिए जाने के बावजूद, मोदी सरकार ने इसका पुख्ता बंदोबस्त कर रखा था कि वह जेल से बाहर नहीं निकल पाएं। और नरेंद्र मोदी की ही तरह, अपने स्तर पर जनता द्वारा लगातार तीन बार चुने गए एक शीर्ष कार्यपालिका अधिकारी के साथ इस तरह का तानाशाहीपूर्ण सलूक करने वाली सरकार का ही फैसला है कि, अब हर साल 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाया जाएगा! वाकई, इससे मुखर विडंबना दूसरी मुश्किल से ही मिलेगी। यह शायद ही कोई मानने को तैयार होगा कि 25 जून 1975 को इंदिरा गांधी द्वारा देश में आंतरिक आपातकाल लगाए जाने की याद दिलाने के लिए संविधान हत्या दिवस मनाए जाने के इस फैसले के पीछे, वाकई मौजूदा सत्ताधारियों की संविधान और संवैधानिक जनतंत्र को बचाने की चिंता है, जिसका कि दावा इस संबंध में प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री समेत, सत्ताधारी कुनबे की ओर से किया जा रहा है। वास्तव में इसे संयोग हर्गिज नहीं माना जा सकता है कि पिछले ही दिनों हुए आम चुनाव में भाजपा और उसके नेतृत्ववाले एनडीए को जबर्दस्त धक्का लगने के बाद और जनता द्वारा भाजपा को पिछले दो चुनावों में मिले अकेले पूर्ण बहुमत से बहुत पीछे धकेल दिए जाने के बाद ही, अचानक भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को संविधान हत्या दिवस मनाने के जरिए, संविधान बचाने की चिंता सताने लगी है। यह सब कितना अचानक है, इसे सिर्फदो तथ्यों से समझा जा सकता है। पहला, 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाने की गजट अधिसूचना, 12 जुलाई को जारी की गई, यानी इस साल की इमरजेंसी की सालगिरह के निकल जाने पूरे ढाई हफ्ते बाद। इमरजेंसी जो भी, जैसी भी थी, उसके चरित्र के संबंध में क्या इस दौरान कोई ऐसा नया रहस्योद्घाटन हुआ हो या नये सच सामने आए हैं, जो ठीक इस मुकाम पर मोदी सरकार को इसका इलहाम हुआ है कि संविधान हत्या दिवस मनाना जरूरी है! वास्तव में, ऐसा भी नहीं है कि 25 जून को जब इमरजेंसी की ताजातरीन सालगिरह गुजरी थी, मोदी और उनकी सरकार को इमरजेंसी की याद ही नहीं रही हो। उल्टे खुद प्रधानमंत्री मोदी ने शुरू कर, वर्तमान सत्ताधारियों ने अपने हिसाब से जी-भर कर इमरजेंसी पर हमले किए थे। वास्तव में इस सब के पीछे भ्रमित या सचेत रूप से भ्रम फैलाने की नीयत से फैलाई गई, यह गलतफहमी और थी कि इस 25 जून को इमरजेंसी के पचास साल हो रहे थे।

# लोक ही नहीं परलोक सुधारने का जतन है मां के नाम एक पेड़



**जाहिर है इस कामना को फलीभूत करने के लिए हमारे पूर्वज बड़े स्तर पर पौधरोपण भी करते रहे हैं। यदि हम अपने पुराने इतिहास को टटोलें तो पाएंगे कि भारत में ऐसे नगरों और ग्रामों की भरमार थी, जहां सड़कों के किनारे, घरों के आंगन में, बस्तियों के केंद्र में फलदार वृक्ष सहज भाव से ही आरोपित किए जाते थे और इनका अस्तित्व जनजीवन के लिए वरदान साबित होता रहता था। मौसम कोई भी हो, गर्मी सर्दी अथवा बारिश, यह सब जीव मात्र के प्रति अनुकूल तो बने ही रहते थे। ना ज्यादा सर्दी होती थी और ना अधिक गर्मी पड़ा करती थी।**

**डॉ. राघवेन्द्र शर्मा**

मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रेरणा से मां के नाम एक पेड़ योजना को हाथ में लेकर केवल पर्यावरण को सुधारने का प्रयास ही नहीं किया है, बल्कि इसके माध्यम से प्रकृति को अपने अनुकूल बनाने की कोशिश शुरू कर दी है। यदि इस योजना को साकार करने हेतु सरकार के साथ जनता जनार्दन के कदम मिल जाएं तो आने वाले समय में एक नए भविष्य की संभावना प्रबल होती दिखाई देती है। जनश्रुति और ग्रंथों में दर्ज परंपराओं पर ध्यान दें तो हमें पता चलेगा कि भारतीय संस्कृति और संस्कार, दोनों इस प्रकृति के प्रादुर्भाव से ही पर्यावरण के हितकारी रहे हैं।

उदाहरण के लिए- हमारे देश में आस्था का इतना गहन महत्व है कि यहां अनेक नदियों को मां के समान पूजा जाता है। पत्थरों से मूर्तियां तराशकर हम उनके भीतर अपने देवताओं के दर्शन करते हैं। इसे भी महत्वपूर्ण स्थान हमारे जीवन में पेड़-पौधों और वृक्षों का रहा है। वर्ष भर जितने भी हिंदू त्योहार मनाए जाते हैं उनमें ढेर सारे उत्सव ऐसे हैं, जिनमें केवल और केवल वृक्षों अथवा पेड़-पौधों की ही पूजा की जाती है। विस्तार से स्मरण करें तो हम पाएंगे हमारी माताएं बहनें विभिन्न त्योहारों के माध्यम से वट वृक्ष, पीपल, आंवला, आम, केला, तुलसी सहित अनेक वृक्षों अथवा पेड़ पौधों की स्तुति करती रहती हैं। ये परंपराएं केवल इसलिए नहीं बनीं कि वृक्षों अथवा पेड़- पौधों की पूजा करने से हमें इच्छित फल की प्राप्ति हो जाती है अथवा देवी- देवताओं के दर्शन हो जाते हैं। इनका गूढ़ अर्थ यह भी है कि हम जिन्हें पूजते हैं, सदैव ही उनकी सलामती की कामना करते रहते हैं। लिखने का आशय यह कि जब हम वृक्षों अथवा पेड़-पौधों की पूजा करते हैं तो फिर यह चिंता भी स्वाभाविक हो जाती है कि धरती को हरा भरा बनाए रखने वाले ये पेड़ पौधे सदैव सही सलामत बने रहें तथा इनकी उत्पत्ति निरंतर वृद्धि को प्राप्त होती रहे।

जाहिर है इस कामना को फलीभूत करने के लिए हमारे पूर्वज बड़े स्तर पर पौधरोपण भी करते रहे हैं। यदि हम अपने पुराने इतिहास को टटोलें तो पाएंगे कि भारत में ऐसे नगरों और ग्रामों की भरमार थी, जहां सड़कों के किनारे, घरों के आंगन में, बस्तियों के केंद्र में फलदार वृक्ष सहज भाव से ही आरोपित किए जाते थे और इनका अस्तित्व जनजीवन के लिए वरदान साबित होता रहता था। मौसम कोई भी हो, गर्मी सर्दी अथवा बारिश, यह सब जीव मात्र के प्रति अनुकूल तो बने ही रहते थे। ना ज्यादा सर्दी होती थी और ना अधिक गर्मी पड़ा करती थी। बारिश के मौसम में भी अतिवृष्टि और सूखे से राहत बनी रहती थी। कारण स्पष्ट है वृक्षों की अधिकता मौसम में अनुकूलता बनाए रखती थी। यदि विज्ञान की दृष्टि से देखा जाए तो फिर यह मानना पड़ेगा कि हमारे पूर्वज और संत महात्मा शेष सभ्य समाज की अपेक्षा अधिक चैतन्य एवं जागरूक थे। वे जानते थे कि जीव मात्र का अस्तित्व बचाए रखने के लिए वृक्षों के महत्व को नकारा नहीं जा सकता। अर्थात वृक्षों को जीवन दाता माना गया तभी उसके पूजन और स्तुति की स्थितियां निर्मित हुईं और आम जनमानस को प्रकृति के साथ जोड़ दिया गया।

यदि हमारे धार्मिक ग्रंथो की बात की जाए तो उनमें यह उल्लेख भी पढ़ने को मिलता है कि कोई व्यक्ति एक वृक्ष को धरती पर रोपता है और उसकी पूरी तन्मयता से उसकी देखभाल करते हुए ठीक ढंग से उसका पालन पोषण करता है, तो वह अनेक सुफलों का अधिकारी हो जाता है। हिंदू धर्म में कहा तो यहां तक गया है कि किसी पुरुष अथवा नारी द्वारा दस बच्चों को जन्म देने और उनके पालन पोषण करके उन्हें सभी प्रकार से योग्य बनाने के बाद जो सुफल प्राप्त होते हैं वह सब केवल एक वृक्ष को लगाने से ही प्राप्त हो जाते हैं। लिखने का आशय यह की पृथ्वी का संतुलित पर्यावरण अधिकांशतः पेड़ों पर ही टिका हुआ है। यदि पेड़ पर्याप्त मात्रा में है तो उनके द्वारा अतिरिक्त ताप को सोख लिया जाता है। यदि मानवीय गलतियों से नुकसानदायक गैसों का उत्सर्जन होने लगता है तो उन्हें भी पेड़ों की अधिकता के चलते निस्तेज किया जा सकता है। यदि पृथ्वी पर पेड़ पौधे पर्याप्त हैं तो वे सब मिलकर जलवायु परिवर्तनों को संतुलित बनाए रखते हैं। अर्थात समय पर बारिश होती है और उतनी ही होती है जिससे ना तो सूखा रह जाए और ना ही बाढ़ अथवा प्रलय के हालात बनें। दुख की बात यह है कि आजादी के बाद से लेकर अभी तक जितनी भी सरकारें अधिकतम समय तक शासन करती रहीं, उन्होंने कभी इस अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू पर गंभीरता के साथ गौर किया ही नहीं। बस वृक्षारोपण के नाम पर करोड़ें अरबों रुपय स्वाह किए जाते रहे। इस पुण्य कार्य की आड़ में भारी पैमाने पर भ्रष्टाचार होता रहा। कागजों में वृक्षारोपण होते रहे, जो थोड़े बहुत वृक्षारोपण हुए भी तो देखभाल के अभाव में उन्होंने दम तोड़ दिया। नतीजा यह निकला कि विकास के नाम पर अंधाधुंध पेड़ काटे जाते रहे। जबकि उसके विपरीत वृक्षों को पर्याप्त मात्रा में नहीं रोपा गया। नतीजा हम सबके सामने हैं। गर्मियां और अधिक जानलेवा हो रही हैं।सर्दियों के मौसम में भी लोग पहले की अपेक्षा अधिक दम तोड़ने लगे हैं। बारिशों का हाल यह है कि कहीं पानी का अभाव रह जाता है तो कुछ इलाकों में इतनी आतिवृष्टि होती है कि बाढ़ और प्रलय के हालात बन जाते हैं। लेकिन अब भारत की प्रकृति और प्रवृत्ति परिवर्तित हो रही है। क्योंकि देश में जन सरोकारों के प्रति सदैव ही चिंतित बने रहने वाले प्रधानमंत्री मोदी की सरकार है। उन्होंने वृक्षारोपण को केवल औपचारिकता से अलग हटकर उसे संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने का बीड़ा उठाया है।

अपनी इसी मंशा को पूरा करने की दृष्टि से उन्होंने एक पेड़ मां के नाम योजना का शुभारंभ किया है। जाहिर है उनके द्वारा यह विधि इसलिए अपनी गई है ताकि लोग वृक्षारोपण के लिए केवल फॉर्मेलिटी ना करें। बल्कि पूरी गंभीरता से पौधे को रोपें और एक बच्चे की तरह उसका तब तक लालन पालन करते रहें, जब तक कि वह पर्यावरण को अनुकूलता प्रदान करने वाला आत्मनिर्भर वृक्ष नहीं बन जाए। वृक्षारोपण करने वालों में गंभीरता और समर्पण का भाव बना रहे, इसी दृष्टि से प्रधानमंत्री मोदी ने इस कार्यक्रम के साथ मां को जोड़ दिया है। उनके इस विचार की जितनी प्रशंसा की जाए कम है और बुद्धिजीवी लोग प्रशंसा कर भी रहे हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक ऐसे ही सच्चे प्रशंसक हैं। यही वजह है कि उन्होंने एक पेड़ मां के नाम योजना को पूरी गंभीरता से लिया है। बेशक इस योजना को क्रियान्वित करने के लिए कोई कानून नहीं बनाया गया है। ना ही इस आशय के निर्देश हैं कि सभी को ऐसा करना ही होगा। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जनता जनार्दन से आग्रह किया गया है कि सब लोग अपनी मां के नाम का एक पौधा अवश्य रोपें । लेकिन बात केवल जनहित की न होकर जीव मात्र के हित की है। इसलिए जो लोग पृथ्वी, आकाश, जल, अग्नि, वायु पंच महाभूतों का सम्मान करते हैं, उनके द्वारा इस योजना को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और लिया भी जा रहा है।

## विचार

# लोक मंगल की तिथि देवशयनी एकादशी अर्थात पद्मनाभा

**संजय तिवारी**

आज देव शयनी एकादशी है। यह लोक मंगल की तिथि है। सनातन हिंदू आर्य वैदिक परंपरा में एकादशी का व्रत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। प्रत्येक वर्ष चौबीस एकादशियां होती हैं। जब अधिकमास या मलमास आता है तब इनकी संख्या बढ़कर 26 हो जाती है। आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को ही देवशयनी एकादशी कहा जाता है। कहीं-कहीं इस तिथि को %पद्मनाभा% भी कहते हैं। सूर्य के मिथुन राशि में आने पर ये एकादशी आती है। इसी दिन से चातुर्मास का आरंभ माना जाता है। इस दिन से भगवान श्री हरि विष्णु क्षीरसागर में शयन करते हैं और फिर लगभग चार माह बाद तुला राशि में सूर्य के जाने पर उन्हें उठाया जाता है। उस दिन को देवोत्थानी एकादशी कहा जाता है। इस बीच के अंतराल को ही चातुर्मास कहा गया है।

पुराणों में वर्णन आता है कि भगवान विष्णु इस दिन से चार मासपर्यन्त (चातुर्मास) पाताल में राजा बलि के द्वार पर निवास करके कार्तिक शुक्ल एकादशी को लौटते हैं। इसी प्रयोजन से इस दिन को देवशयनी तथा कार्तिकशुक्ल एकादशी को प्रबोधिनी एकादशी कहते हैं। इस काल में यज्ञोपवीत संस्कार, विवाह, दीक्षाग्रहण, यज्ञ, गृहप्रवेश, गोदान, प्रतिष्ठा एवं जितने



भी शुभ कर्म है, वे सभी त्याज्य होते हैं। भविष्य पुराण, पद्म पुराण तथा श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार हरिशयन को योगनिद्रा कहा गया है। संस्कृत में धार्मिक साहित्यानुसार हरि शब्द सूर्य, चन्द्रमा, वायु, विष्णु आदि अनेक अर्थो में प्रयुक्त है।

हरिशयन का तात्पर्य इन चार माह में बादल और वर्षा के कारण सूर्य-चन्द्रमा का तेज क्षीण हो जाना उनके शयन का ही द्योतक होता है। इस समय में पित्त स्वरूप अग्नि की गति शांत हो जाने के कारण शरीरगत शक्ति क्षीण या सो जाती है। आधुनिक युग में वैज्ञानिकों ने भी खोजा है कि कि चातुर्मास्य में (मुख्यतः वर्षा ऋतु में) विविध प्रकार के कीटाणु अर्थात सूक्ष्म रोग जंतु उत्पन्न हो जाते हैं, जल की बहुलता और सूर्य-तेज का भूमि पर अति अल्प प्राप्त होना ही इनका कारण है। शास्त्रों के अनुसार आषाढ़ शुक्ल पक्ष में एकादशी तिथि को शंखासुर दैत्य मारा गया। अत- उसी दिन से आरम्भ करके भगवान चार मास तक क्षीर समुद्र में शयन करते हैं और कार्तिक शुक्ल एकादशी को जागते हैं। पुराण के अनुसार यह भी कहा गया है कि भगवान हरि ने वामन रूप में दैत्य बलि के यज्ञ में तीन पग दान के रूप में मांगे। भगवान ने पहले पग में संपूर्ण पृथ्वी, आकाश और सभी दिशाओं को ढक लिया। अगले पग में सम्पूर्ण स्वर्ग लोक ले लिया। तीसरे पग में बलि ने अपने आप को समर्पित करते हुए सिर पर पग रखने को कहा।

**इस प्रकार के दान से भगवान ने प्रसन्न होकर पाताल लोक का अधिपति बना दिया और कहा वर मांगो। बलि ने वर मांगते हुए कहा कि भगवान आप मेरे महल में नित्य रहें। बलि के बंधन में बंधा देख उनकी भार्या लक्ष्मी ने बलि को भाई बना लिया और भगवान से बलि को वचन से मुक्त करने का अनुरोध किया। तब इसी दिन से भगवान विष्णु जी द्वारा वर का पालन करते हुए तीनों देवता चार-चार माह सुतल में निवास करते हैं।**

इस प्रकार के दान से भगवान ने प्रसन्न होकर पाताल लोक का अधिपति बना दिया और कहा वर मांगो। बलि ने वर मांगते हुए कहा कि भगवान आप मेरे महल में नित्य रहें। बलि के बंधन में बंधा देख उनकी भार्या लक्ष्मी ने बलि को भाई बना लिया और भगवान से बलि को वचन से मुक्त करने का अनुरोध किया। तब इसी दिन से भगवान विष्णु जी द्वारा वर का पालन करते हुए तीनों देवता चार-चार माह सुतल में निवास करते हैं। विष्णु देवशयनी एकादशी से देवउठानी एकादशी तक, शिवजी महाशिवरात्रि तक और ब्रह्मा जी शिवरात्रि से देवशयनी एकादशी तक निवास करते हैं। इस एकादशी को सौभाग्य की एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। पद्म पुराण का दावा है कि इस दिन उपवास या उपवास करने से जानबूझकर या अनजाने में किए गए पापों से मुक्ति मिलती है। इस दिन पूरे मन और नियम से पूजा करने से महिलाओं की मोक्ष की प्राप्ति होती है। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार देवशयनी एकादशी का व्रत करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

शास्त्रों के अनुसार चातुर्मास में 16 संस्कारों का आदेश नहीं है। एक बार देवऋषि नारदजी ने ब्रह्माजी से इस एकादशी के विषय में जानने की उत्सुकता प्रकट की, तब ब्रह्माजी ने उन्हें बताया- सतयुग में मांधाता नामक एक चक्रवर्ती सम्राट राज्य करते थे। उनके राज्य में प्रजा बहुत सुखी थी। किंतु भविष्य में क्या हो जाए, यह कोई नहीं जानता। अतः वे भी इस बात से अनभिज्ञ थे कि उनके राज्य में शीघ्र ही भयंकर अकाल पड़ने वाला है। उनके राज्य में पूरे तीन वर्ष तक वर्षा न होने के कारण भयंकर अकाल पड़ा। इस दुर्भिक्ष (अकाल) से चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई। धर्म पक्ष के यज्ञ, हवन, पिंडदान, कथा-व्रत आदि में कमी हो गई। जब मुसीबत पड़ी हो तो धार्मिक कार्यों में प्राणी की रुचि कहाँ रह जाती है। प्रजा ने राजा के पास जाकर अपनी वेदना की दुहाई दी। राजा तो इस स्थिति को लेकर पहले से ही दुखी थे। वे सोचने लगे कि आखिर मैंने ऐसा कौन सा पाप कर्म किया है, जिसका दंड मुझे इस रूप में मिल रहा है? फिर इस कष्ट से मुक्ति पाने का कोई साधन करने के उद्देश्य से राजा सेना को लेकर जंगल की ओर चल दिए।

वहाँ विचरण करते-करते एक दिन वे ब्रह्माजी के पुत्र अंगिरा ऋषि के आश्रम में पहुंचे और उन्हें साष्टांग प्रणाम किया। ऋषिवर ने आशीर्वचनोपरांत कुशल क्षेम पूछा। फिर जंगल में विचरने व अपने आश्रम में आने का प्रयोजन जानना चाहा। तब राजा ने हाथ जोड़कर कहा- महात्मन्?! सभी प्रकार से धर्म का पालन करता हुआ भी मैं अपने राज्य में दुर्भिक्ष का दृश्य देख रहा हूं। आखिर किस कारण से ऐसा हो रहा है, कृपया इसका समाधान करें। यह सुनकर महर्षि अंगिरा ने कहा- हे राजन! सब युगों से उत्तम यह सतयुग है। इसमें छोटे से पाप का भी बड़ा भयंकर दंड मिलता है।

# राजनीति को हिंसा-घृणा से मुक्त करने की जरूरत

**डॉ. दीपक पाचपोर**

अमेरिका के राष्ट्रपति को अमूमन दुनिया का सबसे ताकतवर इंसान माना जाता है। उसका कारण है खुद उस देश का सबसे शक्तिशाली होना- मूल रूप से ज्ञान, सूचना, व्यवसाय और सबसे बड़ी बात अपनी सामरिक ताकत के कारण। परमाणु शक्तियों और अत्यंत आधुनिक सेना के चलते वह दूसरे विश्व युद्ध के बाद से ही एक तरह से दुनिया का अगुवा राष्ट्र माना जाता है। अपने भीतर एक मजबूत लोकतांत्रिक प्रणाली में जीने वाले इस मुल्क के राष्ट्रपति के पास इतनी ताकत होती है कि वह अपने देश के साथ-साथ दुनिया भर का नेता मान लिया जाता है। संसदीय प्रणाली की बजाय राष्ट्रपति प्रणाली वाले अमेरिका का यह शीर्ष व्यक्ति इस व्यवस्था के चलते बड़ी शक्तियां अपने पास रखता है। इसके साथ ही उसके अंतरराष्ट्रीय दबदबे के कारण उसे अतिरिक्त ताकत मिल जाती है। उसकी खुद की चयनित होने की प्रणाली ऐसी दुरुह होती है कि वास्तविक रूप से पूरे देश में वोट बटोरकर ही कोई इस पद तक पहुंच सकता है। देश के पास अमेरिकी राष्ट्रपति को सुरक्षित रखने के लिये बहुत प्रोफेशनल सुरक्षाकर्मियों का बड़ा दस्ता होता है। अमेरिका में पहले जब दो राष्ट्रपति मारे गये थे, तब राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां ऐसी नहीं थीं लेकिन दुनिया में वर्तमान में जो हालात हैं, उसके कारण छोटे से छोटे और महत्वहीन देश तक अपने राष्ट्राध्यक्षों से लेकर तमाम छोटे-बड़े नेताओं को कड़ी सुरक्षा देते हैं। यह अलग बात है कि इसके बावजूद कई राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राजनीतिज्ञ मारे जाते हैं। अमेरिका की ही बात करें तो दास प्रथा का उन्मूलन करने वाले अब्राहम लिंकन की 1865 में एवं जॉन एफ कैनेडी की 1968 में हत्या हुई थी। 1972 में राष्ट्रपति पद के एक उम्मीदवार जॉर्ज सी. वैलेस पर गोलियां चली थीं जिससे घायल होकर वे आजीवन व्हील चेयर पर रहे। अब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर गोली दागी गई है। वैसे तो वे इस वक्त राष्ट्रपति नहीं हैं लेकिन अभी के राष्ट्रपति जो बाइडेन के पहले वे ही विश्व के इस सर्वाधिक ताकतवर पद को सम्हाल रहे थे। सम्भावना है कि अगली मर्तबा फि्र से वे ही अपनी पार्टी के प्रत्याशी होंगे। इसका दावा उन्होंने पेश कर दिया है और इस रेस में वे आगे हैं। एफ्बीआई एवं अन्य जांच एजेंसियां देख रही हैं कि उनकी हत्या की साजिश का कारण क्या हो सकता है- कोई अंदरूनी मसला अथवा कोई अंतरराष्ट्रीय साजिश। जो भी हो, यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा लेकिन जिस प्रकार से ट्रम्प को निशाना बनाया गया है उससे एक बार फि्र से राजनीति को हिंसा से मुक्त बनाने की जरूरत महसूस होने लगी है। यदि अमेरिका जैसे देश का अभी ही रिटायर हुआ राष्ट्रपति, जिसे लगभग वैसी ही सुरक्षा मिली हुई है जैसी कि उसे पद पर बने रहने के दौरान मिलती थी, एक 20 वर्षीय युवा के हाथों मरने से बाल-बाल बच जाता है, तो उसके कारण ढूंढ़ने से अधिक जरूरी है कि हिंसा से मुक्त दुनिया बनाने के सम्मिलित प्रयास किये जायें।

ट्रम्प उन राष्ट्रपतियों में से एक रहे हैं जिन्हें अपने विरोधियों और कुछ वर्गों के प्रति उनकी घृणा के लिये जाना जाता है। वे चार साल ही राष्ट्रपति रहे परन्तु उतने अल्प समय में उन्होंने अनेक समूहों के प्रति अपनी नफ्रत और हिंसा का भाव प्रदर्शित किया। पड़ोसी देश मैक्सिको से बडी संख्या में आने वाले लोगों के बारे में उन्होंने खराब शब्दों का इस्तेमाल किया था। यहां तक कि वे चाहते थे कि अमेरिका और मैक्सिको के बीच वे दीवार खड़ी कर दी जाये और उसका खर्च मैक्सिको से वसूला जाये। अप्रवासियों के प्रति उनकी राय हमेशा नफ्रत वाली रही है। इसकी शुरुआत उन्होंने 2015 में पद की अपनी दावेदारी का ऐलान करने के साथ ही कर दी थी। बाद में तो उनकी यह घृणा सभी तरह के अप्रवासी और यहां तक कि सभी बाहरी लोगों के लिये विस्तार पाती गई। ऐसे ही नस्लीय भेदभाव बरतने वालों और हिंसा में शामिल लोगों को वे प्रोत्साहन देते थे। ट्रम्प के खिलाफ अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के पास अनेक रिपोर्ट आई कि हिंसा करने वाले कई लोग उनसे प्रेरणा लेते हैं। साल 2016 में एक श्वेत व्यक्ति अपने अश्वेत पड़ोसियों को चाकू से डराता हुआ पकड़ा गया।



## राशिफल

**मेष** :-मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं। जरूरी कायरे की पूर्ति समय से करें।

**वृषभ** :- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जरूरी कायरे की समय से पूर्ति करें।

**मिथुन** :- नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**कर्क** :- सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**सिंह**:- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव।

**कन्या**:- मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बने। अपने सुख-दुख छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। आलस्य कतई न करें।

**तुला** :- पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरनें। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**वृश्चिक**:- भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**धनु** :- योजनाओं के फ्लीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**मकर** :- सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** :- किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें।

**मीन** :- प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# चतुर्मास : व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण की अवधि

**रमेश शर्मा**

भारतीय वाड्मय में चातुर्मास का विशेष महत्व है । यह आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी से आरंभ होता है। इसका समापन कार्तिक माह शुक्ल पक्ष की एकादशी को होगा । मान्यता है कि इन चार माह में भगवान नारायण पाताल लोक में विश्राम करते हैं इसलिये कोई शुभ काम नहीं होते। लेकिन आश्चर्यजनक यह है कि यदि चतुर्मास में कोई पवित्र कार्य नहीं हो सकते तब सनातन परंपरा के सभी बड़े और महत्व पूर्ण त्यौहार जैसे गुरु पूर्णिमा, रक्षाबंधन, नागपंचमी, ऋषि पंचमी, गणेशोत्सव, जन्माष्टमी, संतान सप्तमी, करवा चौथ, हरियाली अमावस, पितृपक्ष, नवरात्र, दशहरा, दीवाली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज आदि सभी बड़े त्यौहार इसी अवधि में ही आते हैं ।

बड़े त्यौहारों में केवल होली है जो इस चतुर्मास की अवधि से बाहर है । यदि कोई शुभ कार्य नहीं हो सकते तो बड़े बड़े त्यौहारों की श्रृंखला का प्रावधान इसी अवधि में क्यों किया गया है ? इस प्रश्न का उत्तर हमें इन आयोजनों के विश्लेषण में मिल जाता है । चतुर्मास में जो त्यौहार होते हैं, और जिन आयोजन को या कार्यो को निषेध बताया गया है, इन दोनों का विचार करें तो हम पायेंगे कि वर्जित किये गये सभी आयोजन भले दिखने में





**व्यक्तिगत हित या व्यक्तित्व के प्रभाव का प्रदर्शन एक बात है और व्यक्ति या व्यक्तित्व का निर्माण बिल्कुल दूसरी बात है । जैसे विवाह, नामकरण, यज्ञोपवीत, नये घर का निर्माण आदि कार्य केवल व्यक्ति या परिवार हित तक ही सीमित होते हैं । इनसे व्यक्तिगत संतोष और सुख तो मिलता है लेकिन परिवार का आंतरिक उत्थान नहीं होता। जबकि दूसरी ओर जिन त्यौहारों के आयोजन होते हैं वे सब किसी निजीत्व के प्रदर्शन या प्रसन्नता के लिये नहीं अपितु व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र के सशक्तिकरण और समृद्धिकरण के निमित्त हैं । उनका उद्देश्य व्यक्ति को तन से, मन से, बुद्धि से और विवेक बल से समृद्ध बनाना है, परिवार को सशक्त बनाना है, समाज को संगठित और उन्नत बनाना है और संपूर्ण राष्ट्र एकता के सूत्र में आबद्ध करना है ।**

सामूहिक लगते हों, उनका आयोजन समूह में होता हो पर वे सभी व्यक्तिगत हित के उत्सव हैं, व्यक्तिगत प्रभाव की स्थापना या प्रदर्शन के आयोजन हैं। उन आयोजनों में समाज या राष्ट्र हित निहित नहीं है । लेकिन इन चार माह में जिन त्यौहारों का प्रावधान किया गया है वे सब व्यक्ति, परिवार, समाज राष्ट्र और लोक कल्याण के हैं ।

व्यक्तिगत हित या व्यक्तित्व के प्रभाव का प्रदर्शन एक बात है और व्यक्ति या व्यक्तित्व का निर्माण बिल्कुल दूसरी बात है। जैसे विवाह, नामकरण, यज्ञोपवीत, नये घर का निर्माण आदि कार्य केवल व्यक्ति या परिवार हित तक ही सीमित होते हैं। इनसे व्यक्तिगत संतोष और सुख तो मिलता है लेकिन परिवार का आंतरिक उत्थान नहीं होता। जबकि दूसरी ओर जिन त्यौहारों के आयोजन होते हैं वे सब किसी निजीत्व के प्रदर्शन या प्रसन्नता के लिये नहीं अपितु व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र के सशक्तिकरण और समृद्धिकरण के निमित्त हैं । उनका उद्देश्य व्यक्ति को तन से, मन से, बुद्धि से और विवेक बल से समृद्ध बनाना है, परिवार को सशक्त बनाना है, समाज को संगठित और उन्नत बनाना है और संपूर्ण राष्ट्र एकता के सूत्र में आबद्ध करना है । त्यौहारों के माध्यम से चतुर्मास की इस अवधि में व्यष्टि से समष्टि तक के एकाकार होने की यात्रा होती है ।

भारतीय वाड्मय में कोई उत्सव, कोई त्यौहार अथवा कोई परंपरा यूं ही नहीं होती। उसके पीछे गहरा अनुसंधान होता है, व्यक्ति, समाज प्रकृति और सृष्टि का अध्ययन होता है । और निष्कर्ष से समाज को एकाकार किया जाता है । चतुर्मास के इन प्रावधानों में मानों शरीर विज्ञान, चिकित्सा विज्ञान, मनोविज्ञान, प्राणी विज्ञान, वनस्पति विज्ञान ही नहीं अंतरिक्ष विज्ञान के निष्कर्ष को भी समाहित किया गया है। जो बात आधुनिक विज्ञान ने आज कही है उसके निष्कर्ष का क्रियान्वयन भारतीय परंपराओ के प्रचलन अनादि काल से हो रहा है ।

आधुनिक विज्ञान ने उन्नीसवी और बीसवी शताब्दी जाना कि मनुष्य सहित चींटी से लेकर हाथी तक संसार के सभी प्राणीं एक दूसरे के पूरक हैं। और सृष्टि की नियामक शक्ति प्रकृति है । प्रकृति से समन्वय और संतुलन बनाकर ही धरती पर जीवन समृद्ध और दीर्घ जीवी होगा । यदि प्रकृति का क्षय होगा तो किसी का जीवन नहीं बचेगा। यह बात भारतीय ऋषियों ने हजारों वर्ष पहले खोज ली थी और इसकी सावधानियां ही इस चतुर्मास के आयोजन में है। इसे अनदेखा करके दुनिया ने विकास के नाम विनाश का मार्ग पकड़ लिया है। विज्ञान का दंभ भरने वाली दुनिया के सामने अब सत्य सामने आया है तो अब मार्ग बदलने की छटपटाहट है। लेकिन भारत ने यह सावधानी और प्रकृति से समन्वय के साथ जीवन के संचालन का प्रावधान सैकडों हजारों साल से कर रखा है । चतुर्मास में होने वाली उत्सव परंपरा में वे सभी सावधानियाँ हैं जिनमें व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र अपना विकास तो करे पर प्रकृति का संरक्षण भी साथ साथ चले ।

हम जानते हैं कि प्राणी को भोजन, पानी श्वांस और आरोग्य सब प्रकृति से मिलता है । प्रकृति में जितने पदार्थ जिस अनुपात में हैं वे सब उसी अनुपात में मनुष्य देह के भीतर हैं। और यह सभी पदार्थ पांच तत्वों से बने हैं । ये तत्व धरती, आकाश अग्नि जल और पवन हैं। यदि प्रकृति में इनके अनुपात में परिवर्तन होगा तो इसका प्रभाव प्राणी देह पर भी पड़ता है। इन चार महीने में इन पांच तत्व के अनुपात में परिवर्तन आता है । यदि सावधानी से इस परिवर्तन के अनुरूप स्वयं को सक्षम न किया तो यह अवधि मनुष्य को रोग ग्रस्त बना देगी।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# अलविदा या हुसैन की सदाओं के बीच रेहरा माफी में दफन हुए ताजिए

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

रेहरा माफ़ी में मुहर्रम की दसवीं तारीख़ को भी मजलिसो मातम का सिलसिला जारी रहा सुबह की नमाज़ के बाद इमामबारगाह मरहूम हसन जाफ़र में एक क़दिमी मजलिस *मजलिसे सुबहे आशुरा* का आयोजन हुआ जिसे मौलाना मुहम्मद अब्बास साहब ने संबोधित करते हुए कहा कि इमाम हुसैन ने जनाबे हूर की इतनी बड़ी क़ता को माफ़ करके उसे गले लगा कर हमको यही पैग़ाम दिया कि माफ़ करने वाला क़ता करने वाले से बड़ा होता है लेकिन हम अपनी अना के आगे इमामे हुसैन के मक़सद को भूला देते हैं उन्होंने इमाम हुसैन के परिवार पर हो रहे अत्याचार और उनके तीन दिन के प्यासे साथियों की शहादत का विस्तृत वर्णन किया तो सभी की आंखे डबडबा गईं

सुबह 9 बजे इमाम बारगाह इब्ने हसन में एक मजलिस का आयोजन किया गया जिसे इरफ़ान हैदर साहब ने सम्बोधित करते हुए इमाम हुसैन के उद्देश और शहादात का विस्तार पूर्वक उल्लेख किया

इस मजलिस से पूर्व मरहूम मुहम्मद ज़ाहिद में भी एक मजलिस का आयोजन हुआ जिसे मौलाना मुहम्मद अब्बास साहब ने सम्बोधित करते कहा कि ज़ालिम के विरुद्ध सबसे बड़े आंदोलन को करबला कहते हैं उन्होंने सभी की शहादत के बाद हज़रत इमाम हुसैन की पढ़कर अपने ईमान को पूरा पेश किया।

बजे दिन में दो बजे के बाद इमामबारगाह मरहूम हसन जाफ़र, इमामबारगाह मरहूम मुहम्मद ज़ाहिद और इमामबारगाह मरहूम इब्ने हसन में अलविदाई नौहों के साथ अंजुमने वफ़ाए अब्बास के सदस्यों द्वारा जुलुस बरामद हुआ,जिसमें अज़ादार काले कपड़े पहने हुए अपने कन्धों पर ताज़िए और हाथों में अलम के साथ नंगे पैर अलविदा या हुसैन की सदाओं के बीच करबला की तरफ़ चल पड़े जुलूस में अली अब्बास, आरिफ़ रिज़वी, शुजा उतरौलवी, अब्बास कानपुरी, जावेद हैदर इंतेज़ार मेंहदी,सायम अब्बास ने अपनी पुरदर्द आवाज़ में नौहा पेश किया जुलुस गांव के प्रमुख मार्गों से होता हुआ देर शाम करबला पहुंचा जहां करबला में ताज़िए दफ़न किए गए।

पानी ज़्यादा होने के कारण अज़ादारों को कर्बला तक जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा करबला में अंजुमन के सदस्यों ने नौहा ख्वानी सिनाजनी के साथ साथ ज़ंजीर का मातम करके अपने इमाम को पुरसा पेश किया जिसमें छोटे छोटे बच्चे भी शामिल रहे। जुहैर अब्बास मुहम्मद आमिर की ओर से जगह जगह सबीले हुसैनी का प्रबंध रहा आदि अब्बास ने इस भीषण गर्मी में पानी के फ़व्वारे से अज़ादारों को बड़ी राहत पहुंचाई। इस अवसर पर विभिन्न धर्मों के लोगो ने जुलूस में शामिल होकर आपसी भाईचारे की मिसाल पेश की जुलूस में मौलाना मुहम्मद अब्बास,इरफ़ान हैदर, अली जाफ़र, तौसीफ़ हसन, हुसैन जाफ़र, तौक़ीर हसन, अब्बास जाफ़र, ज़ुहैर अब्बास, मुहम्मद राशिद, मोजिज अब्बास,मुहम्मद आलिम, हैदर अब्बास, मुहम्मद सालिम, क़ाजिम रज़ा,असगर अली,आकिब हसन, आबिद हुसैन, साजिद अब्बास, मीसम अब्बास, नदीम हैदर, अहसन मुर्तुजा, अता अब्बास, मुहम्मद तालिब, मुहम्मद अली और ग्राम प्रधान मनसा राम यादव के साथ साथ पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।





## मरहूम हाजी तुल्लन हुसैन के इमामबाड़े से दस मुहर्रम को निकला यौमे आशूरा का जुलूस



**उतरौला (बलरामपुर)।** मोहर्रम की दसवीं तारीख बुधवार को जनपद सहित उतरौला, अमया देवरिया, रैगांवा, रेहरामाफी, सादुल्लाह नगर, मीरपुर, पचपेड़वा, तुलसीपुर, गैसड़ी समेत विभिन्न क्षेत्रों में दोपहर बाद कड़ी सुरक्षा के बीच गमगीन माहौल में यौमे आशूरा का जुलूस निकाला गया। कर्बला के मैदान में इमाम हुसैन व उनके 72 लोगों की शहादत को याद कर शिया समुदाय के लोगों ने नम आंखों से शहीदाने कर्बला को पुरसा दिया। नौहा ख्वानो के नौहे पर अजादारों ने मातम किया। उतरौला के मोहल्ला सुभाष नगर स्थित मरहूम हाजी तुल्लन हुसैन के इमामबाड़े से दस मुहर्रम को यौमे आशूरा का जुलूस शाम करीब तीन बजे निकाला गया। जिसमें शिया समुदाय के लोग काला लिबास पहने नंगे पांव, दर्द भरे नौहे के साथ मातम किया। कई आजादारों ने इमामे हुसैन के गम में तेज धारदार चाकू से अपने सिर को चाक कर कमा लगाया तो वहीं बहुत से मातमदारों ने दर्जनों चाकू लगे जंजीर से अपने पीठ पर तेजी से लगातार वार कर मातम किया। कुछ लोग अपने हाथों में ब्लड लेकर सीने को काटा खून बहाया और इमाम हुसैन का मातम मनाया। जुलूस में एक खेमा ऐसा भी रहा जिसमें लोगों ने सिर्फ हाथों से मातम कर इमाम हुसैन का गम मनाया। इसी जुलूस में अहले सुन्नत उतरौला का जुलूस भी अलम व ताजिए के साथ शामिल रहा। अज़ादारों को जगह-जगह पानी, शरबत, शबील, चाय व फल वितरित किया गया। अनेक तंजीमो, समाजसेवियों, व आम लोगों द्वारा सबील ए इमाम हुसैन लगाकर जुलूस में शामिल अकीदतमंदों को पानी पिलाया गया। जुलूस अपने मुख्य मार्ग से होता हुआ कर्बला पहुंचा। जहां सभी परंपराओं का निर्वहन करने के बाद शाम लगभग सात बजे समाप्त हुआ। जिसमें भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। शहर सहित कई गांव के लोगों द्वारा कर्बला मे ताजिया दफन किया गया। इसी क्रम में उतरौला के ग्राम अमया देवरिया में भी यौमे आशूरा 10 मोहर्रम का जुलूस दरगाह हजरत अब्बास अलमदार से शाम तीन बजे बरामद हुआ। जिसमें शिया समुदाय के लोग नंगे पांव काले लिबास में दर्द भरे नौहे पढ़ने के साथ कमा व जंजीर का मातम कर इमाम हुसैन को पुरसा दिया। जुलूस में अलम, ताबूत, जुलजना, तिरंगा व ताजिया के साथ भारी संख्या में लोगों ने नोहा ख्वानी व सीना जनी की। मातमदारो को जगह-जगह पानी, शरबत, शबील, चाय व फल वितरित किया गया। जुलूस मिसन रोड से होता हुआ डाक बंगला पहुंचा तो माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया। यहां पर लगभग एक घंटे तक नौहा ख्वानी कमा व जंजीरी मातम होता रहा। डाक बंगला होते हुए जुलूस कर्बला पहुंचा जहां लोगों ने ताजिया दफन किया। शाम सात बजे जुलूस समाप्त हुआ। मौलाना जायर अब्बास ने बताया कि आज ही के दिन इमाम हुसैन उनके कुनबे जिनमें 4 साल के बच्चे से लेकर 80 साल के बुजुर्ग तक को शहीद कर दिया गया था। जिनकी याद को मनाते हुए हम अपने गम का इजहार करते हैं। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। मोहर्रम के इन दस दिनों के दौरान शांतिपूर्ण माहौल में तमाम मजलिस, जुलूस, ताजियादारी होकर सकुशल संपन्न हुआ। सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था कायम रखने मे प्रशासन मुस्तैद रहा। जुलूस के दौरान मातम करने वाले घायलों के प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी उतरौला, साजिदा हॉस्पिटल की चिकित्सीय टीम एंबुलेंस के साथ मौजूद रहे और घायलों का प्राथमिक उपचार किया।

# दो पक्षों में हुई जमकर फायरिंग, गांव में दहशत, पुलिस ने शुरु की जांच-पड़ताल

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस से लिखित शिकायत करने जाता व्यक्ति

क्षेत्र के ग्राम परछा में मंगल वार की देर रात गोलियों की तड़तड़ाहट से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। गांव में अलाव देख रहे लोगों के अलावा आसपास मौजूद किसी अनहोनी की आशंका को लेकर अपने घरों में दुबक गए। घटना की जानकारी होते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। हालांकि इस मामले में एक पक्ष ने कोतवाली में तहरीर सौंप आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा का ग्राम परछा झगड़ा व अपराधिक कृत्यों के चलते काफी चर्चित है। मंगलवार की देर रात गांव में जब अलाव का कार्यक्रम संपन्न हो रहा था तभी देर रात गांव की गली में फायरिंग की आवाज सुन अलाव देख रहे ग्रामीण व आसपास मौजूद लोग अपनी सुरक्षा की दृष्टि से अपने घरों में जाकर दुबक गए। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है वही घटना के बाद गांव के मुइनुद्दीन उर्फ जुम्मु ने गांव के ही इरफान व उसके साथियों पर नाजायज असलहों से फायरिंग कर उसे जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है हालांकि गांव में चर्चा है कि यह फायरिंग दोनों पक्षों की ओर से हुई है इस मामले को लेकर कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज का कहना है कि घटना की जांच पड़ताल के बाद आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## घरेलू कलह से आजिज आकर मजदूर ने फांसी लगाकर दी जान

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली के टोला गांव में एक मजदूर ने घरेलू झगड़े के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। चित्रकूट के भरकूप निवासी श्याम सुंदर ने बताया कि उसके पिता 60 वर्षीय भरत लाल पुत्र भोला व उसकी मा सुनीता कोतवाली के टोला गांव में धान की फसल लगाने के मजदूरी पर 25 दिन पहले आए थे। उसके पिता आए दिन मां के साथ झगड़ा फसाद करते थे। बताया कि मंगलवार को उसके पिता ने टोला गांव के बाहर नीम के पेड़ से फांसी लगाकर जान दे दी है। मृतक अपने पीछे पांच पुत्र सत्यकुमार राममूरत रामनरेश सोनू को छोड़ गया है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# ट्रांसफार्मर खराब होने से आधा गांव अंधेर में डूबा

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के सैदपुर गांव में ट्रांसफार्मर खराब होने पर पांच दिनों से आधा गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। बुधवार को भीषण कर्मी के चलते ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर रोष जताया। बिजली न आने से पेयजल संकट गहराया हुआ है।सैदपुर गांव निवासी स्वामी प्रसादए मुकेश, रामकृपाल, मन प्यारे, लखनलालए,धर्मेंद्र, संतोष, रामसेवक,,भूपेंद्र, रघुवीर, रामपाल, हरनाथए,जमुना प्रसादए दस्सी आदि ग्रामीणों ने बताया कि 15 दिनों से विद्युत व्यवस्था ध्वस्त है। बस्ती में एक सैकड़ा से अधिक कनेक्शन है। बताया कि पांच दिन पहले ट्रांसफार्मर फुंक गया था। अभी तक नया ट्रांसफार्मर नहीं आया है। पांच दिनों से अंधेरा छाया हुआ है। बताया कि कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों को शिकायत की। लेकिन अभी तक कोई समस्या का समाधान नहीं हुआ है। बुधवार को भीषण गर्मी के चलते ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए रोष जताया है। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत विभाग के अधिकारी समस्या का समाधान नहीं कर रहे। बताया कि बिजली न आने से पेयजल की किल्लत है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि ग्राम प्रधान ने दो माह पहले शौचालय का समरसेबिल भी निकाल लिया है। शौचालय में पानी भी नहीं है। जिससे शौचालय में ताला लटका रहता है।

## खबरें एक नजर में

### गांव न छोड़ने पर पुत्र की हत्या करने की दी धमकी

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि।** क्षेत्र के ग्राम मकराव में दबंगों ने एक बेवा महिला के घर घुस उसके पुत्र को मारपीट गांव छोड़ देने की चेतावनी दी है और गांव ना छोड़ने पर दबंगों ने उसके पुत्र की हत्या करने की धमकी दी है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को घटना की तहरीर सौंप आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम मकराव निवासी उत्तरी देवी बेवा अंबिका सिंह ने कोतवाली मौदहा में तहरीर दी है कि 17 जुलाई की सुबह जब वह अपने घर में बच्चों के साथ मौजूद थी तभी गांव का गया सिंहए उसका साथी अमित निवासी ग्राम बिलहरी तथा लल्लू निवासी ग्राम बाकी तमंचा लेकर उसके घर में घुस आए और उससे गांव छोड़ देने की चेतावनी देते हुए उसके पुत्र फूल सिंह के साथ मारपीट करने लगे। अपने पुत्र को पिटता देख पुत्री उत्तरी व उसकी पुत्रियों ने जब फूल सिंह को बचाने का प्रयास किया तो दबंगों ने उनके साथ मारपीट करने के साथ.साथ वह अभद्रता भी की। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। तहरीर मिलते ही कोतवाली पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### गंभीर हालत में दो घायल, जिला अस्पताल रेफर

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** अलग अलग घटना में चार लोग घायल हो गये जहाँ सभी को ग्रामीणो एवं परिजनों की मदद से कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य में भर्ती कराया गया वही दो की हालत गंभीर होते देख प्राथमिक उपचार कर डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बताते चलें कि दो बाइको मैं आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई जिससे तीन लोग घायल हो गए क्षेत्र के गांव दोहरी माजरा करगांव निवासी राम सिंह 55 वर्ष पुत्र लल्लू राशन लेने अपने गांव से करगांव जा रहा था तभी करगांव की ओर से आ रहे बाइक सवार शिवम 18 वर्ष पुत्र संजय ग्राम गौरी कानपुर निवासी एवं ओम जी पुत्र स्वर्गीय बृजेश कुमार शर्मा ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे तीन लोग घायल हो गए ग्रामीण एवं परिजनों की मदद से सभी को मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां रामसिंह की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार कर डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वहीं कस्बा निवासी अंशुल पुत्र राजू छत में चढ़ते समय सीडियो से गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं परिजन आनन .फ़ानन में नगर की सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होते देख प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जहां दो लोगों का इलाज सी एच सी मे किया जा रहा है

### शराबियों ने छात्रा के साथ की मारपीट, एक गिरफ्तार

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर अपने भाई के साथ मोटरसाइकिल से जा रही छात्रा को शराबी तीन युवकों ने मोटरसाइकिल रोक कर अभद्रता करते हुए मारपीट की है जिसकी सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मौदहा थाना क्षेत्र के बजरंगपुर डेरा मौजा पढोरी निवासिनी नाबालिक छात्रा जयंती निषाद पुत्री जगत नारायण ने पुलिस को बताया कि वह है मंगलवार की शाम अपने भाइयों के साथ मोटरसाइकिल से अपने ननिहाल कुम्हाउपुर थाना ललपुरा जा रही थी तभी मकराँव में मोटरसाइकिल को तीन लड़कों ने रोक कर अभद्रता शुरू कर दी और बाइक सवार के साथ मारपीट करने लगे जिसका बीच बचाव करने पर छात्रा के साथ भी मारपीट कर अभद्रता की जिसकी सूचना 1090 पर की गई तो पुलिस मौके पर पहुंची तब तक वह युवक नौ दो ग्यारह हो गए जबकि ग्रामीणों ने बताया कि मारपीट करने वालों में वरदानी खंगार व कल्लू कुशवाहा का लड़का शामिल है फिलहाल तीनों युवको में पुलिस ने संदीप नाम के एक लड़के को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर बांकी युवकों की तलाश कर रही है।



### गाजा बाजा के साथ ताजिया जूलूस निकाला

**कुरारा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में मोहर्रम पर्व के अवसर पर कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र के लहरा व बेरी में ताजिया जुलूस निकाला गया। गाजे बाजे के साथ कस्बा का भ्रमण कर कर्बला में सुपुर्दे खाक किया गया।
कस्बा कुरारा के जामा मस्जिद के पास से ताजिया जुलूस निकाला गया। जो मेन बाजार से होते हुए भोली रोड से होकर नगर पंचायत के सामने से होकर बस स्टैंड से होकर बेरी तिराहाए मनकी स्टैंडए लालमन पुलियाए से होते हुए ब्लाक के समीप से होकर देर शाम कर्बला में जाकर सुपुर्द ए खाक किया। जुलूस के दौरान डीजे की ध्वनि बजती चल रही थी। कस्बा निवासी राजा खान के दरवाजे पर लंगर लगाया गया था। भीड़ में महिलाएं व बच्चे चल रहे थे।भीड़ भाड़ बनी रही। सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी योगेश तिवारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।इसी तरह क्षेत्र के लहरा व बेरी में ताजिया जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर कस्बा निवासी तारिक खानए नफीस अहमदए बशीर अहमदए निजामखानए राजा खानए अहमद हसनए आदि मौजूद रहे।

# सर्पमित्र ने पुलिस लाइन में किया दो विस्खापरों को सुरक्षित रेस्क्यू

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस लाइन में दो बड़ी खतरनाक विस्खापर अचानक से दिखाई दीं जिनमे एक पुलिस क्लब में घुसी थी और दूसरी पुलिस कंट्रोल रूम में जाकर घुस गई जिन्हें देखकर पुलिस कर्मी दहशत में आ गए।

पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिलने पर रेस्क्यू एक्सपर्ट वन्यजीव विशेषज्ञ सर्पमित्र डॉ आशीष त्रिपाठी ने बड़ी ही मशक्कत से मौजूद पुलिस कर्मियों के सहयोग से दोनो विस्खापर को सुरक्षित पकड़ लिया और उन्हें आरआई पुलिस लाइन के सहयोग से सुरक्षित उनके प्राकृत वास में ले जाकर छोड़ दिया गया। डॉ आशीष ने मौके पर मौजूद सभी पुलिस कर्मियों को जागरूक करते हुए बताया कि इस खतरनाक दिखने वाले जीव में कोई विष नहीं होता यह सिर्फ खापर ही है बल्कि इसके मुंह में सिर्फ खतरनाक बैक्टीरिया ही मौजूद होता है जिसके काटने से सही इलाज न मिलने पर गैंगरीन हो सकता है। डॉ आशीष ने बताया कि, यह वन्यजीव वन्यजीव अधिनियम 1972 के तहत संरक्षित है जिसे मारने या नुकसान पहुंचाने पर सजा और जुर्माने का प्रावधान भी है।

# शासन से भूमि संरक्षण विभाग के पांच साल के कार्यों की टीएसी जांच के आदेश होने से अफसरों की नींद हराम

- राठ इकाई के अफसर तैनात हैं बनारस में, राज्य सभा सांसद ने शासन से की थी शिकायत, डीएम स्तर से करायी गयी जांच में कर दी गयी थी लीपापोती, फंसते देख अफसर बचाव का खोज रहे हैं रास्ता

**विनोद शुक्ला।**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** शासन स्तर से स्थानीय भूमि संरक्षण विभाग की तीन इकाईयों के पांच साल के कार्यों की टीएसी जांच के आदेश होने से विभागीय अफसरों की नीद उड़ गयी है। चारो तरफ से फंसते देख बचाव के रास्ते खोजे जा रहे है। राठ इकाई के बीएसए इन दिनों बनारस में तैनात है। मामले की शिकायत राज्य सभा सांसद ने सीधे कृषि मंत्री से की थी।

जाानकारी के मुताबिक नमी संरक्षण के नाम पर जिले में भूमि सरंक्षण विभाग प्रथम,दिवतीय व राठ इकाई ने पांच साल में करोड़ो रुपये खर्च किये है राज्य व केंद्र सरकार के धन का जमकर दुरुपयोग हुआ है।बंधी के ऊपर बंधी बनाना,कुलावे व मेडबंधी बनाने के नाम पर जमकर धांधली की गयी है यही नही किसानों द्वारा जो शिकायते की गयी थी उस पर कोई ध्यान नही दिया गया है। किसानों के खेतों में नमी संरक्षण,खेत तालाब योजना,कृषि समृद्धि योजना, डव्ल्यू डीसी पीएमकेएसवाई, नमसा व अन्य तमाम कार्य भूमि संरक्षण इकाई प्रथम व दिवतीय एवं राठ इकाई द्वारा किया जा रहा है।

कई सालों तक राठ इकाई व हमीरपुर इकाई का कार्यभार अशोक यादव संभाले रहे है और जमकर धाधली की गयी यही नही बनारस ट्रांसफर होने के बाद भी श्री यादव कई महीने तक हमीरपुर का कार्यभार नही छोड़ा और वही से काम करते रहे। बाद में शासन के हस्तक्षेप करने के बाद कार्यभार छोड़ा था,उसी समय जमकर धांधली की गयी थी, अशोक यादव के वित्तीय अनियमतिता करने की शिकायत डीडी कृषि भी लिख चुके है यही नही मंडलीय अधिकारी संयुक्त कृषि निदेशक ने भी इनकी लिखित शिकायत की थी मगर उनके ऊपर कोई असर नही पड़ा है। विभागीय नेटवर्क इतना मजबूत है कि एक मर्तवा मामले की जांच डीएम हाल ही मे करा चुके है मगर जांच अधिकारियों से मिलकर भूमि संरक्षण विभाग के अधिकारियों ने अपने पक्ष में रिपोर्ट लगवा ली थी हालाकि उसी जांच रिपोर्ट को आधार मानकर अधिकारी अपने को पाक साफ बनने का प्रयास कर रहे है मगर शासन स्तर पर टीएसी जांच को रोक पाने में अधिकारी सफल नही हो पा रहे है।

विभागीय अधिकारियों ने मामले की शिकायत राज्य सभा सांसद बाबूराम निषाद ने सीधे कृषि मंत्री से की थी,कृषि मंत्री में मामले को गंभीरता से लेते हुये पांच सालों के कार्यों के समस्त कार्यों की जांच टीएसी लखनऊ से कराने के आदेश कर दिये है।

हालाकि यहां के विभागीय अधिकारी लखनऊ में टीएसी के अफसरों को रोकने का बहुत प्रयास किया है मगर सफल नही हो पा रहे है। जिससे तीनों इकाईयों के अफसरो के होश उड़ गये है। हालाकि भूमि संरक्षण विभाग के बीएसए बीरचंद पटेल ने तो शासन को लिखकर दे दिया हैकि उनके इकाई की जांच करा ली जाये क्योकि उनका रिटायरमेंट होने वाले है वह जांच में पूरा सहयोग करेगे।

### टीएसी के डिप्टी डायरेक्टर ने कहा कि हर हाल में होगी हमीरपुर में टीएसी जांच

टीएससी लखनऊ के डिप्टी डायरेक्टर व यूपी हेड आरके सिंह ने बुधवार को बताया कि हमीरपुर में टीएसी जांच लोकसभा चुनाव के कारण रुक गयी थी मगर हर हाल में अगस्त या सितम्बर में जांच की जायेगी। पांच साल में जो जो कार्य हुये है वह सभी जांच किये जायेगे। इसके लिये अभिलेख मांगे जायेगे क्योकि विभाग दवारा जो तालाब बनाये गये है उनमे अभी पानी भरा होगा इसलिये थोडा जांच मुश्किल होगी मगर फिर भी जांच करायी जायेगी श्री सिंह ने बताया कि करीब पच्चीस फीसदी कार्यो की जांच तो पहले टीएसी कर चुकी है मगर शेष कार्य तो टीएसी टीम देखेगी। जांच में जो भी गड़बडी पायी जायेगी तो संबंधित अधिकारी से रिकवरी करायी जायेगी।

### केएसवाई में किसी को नहीं है जानकारी कहां हो रहा है काम

दो साल से सरकार द्वारा संचालित केएसवाई विभागीय अफसरों के लिये बरदान सावित हो रही है ,हर साल प्रत्येक इकाई के लिये 75-75 लाख रुपये का बजट बंधी बांधने के लिये मिल जाता है मगर कार्य कहां हो रहे है इसकी जानकारी न तो ग्राम प्रधान को है न ही किसी किसान को है। भूमि संरक्षण अधिकारी अपने स्तर से इस बजट को खर्च कर लेते है,यह योजना पांच साल तक जिले में संचालित कीक जायेगी। भूमि संरक्षण विभाग के मंडलीय अधिकारी महोवा बैठते है मगर उनका दौड़ा बेहद चुप चाप होता है। जिससे बजट का जमकर बंदरबाट कर लिया जाता है।

### डब्ल्यूडीसी में करोड़ों खर्च हो रहा है, 17 गांवों में जानकारी किसी को नहीं

डब्ल्यू डीसी में आये करोड़ो रुपये काम 17 गांवों में कराया जा रहाहै मगर कौन कौन गांव चयनित किये गये है किसी को जानकारी नही है यह काम भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम करा रहेहै जहां पर गांवों में समितिया बनायी जायेगी क्या काम हो रहाहै इसकी जानकारी डीडी कृषि को भी नही दी जाती है। किसी जनप्रतिनिधि को भी नही जानकारी दी जाती है। जिससे बजट का जमकर दुरुपयोग हो रहाहै डीडी कृषि हरीशंकर भार्गव का कहना है कि वह किसी के काम नें हस्तक्षेप नही करते है।

# तालाब जैसे पानी की नगर पालिका कर रही सप्लाई

- सभासद की अगुवाई में नगरिकों ने पालिका में काटा हंगामा
- एक माह से नलों में आ रहा है तालाब के जैसा गन्दा पानी



**बीमारियां फैलने का खतरा**

**समृद्धि न्यूज, घाटमपुर।**

बरसात के मौसम में फैलने वाली बीमारियो से निपटने के लिये प्रदेश सरकार 1 से 31 जूलाई तक संचारी रोगों से निपटने का अभियान तथा 11 जुलाई से 31 तक घर-घर दस्तक का अभियान शुरू किये है वही नगर पालिका परिषद घाटमपुर स्टेशन की टंकी से बीते पखवाडे भर से दूषित जलापूर्ति कर खुद शासन के इस अभियान को असफल करने में जुटी जैसी लग रही है।

बताया जाता है कि इस टंकी से नगर के अशोक नगर उत्तरी, आछी मोहाल उत्तरी और कुष्मॉडा नगर के साथ ही कुछ हिस्सा बसंन्त बिहार में पानी की सप्लाई होती है, टंकी को भरने व प्रेसर बढाने के लिये इस टंकी के अधीन 4 नलकूप भी हैं जिसमें एक टंकी स्थल पर है बाकी तीन में एक जहानाबाद रोड तथा दूसरा कुष्मॉडा नगर-भीतरगांव तिराहे पर है, जबकि चौथा नलकूप आछी मोहाल उत्तरी में हरिजन छात्रावास के पास है।

### धरना-प्रर्दशन का असर नहीं, जन प्रतिनिधि भी मौन

घाटमपुर-नगर इन 4 मुहल्लों के लोग लम्बे समय से पानी की किल्लत से जूझते चले आ रहे है, इसी को लेकर मंगलवार को कुष्मॉडा नगर के सभासद सत्यम चौहान की अगुनाई मे बड़ी संख्या में कुष्मॉडा नगर मोहल्ले के लोग पालिका कार्यालय पंहुचे और लेटकर धरना-प्रर्दशन किया, प्रर्दशन कारी मोहल्ले में दूसरी पानी की टंकी बनवाने की भी मॉग की, उनका आरोप था कि नगर के बसंन्त बिहार और कुष्मॉडा नगर मोहल्ले मे पानी की घोर किल्लत है, धरना देने वाले लोगों ने मंण्डलायुक्तको संम्बोघित एक ज्ञापन अधिषाशी अधिकारी महेन्द्र कुमार को भी दिया, सभासद सत्याम चौहान ने बताया कि पेयजल किल्लत को लेकर पिछले सप्ताह भी नगर पालिका कार्यालय में धरना दिया गया था लेकिन जलापूर्ति में सुधार नही हुआ है। धरने में सभासद के अलावा हिन्दू चंन्द्रवीर सिंह, शिव शंकर तिवारी उर्फमुलायम तिवारी, विनोद श्रीवास्तव, मनोज द्विवेदी, बिनय त्रिपाठी, हरि ओम पांण्डेय, आदि लोग प्रमुख थे।

### विधायक के मुहल्ले का नलकूप छह माह से खराब

घाटमपुर-स्टेशन रोड की टंकी के आधीन 4 नलकूपों में आछी मोहाल उत्तरी का नलकूप बीते 6 माह से खराब पड़ा जबकि इसी मुहल्ल में घाटमपुर बिधायक श्रीमती सरोज कुरील का भी आवास है, नलकूप खराब होने की जानकारी खुद अधिषाशी अधिकारी ने धरना देने गये लोगों को दी, नलकूप खराब होने आछी मोहाल उत्तरी के साथ-साथ कुष्मॉडा नगर में लोगों के घरो में पानी कम प्रेसर से आता है।

## ट्रक पर बिजली हाई टेंशन का तार गिरने से चालक की मौत

**समृद्धि न्यूज, घाटमपुर।** सजेती श्रीनगर रोड ग्राम मुस्तफाबाद के पास एक ट्रक नंबर UP-92 T - 2935 पर बिजली हाई टेंशन का तार गिर जाने से ट्रक में करंट आने से ट्रक चालक



रोहित पांडे पुत्र प्रेम शंकर पांडे निवासी ग्राम चौरास थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ उम्र 45 वर्ष की विद्युत करंट से मृत्यु हो गई। सूचना पर पुलिस द्वारा मौके पर मौजूद ट्रक पर गिरी विद्युत तार को हटाया गया, शव को निकाला गया। मृतक के परिजनो को एवं ट्रक स्वामी को सूचना दे दी गई है। पंचायतनामा की कार्रवाई की जा रही है।

## मोहर्रम की नवमी दशमी को मातमी धुनों के बीच निकाले गए ताजिए



**पनवाड़ी, समृद्धि न्यूज।** कस्बा में हजरत इमाम हुसैन की याद में मनाए जाने वाले मोहर्रम पर्व पर कस्बा पनवाड़ी में लगभग एक दर्जन से ज्यादा ताजिए निकाले जाते हैं मोहर्रम के चाँद की नवमी और दशमी के ताजिए कस्बा में भ्रमण करते हैं ताजिए निकाले जाने की परंपरा सदियों पुरानी है जिसे इमाम हुसैन के चाहने वाले निभा रहे हैं मुहाल मुल्लनपुरा शेखोपुरा पठानपुरा जुल्हेठी काजीपुरा व बहनापुरा के इमाम चोको से ताजिए निकाले जाते हैं वहीं मुहाल मंडी में बुर्राक एवं अब्राकि ताजिए निकाले जाते हैं जिसकी सजावट कर्बला के शहीदों की याद दिलाती है जो कस्बा में मातन पुरा स्थित बड़ी माता मंदिर परिसर पर आज भी इमाम चौक के तौर पर जाते हैं कस्बा में ताजियों के ढोलो की बजरोटी बुंदेलखंड में अनोखी है मातमी धुनों के साथ बजने वाले ढोलो की आवाज आसपास के ग्रामीणों इलाकों में सुनाई देती है आज दशमी को बाजार में भारी मेला लगता है जिसमें कस्बा सहित ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित होती है तथा नौवीं एवं दसवीं मुहर्रम को जगह-जगह लंगर प्रसाद कॉन्टेलो की संख्या में वितरण किया जाता है ताजिए कस्बा का भ्रमण करते हुए मेन बाजार में जलसा का आयोजन किया गया तथा देर शाम तक सारे ताजिए कर्बला को रवाना हुए और ताजिए के आगे मरशिये भी पढ़े गए। सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस जगह-जगह मैं चाक-चौबंद रही और इसी के साथ मोहर्रम का पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

# या हुसैन की सदाओं के साथ गमगीन मौहाल में सुपर्द हुई ताजिया

## चप्पे चप्पे लगी सुरक्षा में पुलिस

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़**

**नगर** पंचायत हैदरगढ़ में बुधवार को कस्बे से कर्बला तक या हुसैन या हुसैन की सदाएं गूँजती रही। इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस कर्मी एवं रैपिड रिस्पॉन्स फोर्स के जवान तैनात रहे। दसवीं मोहर्रम का जुलूस कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बुधवार को निकाला गया। ताजियों के आगे नवयुवकों की टोली ढोल और ताशों के साथ लाठी-डंडे, गतके, तलवार आदि कलाओं को पेश करते हुए चल रही थीं। या हुसैन, या हुसैन की सदाएं गूंज रहीं थीं।जुलूस की शुरुआत नगर के बछरावां चौराहा से बच्चू शाह के यहां से उठी ताजिया से हुई। नगर के विभिन्न मार्गो से निकले जुलूस में युवा जोश के साथ ढोल नगाड़ा की थाप पर डंडा लाठियों का प्रदर्शन करते रहे। जुलूस में शामिल युवा हाय हुसैन हाय हुसैन या अली मौला या अली मौला का नारा लगाकर छूरी और ब्लेड से मातम करते हुए नजर आए। नगर केविभिन्न हिस्सों से निकले जुलूस में शामिल बच्चू शाह की ताजिया को जहाँ उनके घर के बाहर स्थित कर्बला में दफना दिया गया वही अन्य ताजिया को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हैदरगढ़ बछरावां मार्ग पर स्थित कर्बला में दफना दिया गया। नगर में निकले इस जुलूस में चेयरमैन अलोक तिवारी, चैयरमैन प्रत्याशी रहे पप्पू सिद्दीकी, सरवर सिद्दीकी सहित हजारों लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में विकास खंड त्रिवेदीगंज के दून्दीपुर गांव में भी मुहर्रम का जुलूस निकाला गया। जिसमे राजू. आदिल, आसिफ, सद्दाम, मकसूद, साहिल, दानिश, साबिर साबिर अली गुफरान सहित तमाम लोग रहे मौजूद रहे।



### शांति के साथ मनाया गया दसवीं मोहर्रम का पर्व

**रामनगर बाराबंकी।** इमाम हुसैन और उनके साथियों की जंगे कर्बला में शहादत को याद करते हुये बुधवार को दसवीं मोहर्रम का पर्व गम के रुप में समूचे क्षेत्र में मनाया गया।मुस्लिम भाईयों ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुलूस निकाला। निकाला गया।गाँवो में ताजिया दारो ने ताजियों के जुलूस निकालकर मातम मनाया।जिसमें काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के धर्मावलंबी बूढ़े बच्चे व महिलाएं मौजूद रहे। कस्बा रामनगर में बुढ़वल से जुलूस निकालकर बदोसराय मार्ग होते हुए आगे बढ़ा।इस दौरान या हुसैन की सदाएं गूंजती रही।जुलूस के दौरान मुकामी व मेहमान अंजुमनो के कार्यकर्ताओं ने मार्मिक अंदाज में नौहे पढ़े और सीनाजनी की ओर छप्पन छुरी का मातम किया।युवकों ने लट्ठ बाजी के पैंतरे दिखाये।

### गमगीन माहौल में निकला ताजिये का जुलूस, प्रशासन रहा मुस्तैद

**मसौली बाराबंकी।** कर्बला में अपनी अजीम कुर्बानी पेश करके दुनियां के सम्पूर्ण मानव जाति के स्वाभिमान, इन्सानियत एवं मानवता के वजूद को हमेशा हमेशा के लिए महफूज करने वाले हजरत इमाम हुसैन( रजि0) की याद में दसवीं मुहर्रम को चौक पर रखे गये ताजियों का जुलुस गमगीन माहौल में अक़ीदत एव सादगी से निकाला गया तथा देर शाम नम आँखों के साथ कर्बला में ताजियों को दफन किया गया। इस दौरान या हुसैन या हुसैन की सदाओं से इलाका गूंज उठा। हजरत इमाम हुसैन (रजि0) व उनके 72 साथियों की शहादत की याद में निकाला जाने वाला जुलूस कस्बा सआदतगंज, अनुपगंज, रामपुर कटरा, बांसा, बड़ागाँव, मसौली, त्रिलोकपूर, भयारा, नैनामऊ, सफदरगंज, सैदनपुर, दादरा, रसौली, जकरिया, चंदवारा सहित पूरे इलाके में मोहर्रम की 9 वी तारीख को बड़ी अकीदत के साथ समस्त चौको पर ताजिया रख कर इमाम हुसैन की याद को ताजा कर अमन चैन की दुआ मांगी गयी नोहे पढ़ी गई नजर देकर हजरत इमाम हुसैन को याद किया गया तथा बुधवार की सुबह पूरी अकीदत व एहतराम के साथ निकाले गये।जुलूस में लोग या हुसैन या हुसैन के नारे लगा रहे थे।जिससे पूरा इलाका गमगीन हो गया।हजरत इमाम हुसैन के अक़ीदतमंद जगह जगह शबील खीचड़ा व पुलाव का वितरण कर रहे थे।देर शाम नम आँखों के साथ गमगीन माहौल में ताजियों को दफन किया गया। जुलुस मे शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी रामनगर आलोक पाठक,प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह, सफदरगंज प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह,अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक सनत कुमार मिश्रा,वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली,कस्बा प्रभारी अनिल कुमार सिंह, सहादतगंज चौकी प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# हुसैन की सदाओं के साथ निकला ताजिये का जुलूस, अकीदत के साथ हुई सुपर्दे

**जैदपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



**शहीदाने** कर्बला की याद मे मोहर्रम की दस तारीख सुबह से ही कस्बे के हर मोहल्ले से हुसैन हुसैन की सदाओ के साथ छोटे ताजिये का जुलूस बहुत अकीदत व एहतेराम के साथ निकालकर गार तक पहुंचा। जबकि बड़ापुरा, महमूदपुर, अहिरान,अली अकबर कटरा, मोलवी कटरा,जेल महल, कांशीराम कालोनी, बंजारनपुर, कालोनी, कटरा, बडी बाजार से बड़े ताजियो का जुलूस ऊंट, घोड़े डंका, बैंडबाजे, अलम के साथ अजादारो का हुजूम नौहेख्वानी व सीनाजनी करते हुए निकला।सबीले हसैनी के मद्देनजर कस्बे के विभिन्न इलाको मे स्टाल लगाकर शरबत, बूंदी, खजूर, जरदा, बिरयानी, खीर, चने, मटर, चाय, काफी पानी सहित विभिन्न प्रकार के पकवान का वितरण किया गया।इसी क्रम में रफीक हसन सरकारे हुसैनी व मीर ऐनुल हसन चिकना महल का जुलूस निकला। जिसमे ताजिया, ताबूत, अलम, जुलजना के साथ भारी तदाद में लोग मातम व नौहाख्वानी करते निकले।जबकि बडी सरकार मे मजलिस सोजख्वानी, सलाम के बाद जुलूस निकाला गया। गढ़ी कदीम इमामबाडे से जूलूस निकाला। बाद नमाजे मगरिब अंजुमने हुसैनिया का जुलूस निकला। जबकि मशाल का जुलूस भी निकाला गया।जिसमे कसीर तादाद मे लोगो की भीड़ मौजूद रही।इस अवसर पर सुरक्षा के मद्देनजर सीओ सदर सुमित त्रिपाठी, थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह, कस्बा इंचार्ज रनवीर सिंह, दरोगा हलीम बाबू, अलोक कुमार, एसआई राकेश कुमार, जयनारायण दीवान, अरविंद्र यादव, शैलेन्द्र कुमार, रितुराज, गुफरान खान सहित भारी संख्या मे पुलिस बल व पूर्व चेयरमैन रियाज अहमद, हुसैन, एकराम, शाहे आलम, अली नामदार, शहवार हुसैन, तैयब,जावेद रिजवी, शहाबुद्दीन सिद्दीकी, गुलफाम सहित भारी संख्या मे लोगों की भीड़ मौजूद थी।

# रेडक्रॉस के चेयरमैन को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**




**सेवा और** सहायता के लिए जानी जा रही बाराबंकी रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन शैलेंद्र सिंह को प्रदेश की राज्यपाल व स्वास्थ्य मंत्री ने एक समारोह कर सम्मानित किया गया है। राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी द्वारा रेडक्रॉस के चेयरमैन शैलेंद्र सिंह को भेजे गए आमन्त्रण पत्र में उल्लेख किया गया है कि रेडक्रॉस द्वारा जनपद बाराबंकी में किये गए सेवा और सहायता के कार्यों से जहाँ जिला रेडक्रॉस शाखा की छवि बढ़ी हैं वहीं लोगो को समाज सेवा के लिए प्रेरणा मिली है। रेडक्रॉस के यह कार्य प्रशंसनीय हैं। राजभवन में संपन्न हुई रेडक्रॉस शाखा के सामान्य सभा की बैठक में रेडक्रॉस के चेयरमैन शैलेंद्र सिंह को राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने उन्हें सम्मानित किया। रेडक्रॉस को मिले इस सम्मान से जिले के स्वयंसेवियों में खुशी का माहौल है तथा चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह को बधाइयां मिल रही हैं।

## दबंगो ने बाप बेटे को लात घूंसों से की पिटाई, मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी।** दवा लेकर वापस आते समय रास्ते में रोक कर दबंगों ने बाप बेटे को लात घूंसे से मारा पीटा जिसकी शिकायत पीड़ित ने जैदपुर थाने में की है। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी गयी है। बताते चलें कि राम किशोर पुत्र रामनाथ निवासी आहिरनपुरवा मजरे बोजा ने थाना जैदपुर में शिकायती पत्र देते हुये बताया कि दिनांक 15/7/2024/ चार बजे अपने पुत्र अनिल कुमार के साथ बंगला बाजार दवा लेने आया था वापस जाते समय विश्नु पुत्र धर्मराज गोस्वामी, खुश्बू पत्नी अंकुर व विश्नू की माता निवासी गांव चंदौली थाना जैदपुर राम पुरवा पुलिया के पास रोककर गन्दी गन्दी गालियां देने के साथ लात घूसों से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी है।तहरीर मिलने पर जैदपुर पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

# अनाधिकृत वाहनों को किया गया सीज



**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

**शासन** के निर्देशों के क्रम में, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन अयोध्या के नेतृत्व में अनधिकृत संचालित वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया गया अभियान के अंतर्गत अनधिकृत रूप से संचालित यात्री वाहनों के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की गई । जिसमें कुल 10 वाहनों का चालान करते हुए 05 वाहनों को निरुद्ध भी किया गया है। अभियान में अंकिता शुक्ला ए आर टी ओ तथा अश्वनी उपाध्याय पीटीओ द्वारा चेकिंग की गई।

## खबरें एक नजर में

### संजय सेतु से गायब युवक की तलाश में जुटी एनडीआरएफ की टीम, बाइक व मोबाइल मिली



**रामनगर बाराबंकी।** संजय सेतु से गायब हुये युवक की मोटर साइकिल मोबाइल फोन पर्स मिलने के साथ उसकी तलाश में जुटी पुलिस व एन डी आर एफ की टीम को अभी तक कोई सफलता नहीं मिल पाई है।नदी में तलाश जारी है।मालूम हो कि विगत मंगलवार की देर शाम को थाना रामनगर क्षेत्र मे ग्राम बड़नपुर मजरे फिरोजपुर निवासी 22 वर्षीय युवक सुनील शर्मा पुत्र गोविंद जो अपने ननिहाल में रह रहा था उसकी बाइक पर्स व मोबाइल फोन सरयू नदी के संजय सेतु पर मंगलवार की शाम पाया गया था।ननिहाल वालों को इसकी जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गई थी।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पुल व नदी के आसपास काफी तलाश किया लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चल पाया था।आज बुधवार आरक्षी पुनीत व सुजीत स्थानीय गोताखोरों व एन डी आर एफ टीम के साथ जाकर नदी में काफी दूर तक तलाश किया लेकिन खबर लिखे जाने तक कोई सफलता नहीं मिल पाई थी।तलाश जारी है।

### अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत, कई घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** थाना लोनी कटरा अंर्तगत हुई अलग अलग मार्ग दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हो गई जब कि एक अन्य घायल हो गया। मंगलवार रात करीब आठ बजे छबील चौकी के पास हुई पहली दुर्घटना में सड़क पार कर रहा भट्ठा मजदूर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गया बाद में उसकी सी एच सी गोसाईगंज अस्पताल में मौत हो गई। ईंट भट्ठे पर मजदूरी पेशा मृतक व्यक्ति की पहचान बिहार प्रांत के नालन्दा जनपद के सांडीमऊ थाना सिलाव निवासी सुनील पुत्र कारू मांझी उम्र करीब 42 वर्ष के रुप में। हुई है। दूसरी सड़क दुर्घटना बुधवार सुबह करीब ग्यारह बजे हसनपुर गांव में हुई। गांव निवासी महेंद्र प्रताप (50) दहिला पोखरा मार्ग के किनारे रखे छप्पर में लेटा था। सड़क से गुजर रही अज्ञात कार ने ठोकर मार दी। घायल को सीएचसी त्रिवेदीगंज से जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है।कार चालक वाहन सहित घटना स्थल से फरार हो गया हैं

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जैदपुर बाराबंकी।** अज्ञात वाहन की टककर से एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।मामला जैदपुर के बरायन चौराहे के पास का है जहां विजय वर्मा पुत्र सर्वजीत वर्मा निवासी सेवकीपुरवा थाना जैदपुर मोटर साइकिल से जैदपुर से वापस घर लौटते समय अज्ञात वाहन द्वारा जोरदार टक्कर मार फरार हो गया। जिनकी मौके पर सर फट जाने से दर्द नाक मौत हो गयी । जैदपुर पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी।

### तेज रफ्तार कार से बाइक सवार को मारी टक्कर चालक घायल, बाल-बाल बचे दो बच्चे

**मसौली बाराबंकी।** थाना मुख्यालय के निकट तेज रफ्तार मे आ रही कार ने सामने से आ रही बाईक के टककर मार दी बाईक चालक जहा गंभीर रूप से घायल हो गया वही बाईक पर बैठे दो बच्चे सुरक्षित रहें मसौली पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया है। ऐसबाग लखनऊ निवासी मोहम्मद अकरम पुत्र बब्लू बुधवार को अपने दो बच्चों के साथ बाइक से लखनऊ की ओर जा रहे थे हाइवे पर स्थित थाना मुख्यालय के निकट पहुंचा था कि सामने से तेज रफ्तार मे आ अज्ञात कार ने टककर मार दी जिससे बाईक चला रहा मो0 अकरम गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है दुर्घटना मे दोनो बच्चे सुरक्षित रहे।

### महिला को जमीनी विवाद में पुत्र व नाती ने की मारपीट

**कालपी (जालौन)।** महिला ने अपने ही पुत्र एवं नाती पर जमीनी विवाद में मारपीट का आरोप लगाया है। इस मामले में महिला के दूसरे पुत्र को गम्भीर चोटे आई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बैरई निवासिनी महिला गिरजा देवी पत्नी इन्दर सिंह ने आरोप लगाया है कि गत 13 जुलाई को अपने पुत्र पिंटू सिंह के साथ खेत की जुताई करने गई थी इसी दौरान बडा पुत्र देवेंद्र सिंह और उसका पुत्र विपुल भी आ गया तथा खेत की जुताई करने से मना करने लगा था जिसका उसने तथा पुत्र पिंटू ने बिरोध किया तो दोनो हमलावार हो गये थे और पुत्र की जमकर मारपीट कर दी थी जिसमे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया था जिसकी शिकायत उसने कोतवाली पुलिस से भी की थी लेकिन पुलिस ने अभी तक हमलावर पिता पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज नही किया है। वही घायल के मुताबिक डाक्टरी परीक्षण में उसका हाथ टूटा निकला है। पुलिस के मुताबिक युवक का डाक्टरी परीक्षण कराया गया है शीघ्र ही मामला दर्ज कर हमलावर पिता पुत्र के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### बाइक से गिरकर पत्नी हुई घायल तो पति हुआ रफूचक्कर

**जालौन (उरई)।** पत्नी ने पति पर चलती हुई बाइक से उसे गिराने और घायल अवस्था में उसे छोड़कर भागने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खजुरी निवासी संगीता पत्नी सलीम उर्फ मिनी ने बताया कि उसके पति आए दिन उसके साथ गाली गलौज व मारपीट करते हैं। वह अपने रिश्तेदार के यहां कुसमरा में आई थी। कुसमरा से वह पति के साथ वापस अपने गांव खजुरी बाइक से जा रही थी। रास्ते में बातचीत के दौरान पति ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। पत्नी ने आरोप लगाया कि बात बढ़ने पर पति ने उतावलेपन से बाइक चलाते हुए उसे बाइक से धक्का देकर गिरा दिया जिससे वह घायल हो गई। इसके बाद वह उसे घायल अवस्था में वहीं छोड़कर चले गए।

# देव वृक्ष बेल का पौधरोपण कर गोप ने दिया सन्देश



**रामनगर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एंव पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने विधानसभा अध्यक्ष अवधेश यादव के संयोजन में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में भागीदारी कर देव वृक्ष बेल का पौधा लगाया।पूर्व मंत्री ने इस मौके पर सभी लोगों से ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की अपील की ताकि वातावरण सुरक्षित रहे।कस्बा रामनगर में स्थित पक्के तालाब के पास आयोजित इस कार्यक्रम में अन्य गणमान्य लोगों ने भी पेड़ लगाए।इस उत्तम कार्य में अपने नेता के साथ विवेक सिंह गणेशी यादव अनिल यादव बलवान सिंह यादव सभासद के डी खान कलीम नेता व मिर्जा उमर बेग सहित अन्य कार्यकर्ता समर्थक शामिल रहे।वृक्षारोपण के बाद विजय मौर्य के आवास पर सपा के राष्ट्रीय सचिव का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

# गमगीन माहौल में प्राचीन कर्बला में दर्जन भर ताजियों को किया सुपुर्द ए खाक

**कालपी (जालौन)। समृद्धि न्यूज**



**बुधवार की** शाम को ताजियेदारों एवं हजारों अकीदतमंदों ने गमगीन माहौल में प्राचीन कर्बला के मैदान में नगर के दर्जन भर ताजियों को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। विदित हो कि मोहर्रम की दसवीं की भोर सुबह 4 बजे इमाम चौकों से ताजियेदार तथा अकीदतमंद अपने-अपने ताजियों को लेकर सदर बाजार स्थित श्री दरवाजे गेट पर पहुंच गए। वहां पर मातम तथा गम के साथ ताजियों का जुलूस शुरू हुआ। जुलूस बड़ा बाजार, अदल सराय होते हुए दीवान औलिया के ग्राउंड में पहुंचा जहां अकीदतमंदों ने फातिहा पढ़ी जिसके बाद जुलूस का समापन किया गया। इस मौके पर मुन्ना राइन, इकबाल खान, हिदायत खान आदि ताजियेदारों के साथ काफी संख्या में महिलाएं तथा बच्चे शामिल रहे। ताजिया जुलूस में जगह-जगह लंगर वितरण किया गया। दोपहर दो बजे के बाद सभी तजियेदार अपने-अपने ताजियों को लेकर प्राचीन कर्बला के मैदान में पहुँचे। रंज एवं गम के माहौल में ताजियों को सुपुर्द ए खाक किया गया। कर्बला में आयोजित मोहर्रम के मेले में भारी संख्या में अकीदतमंदों ने हिस्सा लिया।

### मध्य रात में दो स्थानों में हुए मोर्हरम के अलाव

**कालपी।** मोहर्रम के चांद की 9ध10 वीं की रात में शासन प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नगर के दों अलग-अलग स्थानों में अकीदतमंदों के द्वारा जलते हुए आग के अलाव का प्रदर्शन किया गया। नगर के मुहल्ला उदनपुरा स्थित दीवान औलिया ग्राउंड में खलीफा नत्थू, खलीफा पप्पू एवं अकीदतमंदों की मौजूदगी में मातम के साथ अलाव का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद रात में 1 बजे दमदमा तकिया ग्राउंड में भी खलीफा अलीम के नेतृत्व में अलाव का प्रदर्शन किया गया।

### जगह-जगह मोहर्रम की महफिल में कर्बला के शहीदों को किया याद

**कालपी।** मोहर्रम के अवसर पर धर्मनगरी कालपी में जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नगर के मोहल्ला उदनपुरा स्थित हुसैनी मस्जिद के ग्राउंड में जिक्र ए इमाम आला मकाम व जिक्र ए शोहदा ए कर्बला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौला हस्सान मियां शफीपुर, कारी अहसान बरकाती, कारी दावर रजा, मुफ्ती शोएब अमजदी ने अपनी-अपनी तकरीर में कर्बला के शहीदों को याद किया। इस मौके पर फहीम खान, आबिद खान, कासिम शाह, हाशिम अली, काजिम हुसैन, लाला, नसीम मंसूरी आदि लोग मौजूद रहे। इसी प्रकार नगर के मोहल्ला जुनैदपुरा स्थित मदरसे में कारी अब्दुल शमी के संयोजकत्व में 10 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। बुधवार को खानकाह शरीफ मस्जिद तथा बड़ी मस्जिद मिर्जामंडी में नमाजे असूरा सामूहिक रूप से आधा की गई।

### मोहर्रम में चाक चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

**कालपी।** मोहर्रम के अवसर पर ताजिया जुलूस, कर्बला मेला, छड़, अलम जुलूस में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन तथा पुलिस विभाग के द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे। उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र पाठक, अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ, उपनिरीक्षकों वसीम अहमद, जितेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह पुलिस बल व पीएसी के जवान जगह-जगह तैनात रहे। वही खुफिया विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी सक्रिय रहे। पालिका तथा विद्युत विभाग के कर्मचारी व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटे रहे।

**ज्ञापन** — आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने 8 सूत्रीय मांगों को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन

# नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 गरीब, वंचित समाज के हित में नहीं: रमाकांत दोहरे

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने देश में गरीब, वंचित समाज (एससी, एसटी, ओबीसी) को मुख्य धारा में जोड़ने के लिये महामहिम राष्ट्रपति, तथा प्रधानमंत्री को सम्बोधित 8 सूत्रीय ज्ञापन क्षेत्रीय सांसद नारायण दास अहिरवार को सौंपा। आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने अपने ज्ञापन में कहा है कि देश एवं प्रदेशों के अंदर समता, समानता, शिक्षा व स्वतंत्रता आदि मूल अधिकारों के विरुद्ध कार्य होता प्रतीत हो रहा है, साथ ही वंचित समाज के साथ आये दिन जुल्म, अत्याचार व उत्पीड़न हो रहे हैं। पूंजीवाद को स्थापित करने के लिए निजीकरण, संविदा भर्ती प्रक्रिया, लेटरल भर्ती प्रक्रिया व आउटसोर्सिंग आदि आरक्षण विरोधी नीतियों के कारण देश में आर्थिक, शैक्षिक व सामाजिक गैर बराबरी बढ़ती जा रही है, जिससे संविधान की मूल भावना समता, समानता व वंचितों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विकास के अवसर उपलब्ध कराने संबंधी आदि अधिकारों का हनन हो रहा है। ज्ञापन में कहा गया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 गरीब, वंचित समाज के हित में नहीं है। असंवैधानिक और जनविरोधी अग्निवीर जैसी भर्तियों की नीति एवं पाँच वर्ष से रिक्त पड़े सृजित पदों को समाप्त करने की नीति बनाने से वंचितों में असंतोष की भावना है। क्योंकि स्थाई भर्ती प्रक्रिया रिक्त पड़े पदों को विशेष भर्ती अभियान द्वारा भरा जाना एवं पुरानी पेंशन योजना भारतीय नागरिको को भविष्य की सुरक्षा प्रदान करती है, वहीं अल्पकालिक असंवैधानिक भर्ती प्रक्रिया, निजीकरण, रिक्त सृजित पदों को समाप्त करना एवं नई पेंशन स्कीम (एनपीएस) नागरिकों में असंतोष की



भावना पैदा करती है, जिससे शासन के प्रति विश्वास की भावना कम होने के साथ समाज में जन आक्रोश पैदा हो रहा है। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद भी देश में व प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जाति, जनजाति के कार्मिकों एवं अधिकारियों को पदोन्नति में आरक्षण का लाभ देने के स्थान पर पदावनत (रिवर्ट) कर अपमानित करने का कार्य किया गया, जिससे वचिंतो का उच्च पदों पर पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं हो सका है। आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने आरक्षण कानून (रिजर्वेशन एक्ट) बनाकर संविधान की नौवीं अनुसूची में जोड़े जाने, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को रद्द कर वन नेशन वन एजुकेशन के तहत शिक्षा का राष्ट्रीयकरण करने देश व प्रदेश के कार्मिकों को भविष्य की सुरक्षा के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम बहाल किये जाने, सभी शिक्षकों एवं कार्मिकों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं समान रूप से उपलब्ध कराने साथ ही निजीकरण को बंद किये जाने। महिला आरक्षण के अंतर्गत एससी एसटी, ओबीसी की महिलाओं को वर्टिकल आरक्षण दिये जाने। देश में महिलाओं को पुरुषों के समान सभी अधिकार एवं हिस्सेदारी सुनिश्चित कराने। स्पेशल कंपोनेंट प्लान को कानून बनाकर राज्यों को आवंटित की जाने वाली धनराशि को एससी, एसटी, ओबीसी के शिक्षा स्वास्थ्य एवं विकास पर ही व्यय किया जाए। लेबर एक्ट संविधान की मूल भावना के अनुरूप हो जिसमें श्रमिकों को सभी सुविधाएं एवं सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। उच्च शिक्षा में अनुसूचित जाति, जनजाति व अन्य पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना प्रक्रिया को सरल व सुलभ बनाये जाने, गरीब वंचित समाज के लिए जनपद मुख्यालयों पर डा.अम्बेडकर आवासीय विद्यालय खोले जाने। महाविद्यालय व छात्रावासों का निर्माण कराया जाने। देश में किसानों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति मजबूत करने के लिए कृषि उत्पाद की एमएसपी गारंटी कानून बना कर दिये जाने तथा ब्लाक स्तर पर कृषि उत्पादों के लिए क्रय विक्रय मंडी समितिध्बाजारों का निर्माण कराया जाने। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट लागू किये जाने। एससी, एसटी, ओबीसी एंड माइनॉरिटी को एकल पदों पर प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कराने के लिए प्रदेश को कैडर मानकर उच्च शिक्षा व अन्य विभागों में भर्ती किये जाने। प्रदेश व देश में त्रिस्तरीय आरक्षण व्यवस्था के तहत रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की जाने तथा प्रत्येक विभाग में चतुर्थ श्रेणी की भर्ती पर प्रतिबंध हटाकर स्थाई भर्ती अति शीघ्र किये जाने की मांग की गई।

# सपा नेता की रसूख के चलते बौना साबित हुआ शासन व प्रशासन

▸ ग्रामीणों ने लगाया लाखों रुपए हड़पने का आरोप, सीएम व उच्चाधिकारियों से की शिकायत, नही हुई कार्रवाई

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**


सपा नेता द्वारा कब्जा की गई जमीन पर रखा हॉट मिक्स प्लांट का समान व प्रदर्शन करते ग्रामीण

**समाजवादी** पार्टी के एक कद्दावर नेता पर ग्रामीणों ने अमानत में खयानत करने एवं लाखों रुपए हड़पने का आरोप लगाते हुये प्रदर्शन कर एक बार फिर कार्यवाही किये जानें की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेज कर कार्यवाही की मांग की लेकिन सुनवाई नही हुई।

बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तेरा जाकेट निवासीगण अवध बिहारी अवस्थी पुत्र जागेश्वर प्रसाद, सुमन देवी पत्नी अवध बिहारी, संजीव दुबे पुत्र रामविलास, रजनीकांत सूर्यकांत ललित कांत पुत्रगण सुरेश दत्त द्विवेदी एवं गौरव आदि ने वरिष्ठ सपा नेता/अखिलेश के बेहद करीबी जयकुमार तिवारी बउवन पर अमानत में खयानत करने का आरोप लगाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की तत्कालीन सरकार में 2015 में जयकुमार तिवारी ने उक्त लोगों से उनकी जमीन की किरायेदारी का एग्रीमेंट कराया था। जिसमें यह तय हुआ था की उक्त जमीन का किराया प्रति वर्ष एक लाख 51 हजार रुपए खेत मालिकों को देंगे। एग्रीमेंट के उपरांत एक वर्ष का किराया खेत मालिकों को दिया गया। खेत मालिकों ने कहा कि जयकुमार तिवारी की मीनाक्षी ट्रेडिंग कंपनी के नाम से फर्म है जिस नाम से वह ठेकेदारी करते हैं। उन्होंने उनके खेतों में हॉट मिक्स प्लांट की मशीनें व धर्मकांटा लगाकर कई वर्ष काम किया। उनपर करीब 35 लाख रुपए किराया बाकी है। जब उक्त गणों द्वारा किराए के पैसे की मांग की गई तो उन्हें सपा नेता द्वारा लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। सपा नेता के दुव्यवहार से नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। इससे पहले ग्रामीणों ने उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री सहित पुलिस महानिरीक्षक, जिलाधिकारी कन्नौज, थाना दिवस, तहसील दिवस, स्थानिय कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र लेकर न्याय की गुहार लगा चुके हैं। लेकिन कहीं भी उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री सहित जनपद के उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

# छिबरामऊ नगर में आधुनिक ई लाइब्रेरी का हुआ शुभारंभ

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**नगर** की गीता पुरम कॉलोनी में आर एस इंस्टीट्यूशन नाम से ई लाइब्रेरी का शुभारंभ हुआ। जिसका शुभ आरंभ छिबरामऊ की विधायिका अर्चना पांडे ने फीता काटकर शुभारंभ किया ई लाइब्रेरी के डायरेक्टर शुभम गुप्ता ने बुके देकर विधायिका जी का स्वागत सम्मान किया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे विवेक अग्निहोत्री जी, डॉ रजनीश दुबे जी, पुष्कर अग्निहोत्री जी, को मोमेंटो देकर सम्मानित किया इस अवसर पर विधायिका जीने कहा आज के आधुनिक युग में हमारे युवाओं को ई लाइब्रेरी के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने में बहुत ही सहूलियत होती है आर एस इंस्टीट्यूशन परिवार को डॉन शुभकामनाएं और आशीर्वाद देता हूं आपका संस्थान नित नई ऊंचाइयों को छुए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष आचार्य डॉ रजनीश दुबे ने कहा आज हमारे युवाओं को शांति प्रिय माहौल में यहां पढ़ने के लिए सारी सुविधाएं यहां उपलब्ध हुई हैं बहुत ही अच्छी बात है संस्थान परिवार को शुभकामनाएं मुख्य रूप से छोटू भैया, पुष्कर अग्निहोत्री शुभम गुप्ता कुलदीप यादव, बबलू दीक्षित, डॉ सनी मिश्रा, सचिन चंदेल, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## खेत पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में मारपीट, पांच घायल

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज़।** ठठिया थाना क्षेत्र के थरिहार गांव में खेत पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों से मारपीट में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए। जिनका उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। ठठिया थाना क्षेत्र के थरिहार गांव में मंगलवार को खेत पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। कहासुनी कुछ देर में मारपीट बदल गई। दोनों ओर से लाठी डंडा चलने लगे। मारपीट में एक पक्ष से प्रकाश चंद्र, शिवकुमार उनकी पत्नी शिवकुमारी व पुत्री घायल हो गई। दूसरे पक्ष से राम जी गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने सभी घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। दोनों पक्षों ने ठठिया थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। ठठिया थानाध्यक्ष अरुण कुमार चौधरी ने बताया कि मिले प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## रेलवे स्टेशन गए युवक को बाइक चोरी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** घर से रेलवे प्लेटफार्म पर गए युवक ने अपनी मोटरसाइकिल रेलवे स्टेशन परिसर के बाहर बने मंदिर के पास खड़ी कर दी।जब वह वापस लौटा तो उसे उसकी बाइक वहां नहीं दिखी। काफी देर खोजवींन करने के बाद जब उसे बाइक का पता नहीं लग सका। तो उसकी बहन ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला अफसरी निवासिनी रंजना देवी पुत्री रमेश बाबू ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि बीती 2 जुलाई को समय करीब 5=30 बजे उसका भाई शिवम कुमार उसकी मोटरसाइकिल लेकर रेलवे प्लेटफार्म पर गया था। जहां उसने बाइक को रेलवे रोड मंदिर के पास खड़ी कर दिया। वापस आने पर उसने देखा कि उसकी बाइक वहां पर नहीं है। काफी खोजने के बाद भी जब मोटरसाइकिल का सुराग नही लगा, तो मोटरसाइकिल स्वामिनी रंजना देवी ने कोतवाली पहुंचकर शिकायती पत्र दिया और कार्रवाई की मांग की है।

## युवक से मारपीट की दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते युवक के साथ तीन लोगों द्वारा अभ्रदता व मारपीट करनें सहित धमकी दिये जानें का मामला प्रकाश में आया है। पीडित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम मिश्रापुर निवासी जसवीर सिंह यादव पुत्र हाकिम सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमें में कहा गया है कि मंगलवार की सुवह ग्राम सदरपुर स्थित खेत पर कृषि कार्य कर रहा था। तभी सर्वेश उर्फ भिल्लू यादव, सोलू उर्फ अजेन्द्र, लालू उर्फ शिवेन्द्र आये और उसके साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्तगणों नें लाठी डण्डों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

## मार्ग दुर्घटना में छात्र की मौत

**छिबरामऊ कन्नौज।** समय करीब 10=00 दीपक पुर रोड डॉ जे के बर्मा के सामने वैभव ट्रेडर्स के टाल पर ट्रैक्टर ट्राली क्र7 4क्र8645 से सौरभ पुत्र बलवीर नायक उम्र करीब 8 वर्ष निवासी नायक नगर कस्बा व थाना छिबरामऊ का एक्सीडेंट हो गया है जिसके मौके पर मृत्यु हो गई शव को मोर्चरी सोसैया अस्पताल में रखा गया पंचनामा की कार्रवाई की जा रही है मृतक के पिता मजदूरी इलाहाबाद में करते हैं मृतक का एक भाई एक बहन है ट्रैक्टर और ट्रैक्टर ड्राइवर दोनों थाने पर मौजूद है लॉन ऑर्डर की कोई समस्या नहीं है समाचार लिखे जाने तक अभियोग दर्ज नहीं हो सका ट्रैक्टर व ड्राइवर पुलिस हिरासत में।

# गमगीन माहौल के बीच कर्बला में दफन हुए ताजिये

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**


जुलूस में शामिल समाजसेवी आसिफ जमाल उर्फपप्पी व अन्य

**मुस्लिम** धर्म के प्रमुख त्यौहार माहे मोहर्रम शरीफके मौके पर जहां एक ओर नगर में समाजसेवियों एवं समाज के लोगों द्वारा जगह-जगह ताजियों के साथ जुलूस निकाले गए। तो वही दूसरी ओर कई जगहों पर मजलिशों में जिक्र ए कर्बला हो रहा था। इस दौरान जगह जगह शर्बत व हलीम के लंगर लगाये गये।

बुधवार को मुस्लिम धर्म के गमों का इस्लामिक पर्व मोहर्रम यौमे आशूरा हजरत इमाम हुसैन की शहादत में पूरे गमगीन माहौल के साथ मनाया गया। आयोजक शकील फारूखी व लाल मियां सहित युवा समाजसेवी आसिफ जमाल खान पप्पी, समाजसेवी मुनीर कुरेशी की अगुवाई में अकीदतमंदों ने ताजियों के जुलूस को सादगी के साथ नगर के मोहल्ला पठान टोला से हजरत इमाम हुसैन आली मकाम का लश्कर उठ कर इमाम चौक, जीटी रोड से तिराहा होते हुए अफसरी मोहल्ला, आजाद नगर, चकोर रोड, मुजाहिद नगर, तिर्वा रोड से होते हुए क्रॉसिंग फाटक मुरादगंज से वापस होता हुआ तिराहा पर पहुंचा। इस दौरान जुलूस में मौजूद बुजुर्ग एवं नौजवानों सहित बच्चों नें अखाडे खेले। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे, निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह व पुलिस बल सहित आफताब, मुकीम खान, सलीम खान, मुन्ना मुल्ला जी, सूफी कमर, दिलशाद, उस्मान, चॉदमियां सहित तमाम अकीदतमंद मौजूद रहे।

# गमगीन माहौल में तिर्वा में निकले ताजिये

▸ रामलीला मैदान में अखाड़े बाजू ने दिखाएं करतब

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज़**

**हजरत इमाम** हुसैन की शहादत में बुधवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कस्बे में ताजिया जुलूस निकाला। सभी ताजियादार रामलीला मैदान में पहुँचे। देर शाम सभी ताजियादारो ने कार्वला में अपनी ताजियों को सुपुर्द खाक कर दिया। मोहर्रम के पर्व पर बुधवार की दोपहर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ताजिया जुलूस निकाला गया। इस दौरान शास्त्री नगर व अन्नपूर्णा नगर से सात ताजियादारों ने अपनी ताजियों को सजाकर जुलूस में शामिल किया। इसी प्रकार सुभाष नगर और आजाद नगर मोहल्ले से भी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने करीब 11 ताजियों को बनाकर इमाम हुसैन की शहादत में ताजिया जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इमाम हुसैन की शहादत को याद किया। जुलूस में भारी संख्या में आसपास के ग्रामीण अंचलों से भी मुस्लिम समुदाय के लोगो की भीड़ रही। जगह-जगह पर समाजसेवियों ने भीड़ में शामिल लोगों के लिए जलपान की व्यवस्था की। इसके बाद सभी ताजिया रामलीला मैदान में पहुँचे। यहां करीब दो घंटे तक आसपास क्षेत्र से आए अखाड़ेबाजो ने अपने कर्तव्य दिखाएं। देर शाम इसके बाद सभी ताजिया कर्बला के लिए रवाना हुए। जुलूस के दौरान जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, एसडीएम अशोक कुमार, सीओ तिर्वा डॉ प्रियंका वाजपेई समेत भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

# नम आंखों से अकीदतमंदों ने ताजियों का जुलूस निकाल किया सुपुर्दे खाक

**जालौन (उरई)।** मुहर्रम के पर्व पर नगर के समस्त 23 ताजियाधारकों ने एक से बढ़कर एक ताजिया बनाकर निकाले। इस दौरान अकीदतमंद या हसन, या हुसैन के गगनभेदी नारे लगाते हुए चल रहे थे। नम आंखों और गमगीन धार्मिक प्रवचनों और जगह जगह लंगरों के आयोजन के साथ देर शाम सभी ताजियों को सुपुर्द ए खाक किया गया। वहीं, प्रशासन की चाक, चौबंद व्यवस्था के चलते कहीं से कोई अप्रिय समाचार नहीं मिला। मुहर्रम के पर्व पर ताजियाधारकों ने अलम तथा छड़ों के बाद इमाम हसन व हुसैन के रोजे के प्रतीक ताजियों को नौ मोहर्रम की रात नगर के विभिन्न मार्गो होकर निकाला गया। जो सब्जी मंडी में सुबह तक रहे। इसके बाद सुबह चार बजे सभी ताजिए अपने अपने इमाम बाड़े चले गए। दस मोहर्रम को सबसे पहले तकिया मैदान से मंगू शाह, याकूब शाह, मजीद शाह, हफीज मुकेरी के ताजियों



को दोपहर में उठाया गया। तकिया मैदान से नत्थू यादव चौराहे होकर सब्जी मंडी, प्रेस वाली गली होते हुए झंडा चौराहा पर सभी 23 ताजिया एकत्रित हुए। जहां से लगभग 4 बजे उक्त सभी ताजिए औरैया रोड स्थित कर्बला मैदान के लिए रवाना हो गए। जहां ताजियों को सुपुर्द ए खाक किया गया। इनके साथ हिंदू भाई मिश्री लाल का भी ताजिया चल रहा था। इस दौरान ढोल नगाड़ों पर बज रही मातमी धुनों पर लोगों ने या हसन, या हुसैन के नारे लगाए। ताजिया धारक शमसाद न्यारिया, अफरोज शाह, अनवार अहमद, उस्मान, मुन्ना, आसिफ खान, शाहरूख खान, फैज नागपुरी, शहबाज बाबा, बाबू भाई, आकिब मिस्त्री, पप्पू यार गद्दार, अनवार खान, अब्दुल कय्यूम, वारिस आदि अपने ताजियों के अलावा व्यवस्था को बनाए रखने में भी सहयोग कर रहे थे। ताजिए निकलने के दौरान कहीं कोई अराजकता न हो साथ ही ऐसी किसी घटना से बचने के लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे।

# फीता काट कर किया गया ई-रिक्शा के शोरूम का उद्घाटन

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**रामाश्रम मलिकपुर** में प्रसून यादव के नवीन प्रतिष्ठान इलेक्ट्रानिक ई रिक्शा फ़ीता काट कर उदघाटन पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने किया

शुभ आरंभ के बाद मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सभी लोग लोकतंत्र पर विश्वास करें जनता का विश्वास 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाए लगातार घटना बढ़ रही है बीजेपी सरकार में लगातार अत्याचार गुंडागर्दी बढ़ रही है आप सभी लोग समाजवादी पार्टी का सहयोग करें जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी तो लगातार विकास की गंगा बह रही थी अबकी बार 2027 में जब समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी तब छिबरामऊ में पीजीआई की स्थापना करेंगे इस मौके पर अरविंद शुक्ला अंकुर सिंगड़ तस्लीम सिद्दीकी अमन खान राम शंकर यादव प्रधान नवीन सिद्दीकी तमाम लोग मौजूद रहे।

# इस्लाम जिन्दा होता है हर करबाला के बाद

**छिबरामऊ । समृद्धि न्यूज**




**नगर के** अलाबा ग्रामीण छेत्र के लोगों ने भी लंगर खाया ढ्ढ इस अबसर पर कमेटी के सदर मोहम्मद जाहिद चिश्ती ने बताया की हुसैन के काफिले में 72 लोग थे और यजीद के साथ बहुत बड़ा लस्कर था लेकिन हक़ और बातिल की लड़ाई में हुसैन और उनके साथियों ने इस्लाम को जिन्दा रखने की खातिर अपनी जान कुरवान कर दी लेकिन यजीद के हाथ में बैत नहीं की ढ्ढ करबाल की लड़ाई में हुसैन का घराना शहीद हो गया ढ्ढ और तह क़यामत इस्लाम को जिन्दा कर दिया इस लिए सायार कहता है की - खूने से चिराग दीन जलाया हुसैन ने, रस्मे बफा को खूब निभाया हुसैन ने, ऐसी नमाज़ कौन पढ़ेगा जहान में की, सजदा किया तो सर न उठाया हुसैन ने, करबाला की तारीख दुनिया में हमेशा याद रखी जाएगी क्यूंकि इस जंग में अच्छाई और बुराइ की ऐसी लड़ाई हुई की यजीद जिन्दा रहकर भी मर गया और हुसैन का इस्लाम आज भी जिन्दा है और उसके मानने बाले तह क़यामत तक रहेंगे - जुल्म चाहे मजीद हो जाये, बच्चा-बच्चा शहीद हो जाय, हम हुसैनी थे हुसैनी रहेंगे, चाहे दुनिया-ज़माना यजीद हो जाये। इस अवसर पर अकरम अंसारी, इजहार नूरी, शाहिद, एहशान, कासीब मंसूरी, फुरकान, सानू, जीशान, आसिब, गुलजार, अबूशाद, मोनिस, नसीम, जाहिद चिश्ती,नदीम, राजा, सैफ अली, असगर, गुड्डू, जुनैद, रियाज़ आदि लोग रहे।

# मोहर्रम की दसवीं तारीख बड़े एतराम के साथ निकाला गया जुलूस

▸ या हुसैन या अली के नारे लगते रहे

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**





**10वीं मोहरम** को ताजियोंजुलूस बड़ी एतराम के साथ कस्बे में निकल गया शाम को भी 10वीं मोहर्रम की ताजियों का जुलूस रात में बड़े एतराम से निकल गया जिसमें मोहल्ला ऊंचा से सबसे पहले ताजिया उठाया जाता है मोहल्ला ऊंचा से होते हुए लाहौरी टोला सैयद वाडा जेरकिला अस्पताल रोड होते हुए बजरिया में बाजार होते हुए जमा मस्जिद व कोतवाली के आगे बोधू शाह बाबा मजार सलामी लगाकर वापसी इस रोड से किए जाते हैं इस रोड से जुलूस जाता है उसके बाद शाम 5=00 बजे कर्बला शरीफ में दफना दिए जाते हैं 10वीं मोहर्रम के जुलूस में प्रशासन बड़ी मुस्तके के साथ लगाई जाती है जिसमें प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सिंह बैग कस्बा इंचार्ज मनोज कुमार द्विवेदी भारी पुलिस बल के साथ जुलूस में आगे आगे चल रहे थे में पुलिस क्षेत्राधिकारी ओंकारनाथ शर्मा का उप जिलाधिकारी आकर जुलूस का जायजा लिया इसी के साथ एल ई ओ ब एस एस ईसी यू केवी अधिकारी में जूझ रहे रहमानी फैमिली की तरफ से मोहर्रम की 10 तारीख को लेकर जुलूस में जाने वाले लोगों के लिए बड़े अच्छे इंतजाम पंडाल लगाकर किया गया दही बसर्वत केले छेनै लस्सी का भी इंतजाम किया गया आने जाने वाले जुलूस में ताजिया दारो को बड़ेतराम से लंगर को खिलाया गया रहमानी फैमिली फॉर्म की तरफ से जामा मस्जिद के सामने पंडाल लगाकर जरीनों को खिलाया पिलाया गया रहमानी फॉर्म की तरफ से हर साल की तरह इस साल भी बड़े अच्छे इंतजाम किया गया मोहर्रम की दसवीं तारीख को या हुसैन या अली के नारे गूंजते रहे हुसैन के काफिले में 72 लोग थे और जीत के साथ बहुत बड़ा लश्कर था लेकिन हक और बातिल की लड़ाई में हुसैन और उनके साथियों ने इस्लाम को जिंदा रखने की खातिर अपनी जान कुर्बान कर दी लेकिन अजीत के हाथ में वैद्य नहीं की कर्बला की लड़ाई में हुसैन का घराना शहीद हो गया और कयामत इस्लाम को जिंदा कर दिया इसलिए शेयर कहता है की पुणे से चिराग दिन जलाया हुसैन ने रस में वफ़ा को खूब निभाया हुसैन ने ऐसी नमाज कौन पड़ेगा जहां की सजदा किया तो कर ना उठाया हुसैन ने कर्बला की तारीख दुनिया में हमेशा याद रखें जाएगी क्योंकि इस जंग से अच्छाई और बुराई की ऐसी लड़ाई हुई है कि इजी जिंदा रहकर भी मर गया हुसैन का इस्लाम आज भी जिंदा है और उसके मानने वाले ते कयामत तक रहेंगे जुल्म चाहे मस्जिद हो जाए बच्चा-बच्चा शहीद हो जाए हम हुसैनी थे हुसैनी रहेंगे चाहे दुनिया जमाना अजीत हो जाए मगर हम सब हुसैनी हैं हुसैन ही रहेंगे इस मौके पर मोहम्मद अकरम मोहम्मद असलम कल मोहम्मद हाशिम अल्फाज वारसी आमिर वारसी अदनान अयान आदि आदि जुलूस में हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।





# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**ससुरालीजनों से** नाराज होकर महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सोना जानकीपुर निवासी मृतक सुमित्रा देवी पत्नी धीरज कुमार बुधवार शाम लगभग 5.00 बजे घर में अकेली थी, तभी प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सुमित्रा देवी ने अपने ससुर रामसेवक से बाजार से सौदा लाने के लिए कहा, तो ससुर रामसेवक बाजार सौदा लेने चले गए। घर पर महिला अकेली रह गई, तभी मौका पाकर वह कमरे में फांसी के फंदे पर झूल गयी। जब वह काफी देर तक बाहर नहीं निकली, तो पड़ोसियों ने उसके घर जाकर देखा, तो कमरा अंदर से बंद था। जंगले में झांककर देखा तो



मृतका का फाइल फोटो

मृतका फांसी के झूल रही थी, मौके पर परिजन पहुंच गये। परिजनों ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ता की। हलका इंचार्ज इंद्रजीत सिंह ने फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। फॉरेंसिक टीम ने भी मामले की जांच पड़ताल की। परिजनों के मुताबिक मृतका की शादी 8 वर्ष पूर्व हुई थी। मृतका जनपद मैनपुरी के थाना भवगांव के मोहल्ला भीम नगर निवासी भरत सिंह



गुमशुम बैठे मृतका के परिजन — समृद्धि न्यूज

की पुत्री थी। सूचना मिलने पर मृतका का भाई धर्मेंद्र पहुंच गया। जबकि मृतका का पति अपनी बहन सरोजिनी के लड़के की शादी में विचारपुर थाना कलान जनपद शाहजहांपुर गया था। रेशमा देवी पत्नी धीरज कुमार ने लोगों को बताया कि शव को परिजनों ने आनन-फानन में नीचे उतार लिया। जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। मृतका की शादी के बाद कोई बच्चा नहीं हुआ था। छोटा भाई भूपेंद्र भी घर पर नहीं था। घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर नहीं दी गयी है। मौके पर फॉरेंसिक टीम के हलका इंचार्ज इंद्रजीत सिंह, दरोगा हेमंत कुमार, कांस्टेबिल सौरभ शर्मा, महिला कांस्टेबिल देवकी आदि लोग मौके पर मौजूद रहे।

# टमाटर दिखा रहा लाल आँखें प्याज निकाल रहा आंसू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**टमाटर जहां** लाल आँखें दिखा रहा है, वहीं प्याज आंसू निकाल रहा है। बारिश के चलते सब्जी मंडी में सब्जियों के भाव आसमान छू रहे हैं। जिससे रसोई का बजट गड़बड़ा गया है। बारिश शुरु होते ही थोक एवं फुटकर बाजार में हरी सब्जियों के दामों में आयी तेजी ने गृहणियों का बजट बिगाड़ दिया है। करीब एक महीने पहले 15 से 20 रुपये बिकने वाला टमाटर आज 120 रुपये किलो बिक रहा है। वहीं ब्याज जो पहले 15 से 20 रुपये प्रतिकिलो में बिक रहा था, आज वह 40 रुपये प्रतिकिलो में बिक रहा है। वहीं आलू भी 40 रुपये प्रतिकिलो में बिक रहा है। इसके आलाव अन्य सब्जियां जैसे घुइया 60 से 70 रुपये किलो,



बाजार में बिक रहा टमाटर व प्याज — समृद्धि न्यूज

भिन्डी 60 रुपये प्रतिकिलो तथा लौकी 50 रुपये प्रतिकिलो के हिसाब से बिक रही है। सब्जियों के दामों में हुई बेहताशा वृद्धि से आम आदमी खासा परेशान है। उसका कहना है कि ऐसे में कैसे गुजारा किया जाये। वहीं दालों के भी दाम आसमान छू रहे हैं। वहीं सब्जी उगाने वाले किसानों का कहना है कि बरसात के समय सब्जियां टूट नहीं पाती हैं। जिसके चलते उनके दामों में वृद्धि देखने को मिल रही है।

# आबकारी निरीक्षकों ने पकड़ी 85 लीटर अवैध शराब



विदेशी मदिरा की दुकान पर जांच पड़ताल करते आबकारी निरीक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिला आबकारी** अधिकारी के पर्यवेक्षण में विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत बुधवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1, क्षेत्र-2 एवं क्षेत्र-3 मय स्टाफ द्वारा संदिग्ध ग्रामों एवं अड्डों पर दविश दी गई। दविश के दौरान लगभग 85 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर तीन लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किये गए। बताते चलें कि कच्ची शराब की



छिपी कच्ची शराब को खोजती पुलिस — समृद्धि न्यूज

बिक्री जनपद में खूब हो रही है। काफी प्रयास के बाद भी इस पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। नगर के रामलीला गड्ढी, लकूला गिहार बस्ती, नेकपुर चौरासी, महरुपुर सहूज सहित कई स्थानों पर कच्ची शराब की बनायी और बेची जाती है। बुधवार को यहां से पुलिस ने कच्ची शराब बरामद की। इसके बाद आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, ऑनलाइन पेमेंट, सीसीटीवी कैमरा का परीक्षण किया गया।

जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/ परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

# मानसिक मंदित महिला के साथ युवक ने किया दुष्कर्म

**मुकदमा दर्ज, आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा**

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** मानसिक मंदित महिला के साथ युवक ने झोपड़ी में ले जाकर दुष्कर्म किया। स्वजनों ने आरोपित को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पीड़ित की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने दी तहरीर में बताया की उसकी 32 वर्षीय साली का विवाह जनपद एटा के एक गांव निवासी युवक के साथ कुछ साल पूर्व हुआ था। मानसिक मंदित होने के कारण पति ने उन्हें घर से निकाल दिया। तब से वह उनके साथ रह रही है। मंगलवार देर रात गांव के ही एक युवक ने साली के साथ घर के पास पड़ी झोपडी में दुष्कर्म किया। महिला की चीख पुकार की आवाज सुनकर स्वजन मौके पर पहुंच गए। स्वजनों ने आरोपित को मौके से दबोच लिया। स्वजनों ने मामले की सूचना चौकी पुलिस को दी। चौकी इंचार्ज कपिल कुमार कुशवाह ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस आरोपित को हिरासत में लेकर थाने ले आयी। पीड़ित की तहरीर पर आरोपित नन्हेंलाल उर्फ सूंगा के खिलाफ मंगलवार देर रात दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया। हालांकि पुलिस आरोपित की गिरफ्तारी से इंकार कर रही है। बुधवार सुबह महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## खबरें चलते-चलते

### नशेड़ी ढाबा कर्मचारी ने काट लीं हाथ की नसें



लोहिया में भर्ती ढाबा कर्मचारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ढाबे पर काम करने वाले युवक ने नशे की हालत में अपने हाथ की नशें काट लीं। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार जनपद कासगंज के पटियाली चौक निवासी 23 वर्षीय अल्ताफ पुत्र आफताब मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गैसिंगपुर स्थित स्वाती ढाबा पर काम करता है। वह शराब पीने का आदी है। बुधवार दोपहर को उसने शराबी पी। इसके बाद उसने ब्लेड से अपने बाएं हाथ पर कई वार किए। जिससे उसके हाथ से खून की धार बहने लगी। घायल ढाबा कर्मचारी को गंभीर हालत में साथी कर्मचारी प्रदीप व आकाश ने लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। ईएमओ डा0 वैभव यादव ने बताया कि घायल के हाथ में एक दर्जन से अधिक टांके आये हैं। फिलहाल घटना का कारण नहीं पता चल सका है।

### महिला को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह छः वर्ष पूर्व हुआ था। पत्नी आए दिन झगड़ा कर घर चली जाती थी। सुलह समझौते के बाद फिर घर आकर रहने लगती। उसका एक चार वर्ष का पुत्र भी है। लगभग दो माह पूर्व सभी स्वजन खेत पर गए थे। उसी समय थाना मेरापुर के गांव कोकापुर निवासी अखिलेश कुमार घर आया और पत्नी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। साथ ही घर में रखे सोने चांदी के जेवर व पचास हजार रुपए की नगदी निकाल ले गए। पीड़ित ने थाने व एसपी को तहरीर दी। पुलिस ने पीड़ित को थाने से टरका दिया। इसके बाद पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

### पुलिस को लूट की झूठी सूचना देकर किया परेशान



घर से बरामद जेवरात देखती पुलिस

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** मारपीट की घटना को लूट बताकर पुलिस को शिकायत कर्ता ने छकाया। जाँच में मामला मारपीट का मिला। पुलिस ने जेवरात शिकायतकर्ता के घर से बरामद किये। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कुम्हरौर निवासी राधेश्याम पुत्र चोखेलाल अपनी पत्नी के लिए सर्राफा दुकान कस्बा राजपुर से 19,000/- के आभूषण लेकर आया था। उसने पुलिस को सूचना दी की उसके साथ दबंगों नें मारपीट कर लूट की घटना को अंजाम दिया। मारपीट में घायल पीड़ित को थाने लाया गया। पुलिस ने युवक को बेहोशी हालत में 108 एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भेजा। पीड़ित ने पुलिस को जेवरात लूट लेने की भी जानकारी दी। थाना पुलिस ने आरोपी की पत्नी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मौके पर जाकर जाँच की तो जेवरात घायल के घर से ही बरामद हुए। थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी ने बताया कि मारपीट हुई थी। लूट क घटना झूठी है।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी जल जीवन मिशन के तहत निर्मित पानी की टंकी

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज**

**विकास खंड** शमशाबाद में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत समसपुर भिखारी हसनापुर व ललौर राजपूताना जल जीवन मिशन के तहत नव निर्मित पानी की टंकी का निर्माण कार्य जो ग्राम पंचायत हसनपुर में शमसाबाद रोशनाबाद रोड से कुछ दूरी पर हुआ। जिसमें लाखों रुपए की लागत आई।



नवनिर्मित पानी की टकी

ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत हसनपुर में बनकर तैयार जल जीवन मिशन के तहत नव निर्मित पानी की टंकी जो तीन ग्राम पंचायतों को जोड़ती है। जिसमें कुछ दिन पहले कुछ पानी टंकी में भरकर चेक किया गया। पानी की टंकी से पानी टप टप कर नीचे टपकने लगा। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की टंकी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी। टंकी में घटिया निर्माम सामग्री का प्रयोग किया गया है। जो अभी से ही टपकने लगी है। ग्रामीणों ने निर्माण एजेंसी वी.टी.एल. गजा के खिलाफ जांच कराकर कार्यवाही करने की मांग की है। वहीं टंकी की लागत करीब 487.73 लाख रुपये आयी है।

# मोहर्रम के जुलूसों में पुलिस की रही चाक चौबंद व्यवस्था

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**पुलिस अधीक्षक** के नेतृत्व में जनपद में शांतिपूर्ण ढंग से मोहर्रम का त्योहार सम्पन्न हुआ। इस दौरान ताजियों के जुलूस के साथ बराबर पुलिस चलती रही और गतिविधि पर अपनी नजर बनाये रही।

जानकारी के अनुसार बुधवार को 10वीं मोहर्रम पर जगह-जगह से ताजिये उठाये गये। जिसमें शहर क्षेत्र से छोटा बंगशपुरा, अंगूरीबाग, लालगेट और मदारबाड़ी से चार मातमी ताजिए और अलम उठे। चौक पर पहुंचकर चारों ताजियों व आलम ने एक मातमी जुलूस का रूप ले लिया। जुलूस में सरकार के निर्देशों का असर देखने को मिला। खूनी मातम में चाकू, छुरियां, तलवार नहीं चलाए गए। जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से ड्रोन कैमरे से पुलिस ने निगरानी की। वहीं चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही। कुल मिलाकर जनपद में शांतिपूर्ण ढंग से मोहर्रम का त्योहार मनाया गया और देश में अमन चैन की दुआ की गयी।



बूरावाली गली में तैनात पुलिस — समृद्धि न्यूज

# गैंगरेप में दो सगे भाईयों सहित तीन पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नाबालिक के साथ गैंगरेप के मामले में पुलिस ने दो सगे भाईयों सहित तीन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के एक ग्राम निवासी 14 वर्षीय पीड़िता की माँ की तरफसे मुकदमा दर्ज कराया गया। जिसमें कहा कि उसकी नाबालिक पुत्री खेत में शौच के लिए दोपहर दो बजे गयी थी। उसी दौरान आरोपी सत्यवीर, बलवीर पुत्र जदुनाथ कुशवाहा, अंकित पुत्र मनोहर कुशवाहा ने उसे जबरदस्ती खींचकर गाँव में बने स्वास्थ्य केंद्र में ले गये। जहाँ आरोपियों नें गैंग रेप किया और उसको मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। जब काफी देर बाद उसकी तलाश की, तो वह स्वास्थ्य केंद्र के शौचालय में बंद मिली। मुकदमा की विवेचना सीओ सिटी प्रदीप कुमार को दी गयी है।

# या हुसैन की सदाओं के बीच अकीदत से मना मुहर्रम

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

**मुहर्रम की** दसवीं तारीख यौम-ए-आशूरा के दिन शहर में या हुसैन-या हुसैन की सदाएं गूंजती रहीं। हक और इंसानियत को बचाने के लिये अपनी जान कुर्बान करने वाले पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन सहित कर्बला के शहीदों का गम मनाने के लिये अकीदतमंद बेकरार दिख रहे थे। कमालगंज के युवाओं ने आपस में चंदा करके दसवीं मोहर्रम के मौके पर लंगर का आयोजन किया। कमालगंज आजाद नगर से ताजिया निकलकर कस्बे में पहुंचकर मिठाई वाली गली होते हुए कमालगंज थाने के पास जा पहुंचे। सभी ताजिए वहां से चलकर कर्बला के लिए रवाना हुए। पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत का प्रतीक मुहर्रम गमगीन माहौल में अकीदत के साथ मनाया गया। दसवीं का जुलूस निकालकर ताजिया को कर्बला में दफन किया गया।



ताजियों के साथ अकीदतमंद — समृद्धि न्यूज

### ताजियों में ढोल बजने को लेकर आपस में ही भिड़े

**कमालगंज।** मुस्लिम समुदाय के लोग ताजियों में ढोल बजने को लेकर आपस में ही भिड़ गए। जिसमें मारपीट भी हो गई। मारपीट के दौरान फोन कहीं गिर गया। दोनों पक्षों के युवाओं को वहां पर मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर शांत किया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक माहौल गर्म बना हुआ है। घटना की सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। पुलिस हर गतिविधि पर अपनी पैनी नजर बनाये हुए है।

# मातमी धुनों के बीच निकला ताजियों का जुलूस

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**10वीं** मोहर्रम पर मातमी धुनों के साथ कस्बे में ताजियों का जुलूस निकाला गया। इस दौरान शांति व्यवस्था हेतु पुलिस बल मौजूद रहा।



ताजियों का जुलूस निकालते अकीदतमंद

कस्बा नवाबगंज में बुधवार को मोहर्रम की 10वीं तारीख पर ताजियों का जुलूस निकाला गया। इस दौरान लोग या हुसैन या हुसैन की सदाओं के बीच जुलूस को कबरला लेकर पहुंचे। जहां पर ताजियों को सुपुर्द-एक-खाक किया गया। हालांकि इस पर शासन के निर्देशानुसार लोगों ने छुरी, चाकुओं, जंजीरों आदि से मातम नहीं किया। इस दौरान गंगा जमुनी तहजीब का दृश्य सार्थक हो उठा। वहीं थाना पुलिस की कार्यशैली से खुश होकर लोगों ने थाना पुलिस का सम्मान भी किया। कस्बा इंचार्ज मोहम्मद अकरम तथा इंस्पेक्टर अमोद कुमार पुलिस बल को साथ लेकर चल रहे थे। इस मौके पर ताजिया के संयोजक इकबाल मंसूरी, बबलू मंसूरी, बदल मंसूरी । निवासी नयागनीपुर तथा कस्बा के मस्जिद से उठाए जाने वाले ताजिया में इदरीश रिजवान भी अपने कमेटी के साथ रहे और लोगों ने अपने-अपने करतब दिखाएं। थाना पुलिस में दरोगा गिरीश चंद्र, दरोगा संतोष कुमार, दरोगा हेमंत कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर कामता सिंह तथा समस्त थाना पुलिस फोर्स मौजूद रहे।

# बीती शाम घर से गये युवक का रेलवे स्टेशन के निकट पड़ा मिला शव

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**बीती शाम** घर से गये युवक का शव शमशाबाद रेलवे स्टेशन से शुकरुल्लापुर के बीच पाया गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार रामप्रकाश पुत्र जगन्नाथ निवासी ग्राम साधौसराय थाना शमशाबाद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि मेरा पुत्र लक्ष्मीकांत दिनांक 16.07.2024 को समय करीब 6 बजे शाम घर में बिना बताये चला गया था। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई अता पता नहीं चला। 17.07.2024 को मोबाइल ग्रुपों को देखा, तो ग्रुपों के आधार पर मैंने अपने पुत्र लक्ष्मीकांत के रुप में शिनाख्त की। पता चला कि लक्ष्मीकांत का शव शमशाबाद रेलवे स्टेशन से शुकरुल्लापुर पाया गया। पीड़ित ने घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं पिता का कहना है कि उसके पुत्र की हत्या कर शव को रेलवे ट्रेक के किनारे फेंका गया है। पिता ने अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस — समृद्धि न्यूज



# योम-ए आशूरा पर ताजिया उठाकर किया मातम

- ताजिया मुख्य मार्ग होते हुए पहुंचे कर्बला, किया गया सुपुर्द-ए खाक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**योम ए** आशूरा (मुहर्रम की 10 तारीख) पर शहर में ताजिया नजर आये। हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए मनाए जाने वाले इस त्योहार पर अकीदतमंद लोगों ने रोजा रखा, लंगर बांटा, घरों और मस्जिदों में खास इबादत की।

योम-ए आशूरा पर शहर के विभिन्न हिस्सों से ताजियों का जुलूस निकाला गया। जुलूस धीरे-धीरे कर्बला की तरफ बढ़ता गया। जहां ताजिए, अलम सवारी विसर्जित करने की रस्म पूरी की गई। शहर में अनेक स्थानों पर इन जुलूसों का स्वागत भी किया गया। मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारियों आदि को सम्मानित भी किया गया। ठंडी सड़क मेहंदी बाग से ताजिया उठाये गये, जो भूरा वाली गली, घुमना, चौक, पक्कापुल, रकाबगंज होते हुए कर्बला पहुंचे। जहां सुपुर्द-ए खाक किया गया। हुसैन के शैदाई मातमी धुन के साथ हुसैन की शदायें बुलंद की।

आशूरा और मुहर्रम वस्तुतः अरबी शब्द से उद्धृत है। मुहर्रम का शाब्दिक का अर्थ है निषिद्ध। इस्लामिक परंपरा के अनुसार मुहर्रम का महीना इस्लामिक कैलेंडर के सबसे पाक महीनों में एक है। इस दरमियान युद्ध करना वर्जित होता है। आशूरा इस्लामिक कैलेंडर के पहले महीने



मोहर्रम पर ताजिया जुलूस में मातम करते शैदाई — समृद्धि न्यूज

मुहर्रम की 10वीं तिथि को मनाया जाता है। इस्लाम में आशूरा को स्मृति दिवस के रूप में देखा जाता है। कहा जाता है कि यजीद एक बहुत क्रूर शासक था। वह चाहता था कि और की तरह इमाम हुसैन भी उसके अनुसार कार्य करें, लेकिन यजीद का इमाम हुसैन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। एक दिन यजीद को पता चला कि इमाम हुसैन कर्बला में पहुंचे हैं, उसने कर्बला का पानी बंद करवा दिया, लेकिन इमाम हुसैन को इससे कोई फर्क नहीं पड़ा। वह इमाम के दबाव के आगे नहीं झुके। इसी बीच मुहर्रम की 10वीं तिथि यौम-ए-आशूरा को यजीद ने इमाम हुसैन और उनके साथियों पर आक्रमण करवा दिया। इमाम हुसैन ने अपने 72 साथियों के साथ यजीद की भारी-भरकम सेना का भरसक सामना किया, लेकिन संख्या में बहुत कम होने के कारण वे वीरता से लड़ते हुए शहीद हो गए। इसके बाद से हर साल यौम-ए-आशूरा पर मुस्लिम समुदाय मातम मनाता है। इस मौके पर मौलाना सदाकत हुसैन शैथली, आफताब हुसैन, अम्मार अली जैदी, मुन्तजिर हुसैन जैदी, सैय्यद मुशर्रत अली जैदी, परवेश हुसैन, मुनब्बर हुसैन, मुद्दसर काजमी, मोहसिन काजमी, कम्बर आब्दी, लियाकत हुसैन, नफीस हुसैन, जुगनू आदि लोग मौजूद रहे। कांग्रेस नेता अंकुर मिश्रा भी जुलूस में शामिल हुए।

### मातमी जुलूस में महिलाओं व बच्चों ने लिया भाग

**फर्रुखाबाद।** ताजिया के दौरान सुरक्षा के इंतजाम किये गये। मातमी जुलूस में महिलाओं व बच्चों ने भाग लिया और मौलाना ने बच्चों के माथे पर निशान लगाये। मातमी धुन के साथ ताजिया उठाकर जुलूस के पीछे-पीछे महिलायें भी चल रही थी। कर्बला पहुंचकर ताजियों को सुपुर्द-ए खाक किया गया और अमनो चैन की दुआ की गई।

# आयुष आपके द्वार शिविर में 126 लाभार्थियों का हुआ चिकित्सीय परीक्षण




स्वास्थ्य परीक्षण कराते बुजुर्ग — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**राजकीय** होमियोपैथिक चिकित्सालय कढ़हर द्वारा राष्ट्रीय आयुष मिशन के आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत कढ़हर कस्बे में बुजुर्ग जनमानस के स्वास्थ्य की उचित देखभाल हेतु एक वृद्धावस्था स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में (77 पुरुष एवं 49 महिला) कुल 126 लाभार्थियों की प्रभारी होमियोपैथिक चिकित्साधिकारी डा0 सुरेंद्र सिंह ने सघन चिकित्सा परीक्षण कर उन्हे होमियोपैथिक चिकत्सा उपलब्ध करवाई। सभी लाभार्थियों का रक्तचाप, हृदय गति एवम रक्त में ऑक्सीजन की जांच की गई। इस कैम्प में ज्यादातर बुजुर्गों को जोड़ों में दर्द, दमा, उक्त रक्तचाप, एलर्जी, पाचन संबंधी रोग, त्वचा रोग, प्रोस्टेट रोग, हृदय रोग, मोतियाबिंद, जुकाम, बुखार, खांसी इत्यादि से पीड़ित पाया गया। जिला होमियोपैथिक विभाग द्वारा आयोजित वृद्धावस्था शिविर में आस पास के कई गांवों के बुजुर्ग व्यक्तियों को उन्हे उनके घर के ही पास में बेहतर होमियोपैथिक चिकित्सा प्राप्त हो रही है। जिससे आयुष आपके द्वार मिशन की परिभाषा सच्चे रूप में चरितार्थ हो रहीं है।

## खबरें एक नजर में

### अवर अभियंता की देखरेख में जगम्मनपुर क्षेत्र में चला चेकिंग अभियान

**जगम्मनपुर (जालौन)।** बुधवार को जगम्मनपुर कस्बा सहित आसपास के गांवों में अवर अभियंता आलोक खरे की अगुवाई में वृहद स्तर पर चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें दर्जन भर से अधिक लाइनमैनों ने घर-घर कनेक्शनधारकों के आवासों में दस्तक देकर जहां मीटरों की चेकिंग बड़े स्तर पर की तो वहीं कटियाधारकों की भी खबर लेकर उन्हें चेतावनी दी गयी। विद्युत महकमे के जेई आलोक खरे के निर्देश कस्बा जगम्मनपुर के साथ समीपस्थ गांव कंजौसा, भिटौरा, बेनीपुरा, जायघा, मई सहित अनेकों गांवों में वृहद स्तर पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान चेकिंग टीम में शामिल लाइनमैन पुत्तन मिश्रा, करन सिंह, रविन्द्र कुमार, राहुल, गजेंद्र सिंह, सुनील, ओमकार, धीरेंद्र, कमल सिंह, ज्ञान सिंह, मोनू व मुनुआ आदि ने घर-घर लगे मीटरों की बड़े स्तर पर चेकिंग की इस दौरान जहां पर भी गड़बड़ी मिली उसे ठीक कराया गया साथ ही विद्युत चोरी करने वालों को चेतावनी दी कि वह विद्युत का उपभोग कनेक्शन लेने के बाद ही करें। सभी कनेक्शनधारक नियमित रूप से अपने बिलों को जमा करें ताकि उन्हें नियमित रूप से विद्युत आपूर्ति मिलती रहे। चेकिंग दौरान अवर अभियंता आलोक खरे ने सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि वह अपने बकाया बिलों को समय से जमा कर विभाग का सहयोग करें। इसके बाद भी यदि किसी तरह की कोई समस्या हो तो वह तत्काल मुझे व हमारे लाइनमैनों को अवगत करायें ताकि उसका समाधान समय से कराया जा सके। उन्होंने विद्युत की चोरी करने वालों को चेतावनी दी कि वह कनेक्शन लेने के बाद भी विद्युत का उपभोग करें यदि कनेक्शन लेने में किसी प्रकार की कोई परेशानी आये तो उन्हें बताये ताकि उनकी समस्या का निराकरण कराया जा सके।

### चोरी के इरादे से घूम रहे दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा

**जालौन (उरई)।** चोरी के इरादे से अलग अलग स्थानों पर घूम रहे दो युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ा है। ग्रामीणों ने पुलिस बुलाकर दोनों युवकों को पुलिस के सुपुर्द किया। वहीं, पुलिस युवकों से पूछतांछ कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दहगुवां में मंगलवार की रात एक युवक खेतों में घूम रहा था। ग्रामीणों को शक हुआ और उन्होंने देखा तो युवक गांव में स्थित एक नलकूप के पास रेकी कर रहा था। शक होने पर ग्रामीणों ने युवक को पकड़ लिया। उधर, कोतवाली क्षेत्र के ही ग्राम कुंवरपुरा में भी बाइक सवार दो युवक गांव के बाहर दो युवक चोरी के इरादे से घूम रहे थे। काफी देर तक उन्हें चक्कर लगाते हुए देखकर ग्रामीणों को शक हुआ और ग्रामीणों ने जब उन्हें रोका तो वह भागने लगे। जिसमें एक युवक मौके से भाग निकला जबकि दूसरे युवक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस को ग्रामीणों ने दोनों युवक सुपुर्द कर दिए। पुलिस दोनों युवकों को कोतवाली ले आई है। जहां उनसे पूछतांछ चल रही है।

### आलमपुर गौशाला में एसडीएम को गौवंशों के लिये गंदा पानी भरा मिला



**कालपी (जालौन)।** बुधवार को उप जिलाधिकारी ने आलमपुर स्थित गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें गौवंशों के लिए भरा गया पानी बेहद खराब मिला जिस पर उन्होंने नाराजगी प्रकट कर कार्यवाही के संकेत दिए हैं। शासन ने आवारा गौवंशों की देखभाल के लिए जगह जगह गौशालाए संचालित की है जहां पर उनके लिए खाने पीने के साथ अन्य व्यवस्थाएं भी की गई है। लेकिन इसके बावजूद गौशालाओं की व्यवस्था ठीक नहीं है जिसके उदाहरण समय समय पर आते रहते हैं। सूत्रों की माने तो शासन ने गौवंशों के खानपान के लिए 50 रुपये प्रतिदिन निर्धारित किया है लेकिन इसके बाबजूद गौशालाओं में उनकी सेहत ठीक नहीं है हालाकि शासन ने प्रशासनिक अधिकारियों को समय समय पर उनका निरीक्षण करने के निर्देश दिए है और इसी के चलते वुधवार को उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने मुहल्ला आलमपुर में नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित गौशाला कि निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें कुछ भी ठीक नहीं लगा। उनके अनुसार गौवंशों के पीने के लिए परिसर में बनी हौद में बेहद खराब पानी भरा है जिसके पीने से गौवंश बीमार हो जाते हैं तो गौवंशों के लिए उपलब्ध भूसे की भी गुणवत्ता ठीक नहीं लग रही थी। जिसके चलते उप जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद पालिका के संविदा कर्मचारी को फटकार लगाई और कहा कि गौशाला की व्यवस्था नही सुधरी तो कडी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान उन्होंने संचालकों को गुणवत्ता युक्त भोजन के निर्देश देते हुए कहा कि प्रतिदिन एक गौवंश के लिए 50 रूपये कम नहीं है और अगर इसका दुरुपयोग हुआ तो कार्यवाही की जाएगी।

# रामलीला मण्डल के लालजी टंडन फिर बने अध्यक्ष, मंत्री बड़े सक्सेना बनाये गये

- रामलीला गड्ढा की दुकानों को अतिक्रमण से कराया जायेगा मुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अग्रवाल धर्मशाला** में रामलीला मंडल की बैठक का आयोजन हुआ। सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे। सदस्यों ने सर्वसम्मति से फिर लालजी टंडन को अध्यक्ष चुना। मंत्री बड़े सक्सेना, कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल को बनाया गया। संरक्षक का दायित्व डा0 रजनी सरीन को दिया गया। बैठक में नए पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। नए अध्यक्ष ने कहा



बैठक के दौरान डा0 रजनी सरीन का स्वागत करती प्रीती तिवारी

कि सरस्वती भवन की रामलीला को और भव्य बनाने के लिए पूरी कोशिश की जाएगी। इसमें कमेटी के सभी सदस्यों और शहर के लोगों का पूरा सहयोग रहेगा। बैठक में सदस्यों ने कहा कि रामलीला गड्ढा में जो जमीन पर अतिक्रमण किया गया है उस पर कार्रवाई के लिए सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया जायेगा। साथ ही रेलवे रोड को सही कराने की मांग की गई। अतिक्रमण हटाने के बाद दो वर्ष से ज्यादा बीत चुके है। अभी तक नगर पालिका ने ध्यान नहीं दिया है। नाली व सड़क को दुरुस्त किया जाये। इस मौके पर राकेश सारस्वत, बृजकिशोर सिंह, सामजसेवी संजय गर्ग, सभासद धर्मेंद्र कनौजिया, प्रीति तिवारी, भइयन मिश्रा, अन्नू शुक्ला, विवेक मिश्रा, राहुल गुप्ता, बंटू गुप्ता, धीरेंद्र सारस्वत, धीरू सारस्वत, नारायन प्रसाद अग्रवाल, अरुण गुप्ता, चंद्रधर पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

## सरदार तोषित प्रीत सिंह बने फायर वर्कर्स डीलर्स एसो0 के मण्डल प्रभारी



सरदार तोषित प्रीत सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा नेता सरदार तोषित प्रीत सिंह फायर वर्कर्स डीलर्स एसोसिएशन के मण्डल प्रभारी बनाये गये है। संगठन द्वारा 17 मण्डल प्रभारी मनोनित किये गये है। जनपद के प्रमुख पटाखा व्यापारी सरदार तोषित प्रीत सिंह को प्रवक्ता राकेश कटारिया ने पत्र भेजकर जानकारी दी है। सरदार तोषित प्रीत सिंह ने बताया कि संगठन द्वारा मण्डल प्रभारी मनोनित किये गये है। जिसके तहत मण्डल प्रभारी का दायित्व मुझे सौंपा गया है। जिसे मैं पूरी निष्ठा के साथ निर्वाह्न करूंगा और पटाखा व्यापारियों की समस्याओं का हल कराने का प्रयास करूंगा। इससे पहले भी वह एसोसिएशन में पदाधिकारी रहे है। जनपद में सरदार तोषित प्रीत सिंह का पटाखे का थोक कारोबार है।

## अतुल शंकर दुबे बने सभासद एसो. के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**नगर पालिका** परिषद सुदामा नगर वार्ड के सभासद अतुल शंकर दुबे को सभासद एसोसिएशन का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनित किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज इन्सान ने अतुल शंकर दुबे को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रतापगढ़ के रहने वाले सभासद राकेश पटेल को प्रदेश अध्यक्ष नामित किया है। अतुल शंकर दुबे दूसरी बार सभासद बने है। उन्होंने बताया कि सभासदों के हित में कार्य किये जायेगें और मजबूती से आवाज उठायी जायेगी। संरक्षक की अनुमति लेकर संगठन को मजबूत किया जायेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज इन्सान ने मनोनयन पत्र भेजकर कार्यकारी



अतुल शंकर दुबे का स्वागत करते सभासद

अध्यक्ष मनोनित किया है। सभासद एसोसिएशन के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर सभासदों ने उनके निवास पर पहुंचकर फूल मालाओं से स्वागत किया और बधाई दी। शहर की समस्याओं को दुरुस्त कराने के लिए सभासदों की हित की लड़ाई लड़ेगें।

# दो साल बाद भी रेलवे रोड की दुर्दशा जहां की तहां पर

- डीएम के आदेश के बावजूद भी नगर पालिका ने नहीं लिया संज्ञान
- आक्रोशित व्यापारियों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



अतिक्रमण हटाने के बाद अधूरा पड़ा रेलवे रोड — समृद्धि न्यूज

**तहसील** व्यापार मण्डल के अध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल ने शहर की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में दर्शाया कि उद्योग बंधु की बैठक में जिलाधिकारी के निर्देश के बावजूद रेलवे रोड की दुर्दशा तथा जाम की समस्या से लोग जूझ रहे है। संबंधित अधिकारी रूचि नहीं ले रहे है। दो साल पूर्व चौक से रेलवे स्टेशन तक चौड़ीकरण के लिए अतिक्रम हटवाया गया था। नाला बनवाने का कार्य नगर पालिका दो साल में भी पूर्ण न कर सकी। दुकानदारों के साथ-साथ स्टेशन जाने वाले यात्रियों को भी जाम के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रेलवे रोड पर पाण्डेश्वर नाथ शिवालय है। इसी माह से सावन शुरु हो रहे है। रेलवे रोड की समस्या को लेकर भक्तों में भी नाराजगी है। ऐसे में लोग नगर पालिका व शासन को कोसते है। उद्योग बंधु की बैठक में व्यापारियों ने रेलवे रोड की समस्या उठायी थी। डीएम ने निर्देश भी दिये थे। अभी तक रेलवे रोड की व्यवस्था सही नहीं की गई है। ऐसे में लोगों में नाराजगी है। जिला महामंत्री प्रमोद गुप्ता ने भी कार्य न होने पर नगर पालिका के प्रति नाराजगी जतायी।

## मोहर्रम की दस तारीख को समाजसेवी यूसुफ अंसारी ने आयोजित किया विशाल लंगर

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**मोहर्रम की** दस तारीख को समाजसेवी एवं शिवपुरी में रोशनी स्टील फर्नीचर एवं रोशनी इलेक्ट्रॉनिक ग्रुप के सरफरोश यूसुफ अंसारी ने अपने आवास मोहल्ला शिवपुरी में विशाल लंगर का आयोजन किया। जिसमें हजारों की संख्या में महिला व पुरुषों ने पहुंच कर भरपेट लंगर छका। समाजसेवी यूसुफ अंसारी हर वर्ष मोहर्रम की दस तारीख को लंगर का आयोजन करते चले आ रहे। इससे पहले शहर के मुहल्ला सदनपुरी में हो रही मुस्लिम धर्मगुरुओं की तकरीर सुनने के लिए भीषण में जलसे को




सुनने के लिए आये हजारों लोगों को शीतल और शर्बत पिलाने का भी किया जिससे गर्मी लोगों को राहत मिली। इस मौके पर यामीन अंसारी, उमर अंसारी, तारीक अंसारी, आमिर अंसारी, जाबिद अंसारी, रिजवान, काजू, रियायत भाई, मुजीब, फिरोज, शफीक, रियाज अहमद, शानू अंसारी, इमरान, हाफिज शोएब अंसारी आदि का भी सहयोग रहा।

## बसपा की बैठक में संगठन को मजबूत करने पर दिया गया जोर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बहुजन समाज** पार्टी की बैठक चांदपुर स्थित अखिलेश भास्कर के आवास पर सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष आरडी बौद्ध के नेतृत्व में बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता फौजी ज्ञान सिंह ने की। विधानसभा सचिव अखिलेश भास्कर ने संगठन को मजबूत करने पर बल दिया व सेक्टर स्तर पर पदाधिकारी बनाकर लोग जोड़े जाये। पार्टी के कैडर के बारे में जानकारी दी गई।



बाबा साहब के चित्र पर पुष्प चढ़ाते जिलाध्यक्ष — समृद्धि न्यूज

आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पदाधिकारी गांव-गांव जाकर सेक्टर स्तर पर संगठन को मजबूत बनाये और बहन जी को पुनः मुख्यमंत्री बनाने के लिए काम करें। इस मौके पर राकेश अहिरवार, श्रीकृष्ण, जितेन्द्र फौजी, ग्रीश शंखवार, कमलेश आदि लोग मौजूद रहे।

## अब किसानों के साथ-साथ आम जनजीवन भी पर भी मौसम की मार

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**बीते कुछ** दिनों से मौसम ने जहां आम और खास सभी की दिक्कतें बढ़ा दी हैं तो वही अघोषित विद्युत कटौती भी अब लोगों के लिए संकट बन गई है बात किसानों की करें तो आसमान की ओर टकटकी लगाए यहां के किसान बारिश के लिए प्रार्थना तक करने लगे हैं। कुल मिलाकर मौसम ने आम जनजीवन के साथ-साथ किसानों की भी हालत चिंताजनक बना दी है। आषाढ़ का महीना लगभग समाप्ति की ओर है पर बारिश न होने के चलते मौसम की स्थितियां अभी भी भीषण गर्मी और उमस की बनी हुई है जिन किसानों ने खरीफ की फसलें मूंग और ज्वार, तिल आदि की बुवाई की है बारिश न होने के चलते उनकी उम्मीदों पर पानी फिरता जा रहा है तो वहीं जो किसान भाई धान की रुपाई करना चाहते थे वह भी बारिशन न होने से अधर में लटक गया। ज्यादातर किसान भाई नलकूपों से खेतों में पानी भरकर धान की रुपाई करते देखे जा रहे हैं। बात आम जनजीवन की करें तो बारिश के अभाव में अजीब तरह की गर्मी और उमस ने दो दिन से तो हालत यह करदी है कि दिन में कई- कई बार बिजली का आना-जाना और ऊपर से जिस्म में पसीने की चिपचिपाहट और अकुलाहट पैदा कर देने वाली गर्मी ने सभी को झकझोर दिया है। चिकित्सकों की माने तो यदि कुछ दिन और बारिश नहीं होती और मौसम नहीं बदलता तो डायरिया और बुखार के मरीजों की तादाद बढ़ सकती है। मौसम का आम और खास सभी पर लगभग एक जैसा प्रभाव पड़ता है हालांकि यह दीगर बात है कि गरीब और मध्यम वर्गीय लोग कुछ ज्यादा प्रभावित होते हैं इन दिनों मौसम की मार कुछ ऐसी ही सभी पर पड़ रही है आम जनजीवन की मुसीबत में तेजी से इजाफा हुआ है एक तरह से देखा जाए तो शायद ही कोई ऐसा होगा जो बीते कुछ दिनों से भीषण गर्मी और उमस से बेहाल न हो ऐसी स्थितियों में जब दिन के दोपहर के वक्त तेज धूप और उमस लोगों को बेहाल कर रही है तो एसे में अघोषित विद्युत कटौती लोगों की मुसीबत को और भी गंभीर बना देती है।

# तीन दोस्तों से साथ गये युवक का शव किले के कुयें से हुआ बरामद

**जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज**

- पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कुयें से बाहर निकलवाया
- फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल पर पहुंच साक्ष्य किये संकलित

**मंगलवार को** घर से युवक को बात करने के बहाने उसके तीन साथी अपने साथ ले गए थे। देर शाम तक जब युवक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने युवक की तलाश शुरू की। जिसमें युवक का शव गांव में गढ़ी पर बने किला के अंदर कुंए से बरामद हुआ। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और फोरेंसिक टीम को बुलाकर नमूने एकत्रित किए। पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरी राजा निवासी विशाल उर्फ भरत रजक (25) पुत्र देव प्रसाद मंगलवार की सुबह घर पर ही था। दोपहर में युवक नहाने के लिए जा रहा था। तभी उसके तीन साथी साथी धीरज पुत्र सुखराम बेलदार, मानसिंह पुत्र



मृतक विशाल उर्फभरत रजक की फाइल फोटो

मुनीम बाल्मीकि, रामवरन उर्फ मामू निवासी महोबा वहां आए और गांव में घूम आने के बहाने उसे अपने साथ ले गए। पिता देवप्रसाद ने पुलिस को बताया कि शाम तक जब उनका बेटा विशाल घर वापस नहीं लौटा तो उन्होंने उसकी तलाश शुरू कील। जब वह उनके साथियों के यहां गए और पूछतांछ की तो उन्होंने कुछ नहीं बताया जिसके बाद उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। जब उन्होंने शराब की दुकान पर पूछतांछ की तो पता चला कि युवकों ने वहां से शराब ली थी और गढ़ी की ओर गए थे। गढ़ी पर पहुंचकर जब उन्होंने वहां किले के अंदर कुंए में झांककर देखा तो विशाल का शव कुंए में पड़ा था। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाल वीरेंद्र पटेल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। शव को बाहर निकलवाकर फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए। ग्रामीणों के अनुसार युवक के गले में गमछा भी पड़ा था और विशाल अपने पिता का अकेला ही पुत्र था। पिता देव प्रसाद की तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाल वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस तीनों की तलाश कर रही है। शीघ्र ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। साथ ही पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# ड्रग्स विनियमन में वैश्विक नेता बनने के लिए विश्व स्तरीय नियामक ढांचे की आवश्यकता : जेपी नड्डा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने बुधवार को दवाओं, सौंदर्य प्रसाधनों और चिकित्सा उपकरणों के विनियमन की समीक्षा की। इस बैठक में जेपी नड्डा ने सभी अधिकारियों से कहा कि भारत दुनिया की फार्मेसी कहलाती है। इस वैश्विक प्रतिष्ठा को बनाए रखने और ड्रग्स विनियमन में वैश्विक नेता बनने के लिए विश्व स्तरीय नियामक ढांचे की आवश्यकता है।

वैश्विक मानकों को प्राप्त करने के लिए हमारा ध्यान केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और दवाओं एवं चिकित्सा उपकरण उद्योग के भीतर प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर है। नियामक निकाय और उद्योग दोनों भारत द्वारा निर्मित एवं बेचे जाने वाले उत्पादों के लिए वैश्विक गुणवत्ता मानकों को बनाए रखना जारी रखेंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कहा कि सरकार दवा निर्माण के लिए एमएसएमई क्षेत्र में उत्पादों की क्षमता और गुणवत्ता को समर्थन करने के साथ-साथ नियामक आवश्यकताओं के अनुपालन को प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित है। इसके साथ अपने कौशल को बढ़ाने के लिए राज्यों के साथ काम करना और उन्हें केंद्र सरकार के गुणवत्ता मानकों के साथ संरेखित करने के लिए प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि सीडीसीएसओ के लिए दवाओं और चिकित्सा उपकरण उद्योग के साथ निरंतर बातचीत करना महत्वपूर्ण है ताकि उनके मुद्दों को समझा जा सके और सीडीसीएसओ की गुणवत्ता अपेक्षाओं, मानकों को पूरा करने में उनका समर्थन किया जा सके। उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा, भारत के औषधि महानियंत्रक डॉ. राजीव सिंह रघुवंशी और केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### कांग्रेस के समय में भाई भतीजावाद व भ्रष्टाचार चरम सीमा पर था

**रोहतक।** पूर्व मंत्री एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कृष्णमूर्ति हुड्डा ने कांग्रेस द्वारा हरियाणा की जनता मांगे सरकार से हिसाब अभियान को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा से दस साल का हिसाब मांगने वाले पूर्व सीएम हुड्डा व उनके सांसद बेटे दीपेन्द्र हुड्डा को पहले कांग्रेस के दस साल का हिसाब जनता को देना चाहिए, क्योंकि सबकों पता है कि कांग्रेस ने हमेशा झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने दस साल में हर वर्ग के लिए अनेक योजनाएं लागू की और पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है, जबकि कांग्रेस के समय में भाई भतीजावाद व भ्रष्टाचार चरम सीमा पर था। भाजपा ने मैरिट के आधार पर युवाओं को नौकरी दी, जबकि कांग्रेस के समय पर्ची खर्ची का सिस्टम चलता था। हुड्डा ने कहा कि आज भाजपा सरकार की नीतियों से हर वर्ग पूरी तरह से खुश है। पूर्व मंत्री कृष्णमंत्री हुड्डा बुधवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने पूर्व सीएम हुड्डा के परिवार पर अपने ही पैतृक गांव में शामलात जमीन पर अवैध कब्जा कर करने का भी आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने कहा कि सबको पता है कि कांग्रेस के समय किस प्रकार से किसानों की जमीनों को कोडियों के भाव खरीद कर कारपोरेट घरानों को सौंपी गई। इतना ही नहीं फसल खराबा मुआवजे के नाम पर भी दो दो रूपये के चौक किसानों को वितरित किए गए, जबकि भाजपा की सरकार में किसानों को फसलों के उचित भाव के साथ किसान सम्मान निधि भी दी गई है।

### पंचकूला में स्कूल वैन पलटी, आठ बच्चे घायल

**चंडीगढ़।** पंचकूला में स्कूल वैन पलटने से आठ स्कूली छात्र घायल हो गए। घायलों को सेक्टर-छह तथा एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीन छात्रों की हालत नाजुक बनी हुई है। जिस स्कूल की वैन हादसे का शिकार हुई है वह स्कूल पंचकूला के मेयर का है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पंचकूला के भवन विद्यालय की वैन दोपहर में छुट्टी के बाद बच्चों को स्कूल से लेकर घर जा रही थी कि सेक्टर-25 के पास वैन अचानक बेकाबू हो गई। ड्राइवर ने वैन को कंट्रोल करने की काफी कोशिश की लेकिन वह आगे डिवाइडर से टकराकर पलट गई। वैन पलटते ही छोटे बच्चों में चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। इसके बाद घायल बच्चों को शीशे तोड़कर वैन से बाहर निकाला गया। सभी को तुरंत सेक्टर-6 नागरिक अस्पताल ले जाया गया। सूचना पाकर डीएसपी हिमाद्री कौशिक भी अस्पताल पहुंचीं।

# बैंकों की सभी शाखाओं में स्थायी सशस्त्र गार्ड रखने की उठी मांग




एजेंसी

**नई दिल्ली।** वॉयस ऑफ बैंकिंग के फाउंडर अश्वनी राणा ने वित्त मंत्रालय से देश के सभी बैंकों की शाखाओं में स्थायी सशस्त्र गार्ड (पर्मानेंट आर्म्ड गॉर्ड) की नियुक्ति अनिवार्य करने की मांग की है।

अश्वनी राणा ने बुधवार को 16 जुलाई, 2024 को इंदौर स्थित पंजाब नेशनल बैंक में दिन-दहाड़े डकैती की घटना का हवाला देते हुए यह मांग की है। उन्होंने कहा कि यह कोई नई घटना नहीं है। राणा ने कहा कि आए दिन किसी न किसी बैंक में डकैती की घटनाएं होती रहती हैं। इसकी एक वजह है कि बैंकों ने सिक्युरिटी गार्ड रखने बंद कर दिया है। राणा ने कहा कि बैंकों में जो गार्ड रखे जाते हैं, वो प्राइवेट एजेंसी द्वारा रखे जाते हैं। ये सिर्फ चौकीदारी का काम कर सकते हैं, क्योंकि इनके पास हथियार तो होता है, लेकिन सुरक्षा की समझ और मुस्तैदी कम होती है। उन्होंने बैंक प्रबंधन का हवाला देते हुए कहा कि बैंक में जो नगदी है उसका इंश्योरेंस होता है। लेकिन कर्मचारियों और ग्राहकों की सुरक्षा की चिंता कौन करेगा। ऐसे में वित्त मंत्रालय सभी बैंकों की शाखाओं में स्थायी सशस्त्र गार्ड को रखने की व्यवस्था अनिवार्य करे।

# महाराष्ट्र में ओबीसी-मराठा विवाद के लिए सत्तापक्ष के नेता जिम्मेदार : शरद पवार

एजेंसी

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने बुधवार को पुणे में कहा कि महाराष्ट्र में ओबीसी-मराठा विवाद के लिए सत्तापक्ष के नेता जिम्मेदार हैं।

उन्होंने कहा कि वे महाराष्ट्र में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने का प्रयास करेंगे।



शरद पवार पुणे में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मराठा नेता मनोज जारांगे की भूख हड़ताल खत्म करवाने खुद मुख्यमंत्री गए थे।

मुख्यमंत्री और मनोज जारांगे के बीच क्या बात हुई, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने मनोज जारांगे को क्या आश्वासन दिया, किस आधार पर दिया, इसकी भी जानकारी उन्हें नहीं है। इसी तरह जब ओबीसी नेता लक्ष्मण हाके भूख हड़ताल पर थे तो सरकार की ओर से प्रतिनिधिमंडल मौके पर गया था। प्रतिनिधिमंडल ने लक्ष्मण हाके से क्या बात की, क्या आश्वासन दिया, इसकी जानकारी हमें नहीं है।

### जो हुआ उसे छोड़ो, हमें रास्ता निकालना होगा : छगन भुजबल

शरद पवार ने कहा कि महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल उनसे मिले थे और ओबीसी-मराठा विवाद के बारे में चिंता व्यक्त की। छगन भुजबल ने कहा, जो हुआ उसे छोड़ो, हमें रास्ता निकालना होगा। नहीं तो महाराष्ट्र में विवाद बढ़ जाएंगे। स्पष्ट रूप से इन लोगों ने जो बयान दिए, वे विवाद को बढ़ावा देने के लिए थे। यदि कोई रास्ता निकालना है तो शासकों को समाधानकारी रुख अपनाना होगा। यह ज्ञात नहीं है कि शासकों ने इस स्थिति को किस हद तक अपनाया। ऐसा नहीं लग रहा था कि इन सबमें मुख्यमंत्री, भुजबल, फडणवीस, अजित पवार ही थे, जिन्होंने सरकार की ओर से चर्चा की। शरद पवार ने कहा कि इस संदर्भ में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। जानकारी मिलने के बाद वे इस संबंध में प्रयास करेंगे। शरद पवार ने कहा कि इसी वजह से वे आरक्षण को लेकर हुई सर्वदलीय बैठक में शामिल नहीं हुए।

### सीआईडी ने दिल्ली से साइबर ठग को किया गिरफ्तार

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने राज्य के 150-200 लोगों से लगभग 4-5 करोड़ रुपये की ठगी करने के मामले में साइबर ठगी के आरोपित को नई दिल्ली से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमित जायसवाल नई दिल्ली के विकासपुरी थाना क्षेत्र के शंकर गार्डन का रहने वाला है। इसके पास से तीन मोबाइल फोन, तीन सिम कार्ड और ब्लाकचैन वॉलेट ऐड्रेस (जिस पर निवेशकों द्वारा पैसा भेजा गया है) बरामद किया गया है। डीजी सीआईडी अनुराग गुप्ता ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सीआईडी के साईबर क्राईम थाना में नौ नवंबर, 2023 को मामला दर्ज कराया गया था। शिकायतकर्ता ने कहा था कि इनको प्रारंभिक काल में गोल्ड बॉन्ड के माध्यम से आरोपित शशि शंकर कुमार उर्फ विक्की के जरिये मौद्रिक लाभ पहुंचाया गया, जिससे वह आरोपित पर विश्वास करने लगे।

# आपराधिक न्याय प्रणाली में परिवर्तन लाने वाले हैं नए कानून : प्रो. सीपी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** टी.एस. मिश्रा विश्वविद्यालय के लॉ स्कूल द्वारा तीन नए आपराधिक कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, भारतीय न्याय संहिता, 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 पर आगामी 19-20 जुलाई को दो दिवसीय ऑनलाइन नेशनल वर्कशॉप का अयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं, अधिवक्ता एवं विधि व्यवसाय से जुड़े लोग बड़ी संख्या में प्रतिभा कर रहे हैं।

संकाय के अधिष्ठाता प्रोफ़ेसर (डॉ.) सी.पी. ने बताया कि ये नए कानून भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन करने वाले हैं, इनका उद्देश्य पीड़ित केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से न्याय के क्रियान्वयन पर विचार करना, राष्ट्रीय सुरक्षा पर अधिक ध्यान केंद्रित करना तथा डिजिटल/इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य समीक्षा शुरू कर पुराने औपनिवेशिक कानूनों को नया रूप देना और उन्हें बदलना है, ताकि उन्हें इन कानूनों की प्राथमिकता बनाया जा सके। इस नेशनल वर्कशॉप में प्रतिष्ठित वक्ताओं द्वारा उपरोक्त विषयों पर चर्चा एवं व्याख्यान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन तीन नए आपराधिक कानून पर और अधिक प्रकाश डालने एवं छात्रों के मध्य इस और ध्यान आकृष्ट कराने हेतु एक ऑनलाइन नेशनल क्विज का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश भर के विभिन्न विधि संस्थाओं के सत्तर से अधिक छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं, इस ऑनलाइन क्विज के विजेताओं को धनराशि एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

### टी.एस. मिश्रा लॉ स्कूल में होगा राष्ट्रीय कार्यशाला का अयोजन

# धीमी पड़ी चारधाम यात्रा, दो माह में भोले के दर पर पहुंचे रिकॉर्ड भक्त

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** मानसून की वजह से चारधाम में श्रद्धालुओं की संख्या अब बहुत कम हो चुकी है। मई और जून महीने में चारों धामों में यात्रियों की संख्या हर रोज 50 हजार पार पहुंच रही थी, जो मानसून सीजन में घटकर मात्र 5-7 हजार के करीब रह गई है। एक जुलाई से प्रदेश में लगातार मानसून की बारिश जारी है। इससे श्रद्धालु मानसून सीजन में चारधाम यात्रा करने से बच रहे हैं।

मानसून की वजह से उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा की गति धीमी पड़ने लगी है। चारधाम यात्रा के प्रवेश द्वार ऋषिकेश में तीर्थयात्री कम नजर आ रहे हैं। वहीं धामों में भी प्रतिदिन दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या में कमी आई है। इस वर्ष 10 मई को केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ चारधाम यात्रा शुरू हुई थी। पिछले लगभग दो माह में अब तक 30 लाख 71 हजार 587 तीर्थयात्री धामों के दर्शन कर चुके हैं। मई और



जून माह में चारधाम यात्रा चरम पर थी। उस समय चारधामों में प्रतिदिन 40-60 हजार तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए। जुलाई माह में यह संख्या 10 हजार से भी नीचे आ पहुंची। जुलाई के प्रथम सप्ताह में मानसून के दस्तक देने के बाद चारधाम यात्रा में भारी कमी आई है। चारधाम यात्रा के प्रवेश द्वार ऋषिकेश में यात्रा शुरू होते ही खासी चहल-पहल हो गई थी। अब सितम्बर के दूसरे सप्ताह से तीर्थयात्रियों के बढ़ने के आसार हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से समूचे गढ़वाल क्षेत्र में लगातार वर्षा हो रही है। बरसात के दिनों में चारधाम यात्रा स्वतः ही धीमी पड़ जाती है। अब मानसून में आने वाले दिनों में चारधाम यात्रा कुछ धीमी ही रहेगी।

### नेपाल के प्रधानमंत्री ओली संसद में पेश करेंगे विश्वास मत का प्रस्ताव

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा में रविवार को विश्वास मत का प्रस्ताव पेश करेंगे। नेपाल के संविधान में प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के 30 दिनों के अंदर विश्वास का मत हासिल करने का प्रावधान है। प्रधानमंत्री सचिवालय की तरफ से संसद सचिवालय को भेजे गए पत्र में रविवार (21 जुलाई) को विश्वास मत का प्रस्ताव पेश करने की जानकारी दी गई है।

सीपीएन (यूएमएल) के प्रमुख सचेतक महेश बतौला ने बताया कि मंगलवार को ही संसद सचिवालय में मौखिक जानकारी दी गई थी। बुधवार को लिखित पत्र भी भेज दिया गया है। नेपाली कांग्रेस के समर्थन से प्रधानमंत्री बने सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली को दो तिहाई सांसदों का समर्थन है। 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में बहुमत के लिए 138 सांसदों का समर्थन चाहिए। प्रतिनिधि सभा में सीपीएन (यूएमएल) के 78 और नेपाली कांग्रेस के 89 सदस्य हैं।

# गुजरात सीएम से मिला जापान का प्रतिनिधिमंडल

एजेंसी

**गांधीनगर।** जापान के शिजुओका प्रिफेक्चर (प्रांत) के 18 सदस्यीय शिष्टमंडल ने बुधवार को गांधीनगर में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने गुजरात के साथ वाणिज्यिक संबंध बढ़ाने, शिक्षा, शोध, पर्यटन और सांस्कृतिक संबंधों को सौहार्दपूर्ण तरीके से आगे बढ़ाने की उत्सुकता दिखाई।

जापान की शिजुओका प्रांतीय असेंबली के सदस्य और वहां की असेंबली के इंडिया-जापान फ्रेंडशिप पार्लियामेंट लीग के महासचिव आत्सुयुकी राची के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल इस समय गुजरात के दौरे पर है। आज यह प्रतिनिधिमंडल गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल से मिला। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के साथ इस शिष्टाचार मुलाकात बैठक में उन्होंने गुजरात के साथ वाणिज्यिक संबंधों के अलावा पीपल टू पीपल कनेक्ट, शिक्षा, शोध, पर्यटन और सांस्कृतिक संबंधों के सेतु को दीर्घकाल तक सौहार्दपूर्ण तरीके से आगे बढ़ाने की उत्सुकता दिखाई।



उन्होंने बताया कि जापान में 'मेक इन जापान' उद्योगों के अंतर्गत शिजुओका प्रांत का चौथा महत्वपूर्ण स्थान है। इतना ही नहीं, शिजुओका प्रांत में सुजुकी, यामाहा, होंडा और टोयोटा जैसे ऑटोमोबाइल उद्योगों का विशेष महत्व है।

मुख्यमंत्री पटेल ने शिष्टमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत-जापान के संबंध एक विश्वसनीय मित्र देश के रूप में आगे बढ़े हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि गुजरात इन द्विपक्षीय संबंधों को और भी आगे ले जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह 'मेड इन जापान' की विश्वसनीयता है, उसी तरह 'जीरो डिफेक्ट-जीरो इफेक्ट' मंत्र के साथ 'मेक इन इंडिया' भी पर्यावरण अनुकूल और विश्वस्तरीय उत्पादों के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने गुजरात में संचालित जापानी उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने की मंशा व्यक्त करते हुए कहा कि उद्योगों को किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े और भारत-जापान द्विपक्षीय संबंध निरंतर आगे बढ़ते रहें, इसके लिए सरकार का दृष्टिकोण सक्रिय है।

मुख्यमंत्री पटेल ने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में बतौर पार्टनर कंट्री जापान के योगदान एवं सहयोग की भी सराहना की। जापान के प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख आत्सुयुकी राची ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को जापान और उनके प्रांत आने का भावपूर्ण निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ महीनों में उनके प्रांत के गवर्नर भी भारत और गुजरात के दौरे पर आने को उत्सुक हैं।

# मूल निवासियों को अल्पसंख्यक बनाने का चल रहा खेल

एजेंसी

**रांची।** केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री और झारखंड के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को झारखंड के हटिया विधानसभा क्षेत्र में अभिनंदन सह-विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन नेताओं के स्वागत का नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के सम्मान का दिन है। भाजपा के कार्यकर्ता नींव के पत्थर हैं। कार्यकर्ताओं से ही पार्टी को मजबूती मिलती है। आने वाले विधानसभा चुनाव में बेईमानों की सरकार को उखाड़ कर फेंकना है और झारखंड को बचाना है।

शिवराज ने कहा कि कार्यकर्ता बहनों और भाइयों, लोकसभा चुनाव की इस विजय के बाद झारखंड के विधानसभा चुनाव में महाविजय का संकल्प लेना है। संकल्प विजय का नहीं महाविजय का और यह जरूरी है। जरूरी इसलिए है कि झारखंड को बचाना है। जनता को तबाही से बचाना है। विजय इसलिए भी जरूरी है कि सरकार में विदेशी घुसपैठिए अवैध घुसपैठ कर रहे हैं और ये सरकार यदि दोबारा आ गयी तो ये मान लेना कि यहां के मूलनिवासी अल्पसंख्यक हो जायेंगे। सोरेन सरकार में योजनाबद्ध तरीके से मूलनिवासियों को अल्पसंख्यक बनाए जाने का खेल चल रहा है। हम वोटों के लालच में झारखंड की अस्मिता के साथ खिलवाड़ नहीं होने दे सकते हैं और खतरा सामने खड़ा है। बचाना है झारखंड को। बचाना है हमारी संस्कृति को। बचाना है हमारे जीवन मूल्यों को। बचाना है हमारी परंपराओं को और इसलिए झारखंड में अब कोई सरकार आएगी तो वह केवल भाजपा की सरकार आएगी। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां करोड़ों रुपये भेजे, जिससे घर-घर पीने का पानी, नल के पाइप से मिल जाए लेकिन झारखंड के बहनों-भाइयों में आपसे पूछना चाहता हूं बताओ आपको पाइप लाइन डालकर नल से पानी मिला क्या..? हेमंत सोरेन की सरकार वाले पानी का पैसा भी पी गए। चौहान ने कहा, हमने सुना है कि कुंभकरण छह महीने सोता था और छह महीने जगता था और जब जागता था तो सिर्फ खाते ही रहता था।




### झारखंड में अपराध चरम सीमा पर

चौहान ने हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सोरेन सरकार ने झारखंड में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा कर दी है। प्रदेश में भ्रष्टाचार की नित्य नयी परिभाषा गढ़ी जा रही है। राज्य में घोटालों और भ्रष्टाचार से जनता त्राहिमाम कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में अपराध भी चरम सीमा पर है। उन्होंने एनसीआरबी के आंकड़ों का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले साढ़े चार साल में 7 हजार 812 हत्याएं हुईं। इनकी सरकार में 7 हजार 115 बलात्कार हुए। शिवराज ने कहा कि झारखंड की धरती पर 6 हजार 937 अपहरण हुए। दंगे 8 हजार 592 हुए। लूट 2 हजार 721 हुईं। डकैती 485 हुई और संज्ञेय अपराध 2 लाख 73 हजार 261 हुए। रुबिका जैसी बिटिया के टुकड़े टुकड़े करके और एक नहीं 50... 50 टुकड़े कर फेंकने का काम इस सरकार में अपराधी करते हैं। इस सरकार को शर्म आनी चाहिए, जो बहनों और बेटियों की इज्जत नहीं बचा सकती।

# आईटीआर दाखिल कर रिफंड का इंतजार कर रहे लोग रहें सचेत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल कर अपने रिफंड का इंतजार कर रहे लोगों के साथ होने वाली धोखाधड़ी को लेकर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने आगाह किया है।

आयकर विभाग ने बुधवार को एक्स पोस्ट पर एक बयान में करदाताओं को नकली पॉप-अप संदेशों के झांसे में नहीं आने की सलाह दी है। साइबर ठगों ने अब करदाताओं के बैंक अकाउंट से पैसा उड़ाने के लिए आयकर रिफंड को अपना हथियार बनाया है। इन ठगों ने फेक मैसेज भेजकर उनके बैंक खाते में सेंध लगाने का प्रयास किया है। देशभर से रिफंड धोखाधड़ी के कई मामले सामने आने के बाद आयकर विभाग ने करदाताओं को एडवाइजरी जारी की है। विभाग के मुताबिक अगर आपने आईटीआर दाखिल किया है और रिफंड का इंतजार कर रहे हैं तो आपको थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है। साइबर ठग




आजकल जो मैसेज भेज रहे हैं, उनमें लिखा है, आपके नाम पर 15000 रुपये का आयकर रिफंड अप्रूव हुआ है। अमाउंट आपके अकाउंट में जल्द ही क्रेडिट हो जाएगा। आप अपना अकाउंट नंबर वेरिफाई करिए, अगर ये सही नहीं है तो नीचे दिए गए लिंक पर जाकर अपनी बैंक अकाउंट की डीटेल अपडेट कर लें। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने इस तरह के मैसेज पर आयकरदाताओं से कोई भी प्रतिक्रिया न देने को कहा है। आयकर विभाग के मुताबिक यह लिंक आयकरदाताओं को एक फर्जी वेबसाइट पर ले जाता है, जब वह वहां अकाउंट अपडेट करता है तो उसके पास एक ओटीपी भेजा जाता है।

## खबरें एक नजर में

### 3,700 तीर्थयात्रियों का 20वां जत्था कश्मीर घाटी रवाना

**जम्मू।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बुधवार को अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए 3,700 तीर्थयात्रियों का नया जत्था जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से कश्मीर घाटी की ओर रवाना हुआ। भगवती नगर आधार शिविर से सीआरपीएफ की सुरक्षा में 127 वाहनों में सवार होकर तीर्थयात्रियों का 20वां जत्था सुबह 3:05 बजे रवाना हुआ। इस जत्थे में 2,734 पुरुष, 952 महिलाएं और नौ बच्चे शामिल हैं। 2,305 तीर्थयात्रियों ने पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे पहलगाम मार्ग को चुना जबकि 1,435 ने छोटे लेकिन अधिक कठिन 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग को चुना। 52 दिवसीय यात्रा 29 जून को कश्मीर के बालटाल और पहलगाम बेस कैंप से औपचारिक रूप से शुरू हुई थी। यह 19 अगस्त को समाप्त होगी। अधिकारियों ने बताया कि 3.40 लाख से अधिक तीर्थयात्री पहले ही मंदिर में मत्था टेक चुके हैं। उधर, डोडा जिले के देसा इलाके में घात लगाकर किए गए हमले में चार सुरक्षाकर्मियों के बलिदान और हाल की आतंकी घटनाओं के बाद बेस कैंपों और यात्रा मार्ग पर सुरक्षा कड़ी की गई है। यात्रा को सुचारू रूप से चलाने के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा, क्षेत्र प्रभुत्व, मार्ग तैनाती और चौकियों सहित व्यापक व्यवस्थाएं लागू की गई हैं।

### महासागर अनुसंधान पोत के निर्माण के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर

**कोलकाता।** रक्षा पीएसयू गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) ने राष्ट्रीय ध्रुव और महासागर अनुसंधान केंद्र (एनसीपीओआर) के साथ एक महासागर अनुसंधान पोत के निर्माण के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। यह जानकारी एक अधिकारी ने बुधवार को दी। यह अनुबंध लगभग 840 करोड़ रुपये का है और जीआरएसई और एनसीपीओआर के अधिकारियों के बीच गोवा में मंगलवार को इस पर हस्ताक्षर किए गए। यह पोत 42 महीनों के भीतर निर्मित होगा। शिपयार्ड ने स्टॉक एक्सचेंजों को इस बारे में सूचित किया है। कोलकाता मुख्यालय वाले युद्धपोत निर्माता ने कहा कि उसके पास सर्वेक्षण पोतों के क्षेत्र में आवश्यक विशेषज्ञता है और वह पिछले चार दशकों से भारतीय नौसेना के लिए इन्हें बना रहा है। दिसंबर, 2023 में जीआरएसई ने देश में निर्मित सबसे बड़ा सर्वेक्षण पोत आईएनएस संध्यक भारतीय नौसेना को सौंपा था। इस श्रेणी के तीन और पोत विभिन्न चरणों में निर्माणाधीन हैं। यह अनुभव जीआरएसई को एनसीपीओआर के लिए महासागर अनुसंधान पोत डिजाइन और निर्माण में अच्छी स्थिति में रखेगा।

### पेरिस ओलंपिक 2024 में 117 भारतीय एथलीट लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक खेलों में कुल 117 भारतीय एथलीट (सात रिजर्व सहित) हिस्सा लेंगे। इस दल में एथलेटिक्स से 29 सदस्य (11 महिलाएं और 18 पुरुष) शामिल हैं, इसके बाद शूटिंग (21) और हॉकी (19) हैं। टेबल टेनिस में आठ खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जबकि बैडमिंटन (7) में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधु सहित सात प्रतियोगी हिस्सा लेंगे। कुश्ती (6), तीरंदाजी (6) और मुक्केबाजी (6) में छह-छह प्रतिनिधि होंगे। इसके बाद गोल्फ में 4, टेनिस में तीन, तैराकी और नौकायन में 2-2, और घुड़सवारी, जूडो, रोइंग और भारोत्तोलन में एक-एक एथलीट होंगे। सहायक कर्मियों में 140 व्यक्ति शामिल हैं, जिनमें कोच, फिजियोथेरेपिस्ट, मनोवैज्ञानिक, मालिश करने वाले, शक्ति और स्थिति विशेषज्ञ और टीम अधिकारी शामिल हैं।

### सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति समर्पित है कजारिया सेरामिक्स

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारत की अग्रणी टाइल कंपनी, कजारिया सेरामिक्स लिमिटेड, अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सदैव सजग रही है, सीएसआर इनिशिएटिव के अन्तर्गत, कजारिया सेरामिक्स लिमिटेड ने बजरंग विहार, कुर्सी रोड स्थित श्री संत प्रसाद श्यामा देवी स्मारक शिक्षण एवं सेवा संस्थान, ग्लोबल गार्डन में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को टाइल इंस्टालेशन के आधुनिक हुनर से परिचित कराना था, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। कार्यक्रम में कजारिया सेरामिक्स लिमिटेड के कस्टमर एक्सपीरियंस मैनेजर, देवरंजन तिवारी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। श्री तिवारी ने कहा, कजारिया सेरामिक्स लिमिटेड केवल सुंदर सतहों का निर्माण करने में ही विश्वास नहीं रखती, बल्कि भविष्य के निर्माण के लिए भी प्रतिबद्ध है, हमारा लक्ष्य युवाओं को इस प्रकार से प्रशिक्षित करना है कि वे अपनी कार्यकुशलता को विकसित कर सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम नोएडा में आयोजित पहले कार्यक्रम के बाद लखनऊ में आयोजित दूसरा कार्यक्रम था।

### टी-20 श्रृंखला में सूर्यकुमार कर सकते हैं भारत की कप्तानी

**नई दिल्ली।** आगामी श्रीलंका दौरे के लिए सूर्यकुमार यादव को टीम के मौजूदा उप-कप्तान हार्दिक पांड्या की जगह भारत का नया टी20 कप्तान नियुक्त किया जाना तय है। सूर्यकुमार रोहित शर्मा की जगह लेंगे, जिन्होंने पिछले महीने कैरेबियाई सरजमीं पर टी20 विश्व कप जीतने के बाद विराट कोहली और रवींद्र जडेजा के साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया था। हालांकि हार्दिक टी-20 विश्व कप में रोहित के उप कप्तान थे और अधिक अनुभवी कप्तान हैं - उन्होंने आईपीएल में गुजरात टाइटन्स और मुंबई इंडियंस का नेतृत्व करने के अलावा तीन वनडे और 16 टी-20 मैचों में भारत का नेतृत्व किया है। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार फिटनेस संबंधी चिंताओं और कार्यभार प्रबंधन हार्दिक को कप्तान न बनाए जाने के पीछे का मुख्य कारण है। हार्दिक को पिछले अक्टूबर-नवंबर में घरेलू मैदान पर 50 ओवर के विश्व कप के दौरान टखने में चोट लग गई थी और वे आईपीएल 2024 की शुरुआत तक मैदान से बाहर थे, इसके बाद वे मुंबई की कप्तानी करने के लिए वापस लौटे। वे केवल टी20 विश्व कप में राष्ट्रीय टीम के लिए लौटे।

### हार के डर से कांग्रेस ने टुकड़ों में कराए पंचायत चुनाव

**सीकर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने हार की डर से राजस्थान में टुकड़ों में पंचायत चुनाव कराए, लेकिन इसके बाद भी प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह से नकारा। केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस द्वारा भाजपा सरकार पर प्रदेश में जानबूझकर पंचायत चुनाव नहीं कराने के आरोपों पर मीडिया से रू-ब-रू होते हुए ये बातें कहीं। बुधवार को सीकर में केंद्रीय मंत्री ने कहा, देश में अलग-अलग समय में होने वाले चुनावों के मद्देनजर लगने वाली आचार संहिता की वजह से विकास कार्यों में बाधा आती है। लिहाजा, भाजपा देश में एक साथ चुनाव कराने के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रही है, क्योंकि हमें अपने नेतृत्व, कार्यकर्ताओं और अपनी कार्यशैली पर पूर्ण विश्वास है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, प्रदेश के 35 साल के लोकतांत्रिक इतिहास में यह पहली बार ऐसा हुआ कि कांग्रेस खुद सत्ता में रहने के बाद भी कई जिलों में अपने अध्यक्ष तक नहीं बना पाई।

### मुठभेड़ में महाराष्ट्र पुलिस सी-60 के उप निरीक्षक को लगी गोली

**कांकेर।** जिले के थाना बांदे के पड़ोसी राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र में जिला गढ़चिरौली के थाना झारावंडी क्षेत्रांतर्गत छिंदभट्टी व पीव्ही 82 के मध्य जंगल में आज बुधवार दोपहर 2 बजे से सी-60 महाराष्ट्र पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में महाराष्ट्र पुलिस सी-60 के उप निरीक्षक सतीश पाटिल को बांये कंधे में गोली लगी है, मुठभेड़ में घायल उप निरीक्षक सतीश पाटील को प्राथमिक उपचार के बाद कांकेर जिले के थाना बांदे से हेलीकॉप्टर से उपचार के लिए आज शाम 4 बजे गढ़चिरौली रवाना किया गया है।